RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 301
नई दिल्ली, रविवार, 11 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर


www.dailypioneer.com




कोहली कौशल के मामले में मुझसे बेहतरः गांगुली


स्पोर्ट्स-12


# शोध व नवाचार का वैश्विक केंद्र बनेगा भारत : मोदी

- प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में किया पहले केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन
- सम्मेलन में नहीं पहुंचे बिहार व झारखंड, केंद्र के साथ मतभेदों की खाई हुई गहरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**केंद्र** और विपक्ष शासित राज्यों के बीच मतभेदों की खाई गहरी होती जा रही है। इसका स्पष्ट संकेत उस समय मिला जब शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित अपनी तरह के पहले केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन में बिहार और झारखंड ने हिस्सा नहीं लिया।

बिहार में जदयू नीत महागठबंधन तो झारखंड में झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार है। इस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल में भारत अनुसंधान और नवाचार का वैश्विक केंद्र बनेगा। इसके लिए हमें एक साथ कई मोर्चों पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ रहे भारत में विज्ञान और इस क्षेत्र में काम कर रहे लोगों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार और झारखंड दोनों ही राज्य हाल के दिनों में राजनीतिक उथल-पुथल से गुजरे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में महागठबंधन सरकार बनाने के लिए राजग से नाता तोड़ दिया और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्ष को एकजुट करने में जुटे हैं। झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन खनन विवाद में उलझे हैं और उनके पद पर बने रहने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

राजनीतिक उठा-पटक से इतर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहमदाबाद में सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञान आधारित विकास की सोच के साथ काम कर रही है। इस सम्मेलन का आयोजन 'सबका प्रयास' का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विज्ञान 21वीं सदी के भारत के विकास में उस ऊर्जा की तरह है, जिसमें हर क्षेत्र और राज्य के विकास को गति देने की शक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में विज्ञान और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है एवं प्रशासन और नीति निर्माण में जुटे लोगों की जिम्मेदारी भी काफी बढ़ जाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विज्ञान समाधान, विकास और नवाचार का आधार है।

आज का नया भारत जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ-साथ जय अनुसंधान के दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि हम पिछली शताब्दी के शुरुआती दशकों को देखें तो पता चलता है कि दुनिया किस तबाही और त्रासदी के दौर से गुजर रही थी, लेकिन उस स्थिति में भी पूरब से पश्चिम तक वैज्ञानिक अपनी महान खोजों में जुटे हुए थे। पश्चिम में आइंस्टीन, फर्मी, मैक्स प्लैंक, नील्स बोहर और टेस्ला जैसे वैज्ञानिक अपने प्रयोगों से दुनिया को चकित कर रहे थे, तो पूरब यानी भारतीय उपमहाद्वीप में इसी दौरान सीवी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा और एस चंद्रशेखर सहित कितने ही वैज्ञानिक ( शेष पेज 8 )

# गुजरात विस चुनाव में खलल डालना चाहता है आईएस

- गुर्गों को दिए निर्देश, गुजरात दंगों को रिक्रूटमेंट ट्रिगर पॉइंट और बिलकिस बानो केस में आरोपियों/दोषियों की रिहाई को स्ट्राइक ट्रिगर पॉइंट के रूप में करें इस्तेमाल
- आने वाले हफ्तों में दंगे तथा दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों पर चाकू से हमले की घटनाएं होने की आशंका

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**अंतरराष्ट्रीय** आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी) गुजरात में आगामी विधानसभा चुनावों को बाधित करने के लिए हमलों की साजिश रच रहा है। इसके लिए संगठन ने अपने कैडर को गुजरात दंगों को रिक्रूटमेंट ट्रिगर पॉइंट और बिलकिस बानो मामले में आरोपियों और दोषियों की रिहाई के मुद्दे को स्ट्राइक ट्रिगर पॉइंट के रूप में इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है।

खुफिया इनपुट में यह भी चेतावनी दी गई है कि आईएसकेपी द्वारा कट्टरपंथी बनाए गए युवाओं द्वारा आने वाले हफ्तों में दंगों एवं तथाकथित दक्षिणपंथी संगठनों के सदस्यों के खिलाफ चाकू से हमले की घटनाएं हो सकती हैं। आईएसकेपी खूंखार आतंकी समूह आईएसआईएस का अनुसांगिक संगठन है। इसकी भारतीय इकाई को इस्लामिक स्टेट विलायह हिंद (आईएसएचपी) के रूप में जाना जाता है। आईएसएचपी की आधिकारिक पत्रिका वॉयस ऑफ हिंद ने अतीत में इस बात पर खासा जोर दिया कि आतंकवादियों को सड़क और रेलवे नेटवर्क की कमजोरियों का पता लगाना चाहिए। आतंक का प्रचार करने वाली इस पत्रिका ने भारतीय सड़क और रेलवे नेटवर्क पर हमलों की संभावना को भी विस्तार से रेखांकित किया। पत्रिका ने अंसार ऑफ खिलाफाह (आतंकवादियों) को यह भी सलाह दी कि लक्ष्य पर या तो अकेले भेड़िये की तरह हमला करें अथवा समूह बना कर उसका पीछा करें और घात लगाकर निशाना बनाएं। इसने महत्वपूर्ण व्यक्तियों, तीर्थयात्रियों या जिहादी एजेंडे को पूरा करने वाले ऐसे ही किसी लक्ष्य को निशाना बनाकर हमले करने की भी सलाह दी है। इस पत्रिका ने अभिजात वर्ग को लेकर चलने वाली लग्जरी/बिजनेस ट्रेनों को निशाना बनाने के साथ-साथ रेल नेटवर्क को नुकसान पहुंचाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के निर्धारित आगमन से पहले रेल नेटवर्क के सबसे कमजोर बिंदु पर पटरियों को उड़ाने का सुझाव दिया है।

यह इनपुट रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) द्वारा आईएसआईएस के आत्मघाती हमलावर को हिरासत में लेने के कुछ ही हफ्तों बाद आया है। यह आतंकी पैगंबर मुहम्मद के कथित अपमान का बदला लेने के लिए एक भारतीय नेता की हत्या करने के इरादे से भारत आने की फिराक में था। एफएसबी रूस की शीर्ष खुफिया एजेंसी है, जिसने कहा था कि गिरफ्तार आतंकवादी ने भारत में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए एक मध्य एशियाई देश में विशेष प्रशिक्षण लिया। यह आतंकवादी उज़्बेक मूल का है। खुफिया जानकारी से पता चलता है कि रूस द्वारा हिरासत में लिया गया आत्मघाती हमलावर दक्षिणी अफगानिस्तान में स्थित गुलमुराद अलीमोफ के नेतृत्व वाले आईएसआईएस गुट का सदस्य हो सकता है। ऐसी संभावना है कि आईएसआईएस ने भारत में स्लीपर सेल का बड़ा नेटवर्क विकसित कर लिया है। इससे पहले पिछले साल 15 अगस्त को तालिबान के काबुल पर कब्जा करने के एक हफ्ते के भीतर सुरक्षा एजेंसियों ने चेतावनी दी थी कि अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में स्थित आईएसकेपी के हमलावर भारत में आईईडी और आईईडी लैस वाहनों से हमलों को अंजाम देने के लिए देश के भीतर स्थित अपने सहयोगियों के साथ संपर्क में हैं।

आईएसकेपी ने हमलों को अंजाम देने के लिए अपने लड़ाकों को भारत भेजने की भी योजना बनाई है। ये आतंकी दक्षिणपंथी नेता, हिंदू नेता, सुरक्षा बल, सैन्य काफिले, भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक सभाओं/स्थलों को निशाना बना सकते हैं। इसके अलावा, आतंकी समूह की राजमार्गों और रेलवे के बुनियादी ढांचे को बड़ी चोट पहुंचाने की भी साजिश है। द पायनियर की रिपोर्ट के अनुसार, 21 अगस्त, 2021 को अर्धसैनिक बलों और पुलिस प्रशासन से जुड़े लोगों को सलाह दी गई थी कि वे जेहादियों के ऐसे खतरनाक मंसूबों को विफल करने के लिए एहतियाती उपाय करें। ये सुरक्षा अलर्ट जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक से गिरफ्तार किए ( शेष पेज 8 )

# चार्ल्स तृतीय ब्रिटेन के सम्राट बने

- ऐतिहासिक समारोह में की गई घोषणा, अपनी मां के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया

**भाषा।** लंदन



ब्रिटेन के सम्राट का दायित्व संभालते चार्ल्स तृतीय

**राज्यारोहण** परिषद के एक ऐतिहासिक समारोह में ब्रिटेन के महाराज घोषित किए जाने के बाद चार्ल्स तृतीय ने अपनी मां एवं दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार इस समारोह का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। परिषद के लिपिक द्वारा घोषणा किए जाने के बाद वहां उपस्थित लोगों ने इसकी पुष्टि करते हुए एक स्वर में कहा, ईश्वर महाराज की रक्षा करें।

राज्यारोहण परिषद ने नए महाराज के नाम की घोषणा करने की एक पारंपरिक भूमिका निभाई। इसके बाद चार्ल्स का संबोधन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की घोषणा करने के उनके कर्तव्य के साथ शुरू हुआ। चार्ल्स तृतीय (73) ने कहा, मेरी मां का शासन समर्पण के साथ अद्वितीय था। उन्होंने कहा, इन जिम्मेदारियों को उठाते हुए मैं संवैधानिक सरकार को बरकरार रखने के उनके प्रेरक उदाहरण का अनुसरण करूंगा तथा इन द्वीपों के लोगों, और राष्ट्रमंडल देशों तथा विश्व भर में फैले क्षेत्रों में शांति, सौहार्द्र एवं समृद्धि के लिए काम करूंगा। उनकी मां एवं महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बृहस्पतिवार को निधन हो जाने के बाद पूर्व प्रिंस ऑफ वेल्स की ताजपोशी की गई है। शनिवार का समारोह लंदन के सेंट जेम्स पैलेस में ताजपोशी की औपचारिक घोषणा करने और उनके शपथ ग्रहण के लिए आयोजित किया गया।

चार्ल्स तृतीय अपनी पत्नी क्वीन कॉन्सर्ट कैमिला तथा अपने बेटे एवं उत्तराधिकारी प्रिंस विलियम के साथ समारोह में शरीक हुए। विलियम नए प्रिंस ऑफ ( शेष पेज 8 )

# मूसेवाला केस में छठा और अंतिम शूटर गिरफ्तार

- केंद्रीय एजेंसियों के एक संयुक्त अभियान के तहत दो सहयोगियों के साथ पश्चिम बंगाल-नेपाल सीमा से पकड़ा गया दीपक उर्फ मुंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गायक** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के लगभग 100 दिन बाद पंजाब पुलिस ने शनिवार को उनकी हत्या में कथित रूप से शामिल छठे और आखिरी शूटर को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि दीपक उर्फ मुंडी अब तक पुलिस की आंख में धूल झोंक रहा था और केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान के तहत उसे उसके दो सहयोगियों के साथ पश्चिम बंगाल-नेपाल सीमा से पकड़ा गया।

यादव के मुताबिक, मुंडी के दोनों सहयोगियों की पहचान कपिल पंडित और राजिंदर के रूप में हुई है तथा दोनों के ऊपर आरोपियों को हथियार समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आरोप है। डीजीपी ने ट्वीट किया, पंजाब पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय एजेंसियों और दिल्ली पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के फरार शूटर दीपक मुंडी को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर मादक पदार्थ और कुख्यात आरोपियों के खिलाफ जारी युद्ध में बड़ी जीत हासिल हुई है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, दीपक, कपिल पंडित और राजिंदर को शनिवार को पश्चिम बंगाल-नेपाल सीमा पर एजीटीएफ टीम द्वारा खुफिया अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। दीपक बोलेरो में बैठे मूसेवाला को गोली मारने वालों में शामिल था, जबकि कपिल पंडित और राजिंदर ने हथियारों, ठिकाने सहित अन्य सहायता प्रदान की थी। ज्ञात हो कि पंजाब के ( शेष पेज 8 )

# ब्रिटिश गृह मंत्री के पिता की गोवा में संपत्ति पर कब्जे की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** पणजी

**ब्रिटेन** की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के पिता ने शिकायत दर्ज कराई है कि नॉर्थ गोवा में उनकी दो पैतृक सम्पत्तियों पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज किया है और विशेष जांच दल ने पड़ताल शुरू कर दी है। ब्रेवरमैन भारतीय मूल की बैरिस्टर हैं और उन्हें ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने इस हफ्ते की शुरुआत में देश की नई गृह मंत्री नियुक्त किया है। ब्रेवरमैन के पिता क्रिस्टी फर्नांडीज ने शिकायत की है कि आसगांव में कुल 13,900 वर्ग मीटर की उनकी दो सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसआईटी) निधि वासन ने शुक्रवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर, एसआईटी ने प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस सूत्रों ने ( शेष पेज 8 )

# कोलकाता में फिर ईडी की छापेमारी, 18 करोड़ जब्त



कोलकाता में ईडी की छापेमारी के दौरान बरामद नगदी

- बंगाल के मंत्री हकीम ने केंद्र पर राज्य के व्यवसासियों को परेशान करने का आरोप लगाया, भाजपा व वामदलों का पलटवार

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**घोटालों** के शहर के रूप में कुख्यात होते जा रहे कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को फिर छापे मारे। यहां के गार्डन रीच इलाके से कारोबारी आमिर खान के घर से एजेंसी ने करोड़ों रुपये और संपत्तियों के कागजात जब्त किए हैं।

नोट कागजों या प्लास्टिक की थैलियों में लिपटे हुए थे और बिस्तरों आदि में छिपाए गए थे। सूत्रों ने बताया कि आठ मशीनों से लगातार 10 घंटे गिनती करने के बाद ईडी के अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों के साथ करीब 18 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। अभी नोटों की गिनती जारी है, इसलिए ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,793 | |
| निफ्टी | 17,833 | |
| सोना | 51,131 | /10g |
| चांदी | 55,540 | /kg |

## क्विक न्यूज

### देश के वरिष्ठ पुरातत्वविद बीबी लाल का निधन

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पुरातत्वविद एवं पद्म विभूषण से सम्मानित बी बी लाल का शनिवार को 101 साल की उम्र में निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्हे एक महान बुद्धिजीवी के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने हमारे समृद्ध अतीत के साथ हमारे संबंध को गहरा किया। लाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक रहे थे और उन्हें अयोध्या में उस स्थल पर खुदाई के दौरान मंदिर जैसे स्तंभ मिले थे, जहां अब राममंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि लाल एएसआई के सबसे कम उम्र के महानिदेशकों में से एक थे और वह 1968 से 1972 तक पद पर रहे। मोदी ने कहा, श्री बी बी लाल एक महान व्यक्ति थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदार बीस से देख सकेंगे प्रतिनिधियों की सूची

- एआईसीसी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण कार्यालय में सूची होगी उपलब्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने को इच्छुक व्यक्ति 9,000 से अधिक प्रतिनिधियों की सूची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण कार्यालय में 20 सितंबर से देख सकेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घोषणा पार्टी के पांच सांसदों द्वारा मिस्त्री को एक पत्र लिखे जाने के बाद की गई।

प्रतिनिधियों में किन लोगों को मतदान करने और मनोनीत करने की अनुमति दी गई है, उनके नाम नहीं जान पाने को लेकर उक्त सांसदों ने पत्र में चिंता जताई है। मिस्त्री को पत्र लिखने वाले इन पांच सांसदों में शामिल कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि उन्होंने उनके पत्र के लीक होने के बाद पैदा हुए विवाद को खत्म करने के लिए पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण प्रमुख मिस्त्री से बात की है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वे लोग स्पष्टीकरण मांग रहे हैं, टकराव नहीं चाहते हैं और मिस्त्री के पत्र को भी अपने ट्वीट में संलग्न किया।

मिस्त्री ने अपने पत्र में कहा है कि एआईसीसी, दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में सभी 9,000 से अधिक प्रतिनिधियों की सूची 20 सितंबर (पूर्वाह्न 11 बजे से शाम छह बजे तक) से लेकर 24 सितंबर तक पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किए जाने तक उपलब्ध रहेगा।

# महाराष्ट्र में गणपति विसर्जन के दौरान 20 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के विभिन्न इलाकों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान हुई विभिन्न घटनाओं में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 14 की मौत डूबने से हुई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त से शुरू हुआ 10-दिवसीय गणेश उत्सव शुक्रवार को संपन्न हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के वर्धा जिले के सवांगी में तीन लोग डूब गए, जबकि एक अन्य देवली में डूब गया। उन्होंने बताया कि यवतमाल जिले में मूर्ति विसर्जन के लिए गए दो व्यक्ति तालाब में डूब गए। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के अहमदनगर जिले के सुपा और बेलवंडी में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य की मौत प्रदेश ( शेष पेज 8 )

# गाजियाबाद निगम व जीडीए पर 200 करोड़ का जुर्माना

- एनजीटी ने सीवेज प्रबंधन पर ठोस व संतोषजनक कदम न उठाने पर ठोकी पेनाल्टी
- जुर्माना दो महीने के अंदर जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद के पास जमा करना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गाजियाबाद नगर निगम और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पर 200 करोड़ रुपये का भारी भरकम पर्यायवरणीय जुर्मा ठोका है। यह जुर्माना सीवेज प्रबंधन पर ठोस और संतोषजनक कदम नहीं उठाने को लेकर लगाई है। साथ ही जीएनएन और जीडीए को फटकार लगाई है। इसमें जीएनएन को 150 करोड़ रुपये और जीडीए को 50 करोड़ रुपये जमा करने होंगे। यह जुर्माना दो महीने के अंदर जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद के पास जमा करना होगा। न्यायमूर्ति सेवानिवृत्त आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एनजीटी की प्रधान पीठ गाजियाबाद के इंदिरापुरम, वसुंधरा और वैशाली क्षेत्रों में कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए उपचारात्मक कार्रवाई के लिए 2018 से लंबित एक याचिका पर विचार कर रही थी। एनजीटी ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए, गालैंड गांव में 33.108 एकड़ की एक साइट और 20000 मीट्रिक टन की सीमा तक कचरे को पाइपलाइन रोड पर जमा किया जा रहा है। इसके अलावा ईंट भट्ठा साइट पर भी कचरा डाला जा रहा है। सीवेज प्रबंधन के लिए एसटीपी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को छोड़कर दूसरा कोई भी एसटीपी फेकल कोलीफ ॉर्म के संबंध में अनुपालन नहीं कर रहा है। गोविंदपुरम, बापूधाम और नूर नगर मोर्टी के एसटीपी 56 एमएलडी मिलियन लीटर प्रतिदिन की क्षमता के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, लेकिन इन प्लांटों को केवल 11.1 और 18 एमएलडी कचरा मिल रहा है। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि इंदिरापुरम प्लांट की सीवेज ट्रीटमेंट की क्षमता 56 एमएलडी की है, जबकि यह 70 एमएलडी कर रहा है। सीपीसीबी की एक अन्य रिपोर्ट का हवाला देते हुए एनजीटी ने कहा 10 नाले हिंडन नदी में गिर रहे हैं। एनजीटी ने कहा कि नगर निगम और विकास प्राधिकरण को सीवेज के सही से निस्तारण के लिए 200 करोड़ रुपये का मुआवजा देना होगा। इसमें जीएनएन को 150 करोड़ रुपये और जीडीए को 50 करोड़ रुपये जमा करने होंगे। यह जुर्माना दो महीने के अंदर जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद के पास जमा करना होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 11 सितंबर, 2022



# पत्नी को तवे से पीटकर मार डाला

## समय पर खाना नहीं देने पर की थी मारपीट, आरोपी पति को हिरासत में लिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में शनिवार को एक युवक ने पत्नी को तवे से पीट.पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर फेज–3 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके बच्चे हैं। सात की बेटी बिहार अपने गांव में रहती है। बेटा बाहर खेल रहा था।

फेज–3 थाना प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया अनुज ऑटो चलाता है। वह श्रमिक कुंज में रहने वाला अनुज अपनी पत्नी खुशबू के साथ रहता था। सुबह वह ऑटो ले जाने के लिए तैयार हो गया।

पत्नी खुशबू ने खाना नहीं बनाया था। इस बात को लेकर खुशबू से विवाद हो गया। दोनों में बहस होने लगी। उसने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। विवाद के दौरान गुस्सा, अनुज ने घर में रखे तवे से खुशबू के सिर पर कई वार किए। सर में चोट लगने से खुशबू लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को मिली।

पुलिस पहुंची, तो वह जमीन पर पड़ी थी। फर्स पर खून के धब्बों के निशान थे। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी को मारने के बाद आरोपी पति अनुज पहले फेज.3 चौकी गया। वहां उसने पुलिस को पूरी बात बताई। मौके पर पुलिस पहुंची।

पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को थाने को लेकर आए वहां उसने सरेंडर किया।

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद।** रैपिड ट्रेन का निर्माण कार्य में लगी एलएनटी कंपनी की साइट पर मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। थानाप्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि रैपिड ट्रेन के निर्माण कार्य में लगी एलएनटी कंपनी की साइट पर शुक्रवार को एक मजदूर घायल हो गया। घायल को गाजियाबाद के निजी अस्पतला में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से आए मेमो के बाद इसकी जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि मृतक मजदूर 25 वर्षीय शेर अली सिमरौली मध्यप्रदेश का निवासी था। दुहाई के पास हुए हादसे में उसकी मौत हुई है।

# कुत्ते के हमले में घायल बच्ची के कान में पस पड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कुत्ते के हमले में घायल सात वर्षीय बच्ची को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इस कारण उसके कान में पस पड़ गया है। परिजन शनिवार को उसे फिर से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल ले गए हैं। वहीं, कुत्ता मालिक बच्ची के उपचार का सिर्फ आश्वासन दे रहा है।

लोनी बॉर्डर थाने की धामा एंक्लेव कॉलोनी में 15 अगस्त की रात आठ बजे प्रेमकुमार की सात वर्षीय बच्ची ख्वाईश छोटी बहन के साथ झूला झूल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले का पिटबुल वहां पहुंचा और बच्ची को कान से पकड़कर खींचता हुआ करीब 10 मीटर की दूर पर ले गया।

कुत्ते ने बच्ची का कान काटकर अलग कर दिया था। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया था।

परिजन उसे कई अस्पताल लेकर घूमते रहे, लेकिन किसी भी ने उसे भर्ती नहीं किया। रात में एक बजे परिजन बच्ची को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल ले गए, वहां उपचार के बाद बच्ची को दूसरे दिन ही छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों ने बच्ची की तीन सर्जरी और उपचार पर करीब आठ लाख रुपये का खर्च बताया था। परिजन इतना महंगा उपचार कराने में असमर्थ हैं। वहीं, कुत्ते के मालिक ने पहले तो उपचार का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में इनकार कर दिया। बच्ची की मां ने 27 अगस्त को कुत्ता मालिक के विरुद्ध थाने में तहरीर दे दी।

दो सितंबर को पुलिस ने कुत्ता मालिक जीतू उर्फ चेतन के विरुद्ध रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन उसके विरुद्ध कोई ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित पिता प्रेमकुमार ने बताया कि उचित उपचार नहीं मिलने के कारण बच्ची के कान में पस पड़ गया है।

# जीसस एंड मैरी स्कूल को झटका, अभिभावकों को लौटानी होगी वसूली गई धनराशि

- सरकार की मनाही के बाद भी कोरोना काल में बढ़ाई गई थी फीस
- स्कूल के कदम पर अभिभावकों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में दी थी चुनौती



जिलाधिकारी सुहास एलवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोविड महामारी के दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से बढ़ी हुई अतिरिक्त फीस वसूलने के बारे में काफी लंबी लड़ाई के बाद अब अभिभावकों को कामयाबी मिली है। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने स्कूल प्रबंधन को 15 दिनों में अभिभावकों से वसूली गई धनराशि वापस करने के निर्देश दिए हैं। इसकी पुष्टि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने की है।

दरअसल ग्रेटर नोएडा स्थित जीसस एंड मैरी पब्लिक स्कूल कोविड.19 के दौरान छात्रों के अभिभावकों से 10000 अतिरिक्त फीस की वसूली की। जबकि शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कोविड–19 के दौरान स्कूल अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस नहीं लेंगे।

स्कूल प्रबंधन ने सत्र 2021–2022 के दौरान 195 छात्रों से प्रवेश.शुल्क के नाम प्रति छात्र 10 हजार रुपए की दर से बढ़ी हुई फीस की वसूली की। इस मामले को लेकर अभिभावकों ने काफी विरोध जताया तथा उन्होंने जिला प्रशासन से लेकर जिला नियामक कमेटी से भी शिकायत की। कमेटी ने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस न वसूलें। इसके बावजूद भी स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी पर अड़ा रहा तथा अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस वसूली। इसके खिलाफ ग्रेटर नोएडा के डेल्टा–3 में रहने वाले अभिभावक अश्वनी गोयल ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने स्कूल प्रबंधन को फीस वापस करने के निर्देश दिये।

लंबी लड़ाई के बाद अब जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे 15 दिनों के भीतर अभिभावकों से वसूली गई बढ़ी हुई फीस वापस करें।

### कंपाउंडिंग मामले में जीडीए का एक्शन, थमाए नोटिस

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माण करने के बाद कंपाउंड नहीं कराने वाले आवंटियों को अब जीडीए निशाने पर लेने जा रहा है। इसके लिए जीडीए हर जोन में एक स्पेशल सर्वे कराने में जुट गया है। जीडीए की टीम ऐसे निर्माण का पता लगाने की कोशिश में है जो जीडीए से पास नक्शे से अधिक क्षेत्र में किया गया है। जीडीए के नियोजन विभाग की ओर से यह स्पेशल अभियान चलाया जा रहा है।

हाल ही में जीडीए अधिकारियों को इस बात की खबर लगी है कि काफी ऐसे लोग हैं, जिन्होंने जीडीए से निर्माण का नक्शा पास करा लिया है, मगर काफी लोगों ने नक्शे से भी अधिक निर्माण कार्य कर लिया है और ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है। अगर कोई नक्शे पास के कुल क्षेत्र का दस प्रतिशत अधिक निर्माण कार्य करता है तो उसको नियमित किया जा सकता है, यह अधिकार जीडीए के पास है। जीडीए इसके लिए अतिरिक्त शुल्क लेकर उसे कंपाउंड कर देता है। मतलब है कि नक्शे से अधिक जितना निर्माण होगा जीडीए उसका अतिरिक्त चार्ज लेकर उसे रेगुलर कर देगा। इससे जीडीए को करोड़ों की इनकम होगी।

# रैपिड रेल कॉरिडोर के डिजाइन और संचालन में नई तकनीक मुहैया कराएगा सेंटर

- दुहाई डिपो में सेंटर फॉर इनोवेशन का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एशियन डवलपमेंट बैंक के वाइस प्रेसिडेंट शिक्सिन चेन ने गाजियाबाद के दुहाई स्थित रीजनल रैपिड रेल के डिपो में सेंटर ऑफ इनोवेशन अपरिमित का उदघाटन किया। उन्होंने प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ दिल्ली से मेरठ तक 82 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर विभिन्न स्थलों का दौरा भी किया।

शिक्सिन चेन ने दिल्ली के सराय काले खां और आनंद विहार पर निर्माणाधीन स्टेशन का दौरा करते हुए मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इन स्टेशनों को इस तरह से डिजाइन किया गया है, ताकि इन्हें दूसरे परिवहन साधनों से जोड़ा जा सके। उन्होंने आनंद विहार में सुदर्शन टनल बोरिंग मशीन की कार्य पद्धति देखी। यहां पर ऐसी तीन मशीनें दिन.रात बोरिंग कार्य में लगी हैं। गाजियाबाद के दुहाई डिपो में एशियन डवलपमेंट बैंक के अर्बन क्लाइमेट चेंज रेजिलिएंस ट्रस्ट फंड से सेंटर फॉर इनोवेशन का निर्माण किया गया है।



ये सेंटर रीजनल रैपिड रेल कॉरिडोर के डिजाइन, विकास और संचालन के लिए नई तकनीकें मुहैया कराएगा। प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह ने कहा कि यात्री केंद्रित परियोजनाएं लागू की हैं। एनसीआरटीसी और एडीबी के बीच साझेदारी एक समृद्ध, समावेशी, सतत एशिया और प्रशांत का निर्माण करना है।

### सोसाइटी में मारपीट का वीडियो वायरल सरेआम चले डंडा

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की निराला एस्पायर सोसाइटी में एक युवक के साथ डंडे से मारपीट करते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में एक युवक दूसरे को डंडे से पीटते हुए साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

19 सेकंड के वीडियो में साफ देखा सकता है कि एक व्यक्ति हाथ में डंडा लिए दूसरे को पीट रहा है। एक महिला और एक और व्यक्ति डंडे लिए व्यक्ति को रोक रहा है। लेकिन वह नहीं मान रहा। लोग डंडे लिए व्यक्ति को काबू में करते है।

## संक्षिप्त समाचार



नॉर्थ-ईस्ट फेस्टिवल में संस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत करते बच्चे।

### नॉर्थ–ईस्ट फेस्टिवलः सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

**नोएडा।** सेक्टर–33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नॉर्थ–ईस्ट फेस्टिवल में शनिवार को भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। वीकेंड पर समापन से एक दिन पूर्व यहां लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं असम की फिल्म अभिनेत्री एवं क्लासिकल डांसर तन्वी शर्मा तथा उनकी एकेडमी के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनका लोगों ने लुत्फ उठाया। वहीं फेस्टिवल के अंतिम दिन समापन के अवसर पर रविवार को त्यागराज सेंटर ऑफ म्यूजिक एंड डांस द्वारा भी केरल के डांस, भरतनाट्यम सहित अन्य कई सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए जाएंगे। रविवार को फेस्टिवल का अंतिम दिन है, जिसके चलते शनिवार को नोएडा हाट में खासी चहल–पहल रही और लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। ज्ञात हो कि 26 अगस्त से 11 सितंबर तक 17 दिवसीय आयोजन नोएडा हॉट में आयोजित किया जा रहा है।

### बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन झपटी

नोएडा। बाइक सवार बदमाशों ने शुक्रवार शाम को सेक्टर.75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के सामने एक महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इसको लेकर पीड़िता के बेटे ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 59 वर्षीय मां शुक्रवार शाम को घरेलू सहायिका के साथ सोसाइटी के बाहर बाजार में खरीदारी करने गई थी। जब वह बाजार की तरफ जा रही थी तो एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक पर पीछे बैठे आरोपी ने उनकी मां के गले से सोने की चेन झपट ली। आरोपियों को पकड़ने के लिए पीड़िता ने शोर भी मचाया, लेकिन वह फरार हो गए। इसके बाद वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। सुमित ने बताया कि बदमाश बिना नंबर की बाइक पर आए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

### ९०० वाहन चोरी करने वाला गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाने के एसएचओ प्रदीप त्रिपाठी और साइबर सेल प्रभारी रहे सुमित कुमार की टीम ने दिल्लीए हरियाणा व यूपी सहित कई सूबों में 800 से 900 वाहन चुराने वाले अंतर्राज्जीय चोरों के गैंग के सरगना सहित आधा दर्जन से अधिक बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये बदमाशों की निशानदेही पर 50 लाख की कीमत के ट्रक व वाहनों सहित लगभग 70.80 लाख का माल व नगदी के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये गैंग का एक और अपराधी भी पुलिस की पकड़ में आने वाला है। यह गैंग अब तक लगभग एक हजार वाहन व अन्य चोरी की वारदातों को विभिन्न राज्यों में अंजाम दे चुका है। इस गैंग का सरगना सलीम खान और उसका दायां हाथ पप्पू है। यह गैंग ऑन डिमांड चोरी करने के अलावा चुराये गये वाहनों को भी ठिकाने में लगाने में माहिर है। इस गैंग में आधा दर्जन से अधिक बदमाश हैं, जो चाबी बनाने, डिवाइस तैयार करने, रेकी करने और वाहन को पलक झपकते ही गायब कर देने में महारत रखते हैं। गैंग का सरगना सलीम वाहनों को ठिकाने लगाने और चोरी के माल से प्राप्त राशि को अपने गिरोह के सदस्यों को बांटने का मुख्य काम करता है। पुलिस के अनुसार इस अंतर्राज्जीय गैंग के पीछे कई सूबों की पुलिस के अलावा एसटीएफ भी पड़ी थी।

# शालीमार गार्डन के फ्लैट में देह व्यापार करा रहा था दंपति

- छह महिला-पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले, नौ गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस ने साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–एक में किराए के फ्लैट में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। मौके से दंपती सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया। उनमें तीन महिलाएं और सात पुरूष शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को शालीमार गार्डन एक्सटेंशन.एक के एक फ्लैट में देह व्यापार होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी साहिबाबाद स्वतंत्र कुमार सिंह शनिवार शाम करीब छह बजे पुलिस टीम के साथ फ्लैट पर छापा मारा। मौके पर तीन महिलाएं और तीन पुरूष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। अवैध धंधे में शामिल तीन अन्य पुरूष भी मौके पर मिले। फ्लैट से आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिलीं। पकड़े गए लोगों की पहचान मोहल्ला भानपाड़ा थाना अतरौली जिला अलीगढ़ के शाहरूख, अरशद व शाहरूख, रामनगर शाहदरा दिल्ली के गगन अरोड़ा, शालीमार गार्डन के सारिक व अंकित के रूप में हुई। गिरफ्तार महिलाओं में एक सीमापुरी दिल्ली, एक सुभाष नगर विष्णु गार्डन दिल्ली व एक शालीमार गार्डन की रहने वाली है। साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सारिक और उसकी पत्नी गिरोह चला रही थी।



उन्होंने करीब एक माह पहले सात हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से फ्लैट किराए पर लिया था। उसी में देह व्यापार करा रहे थे। उसकी पत्नी भी मौके से पकड़ी गई है। वह और दोनों अन्य महिलाएं देह व्यापार कर रही थीं। गगन, शाहरूख और अरशद ग्राहक थे। अंकित और दूसरा शाहरूख सारिक व उसकी पत्नी को अवैध धंधा चलाने में मदद करते थे। वह ग्राहक ढूंढकर लाते थे। फ्लैट के आसपास घूमकर पुलिस पर नजर रखते थे। प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सारिक ग्राहकों व देह व्यापार करने वाली महिलाओं दोनों से रुपये वसूलता था।

# हाईटेंशन तार टूटकर गिरा, पानी में करंट उतरने से मची भगदड़

- पास खड़ी बाइक में भी लगी आग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बिजली विभाग की लापरवाही से शनिवार को गंगनहर घाट के पास 35 हजार केवीए क्षमता की विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर गया। उस वक्त लाइन में करंट दौड़ रहा था। इसके चलते गंगनहर में स्नान कर कर रहे कई श्रद्धालुओं को भी करंट लगा। जबकि, वहां खड़ी एक बाइक में भी आग लग गई। गनीमत रही कि कुछ क्षण में करंट चला गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

गंगनहर के घाट के पास से 35 हजर केवीए क्षमता की विद्युत लाइन गुजर रही है। शनिवार दोपहर को खंभे के पास एक चिंगारी उठने के बाद तार टूटकर नीचे गिर गया। गंगनहर के पानी में इस कारण करंट दौड़ गया। उस वक्त गंगनहर में हजारों श्रद्धालु स्नान कर रहे थे। उनको जैसे ही करंट लगा तो चीखपुकार मच गई। कुछ ही क्षण में करंट चला गया, लेकिन श्रद्धालु दहशत में आ गए। तार घाट के किनारे खड़ी श्रद्धालु की एक बाइक पर गिरा तो उसमें आग लग गई। करंट जाने की पुष्टि होने के बाद आग को किसी तरह बुझाया गया। इस बारे में जैसे ही जानकारी बिजली विभाग को दी गई तो हड़कंप



मच गया। आनन फानन में वे मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तार को एकत्र करके जोड़ने का काम शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने बिजली कर्मियों को खूब खरी खोटी सुनाई। लोगों का कहना था कि शुक्र यह भी है कि यह हादसा एक दिन पहले गणेश विसर्जन के दिन नहीं हुआ, अन्यथा बड़ी घटना मुरादनगर में हो जाती। शुक्रवार को वहां लाखों लोग पहुंचे थे।

मंदिर समिति की ओर से कई बार घाट के आसपास की लाइन को अंडरग्राउंड करने के लिए बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों को दिया जा चुका है।

उनका कहना है कि मंदिर व घाट के आसपास सामान्य दिनों में हजारों, सैकड़ों लोग रहते हैं। यह एक बड़ा पर्यटन स्थल दिल्ली– एनसीआर के लोगों के लिए बना हुआ है।

इसके बावजूद इस तरफ किसी का कोई ध्यान नहीं है। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। इस बारे में बिजली विभाग के एक्सइएन ब्रहमानंद का कहना है कि तार कैसे टूटकर गिरा।

# 11वीं मंजिल से कूदी दो बहनें, एक की मौत

- परिजनों की किसी बात पर दोनों हो गई थी नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर–39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली दो बहनों ने तडके सेक्टर–96 में निर्माणाधीन एक बिल्डिंग के 11वीं मंजिल पर चढ़कर वहां से छलांग लगा दिया।

इस घटना में एक बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उसे उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली दो बहनों निक्की 18 वर्ष तथा पल्वी 16 वर्ष बीती रात को किसी बात से नाराज होकर अपने घर से चली गई थी। उसके परिजन आसपास की जगह ढूंढ रहे थे।

सुबह को दोनों बहनों ने सेक्टर 96 स्थित यूनिटेक बिल्डर के निर्माणाधीन सोसाइटी के 11वीं मंजिल पर जाकर वहां से नीचे छलांग लगा दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक युवती निक्की की मौके पर मौत हो गई, जबकि पल्लवी अत्यंत गंभीर रूप से घायल है। उसे उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि दोनों छात्राओं का उनके परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस बात से नाराज होकर दोनों घर से निकल गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों से मामले की जानकारी ली जा रही है। साथ ही दोनों की सहेलियों से भी पूछताछ जारी है। जांच सभी एंगल से हो रही है।

### घर से एटीएम चोरी कर खाते से निकाली रकम

**नोएडा।** चोरों ने सदरपुर में एक महिला के घर से उसका बैग, मोबाइल और आभूषण चोरी कर लिये। आरोपी ने महिला के बैग में रखे डेबिट कार्ड से 10 हजार रुपये भी निकाल लिये। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर–39 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में ममता कनौजिया ने बताया कि चोरों ने उसके घर से आभूषण और अलमारी से उसका बैग भी चोरी कर लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसके बैग से डेबिट कार्ड निकालकर खाते से 10 हजार रुपये निकाल लिये।

# दिल्ली की नई आबकारी नीति नोएडा पर पड़ी भारी, 4 माह में 235 को जेल भजा

- गौतमबुद्ध नगर में पकड़ी गई 35 लाख की शराब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली में केजरीवाल सरकार की शराब नीति उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए काफी भारी पड़ी। गौतमबुद्ध नगर में आबकारी विभाग ने पांच माह में बॉर्डरों से चैकिंग के दौरान 35 लाख रुपये की शराब बरामद की। इस दौरान 235 लोगों को जेल भी भेजा गया।

दिल्ली में अप्रैल में केजरीवाल सरकार शराब पर नई नीति लाई थी। जिसके बाद शराब ठेका संचालको ने लोगों को शराब पर ऑफर देना शुरू कर दिया। जिसमे कई ठेकों पर एक बोतल पर एक बोतल फ्री देने का ऑफर चलाया गया। इसके बाद जगह.जगह पर शराब खरीदने के लिए लोगों की लाइन लग गयी। शराब का ऑफ जानकर यूपी के लोगों ने भी दिल्ली में शराब खरीदनी शुरू की लेकिन नोएडा में आबकारी विभाग द्वारा इन लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। दिल्ली से सटे बॉर्डर पर नोएडा में विशेष अभियान चला। दिल्ली में शराब पर ऑफर चलते की आबकारी विभाग बॉर्डर पर अलर्ट हो गया। आबकारी विभाग ने एक अप्रैल से चलाए गए अभियान के तहत 21 अगस्त तक कुल 17 हजार लीटर शराब बरामद की। इस दौरान कुल 235 लोगों को आबकारी विभाग के द्वारा पकड़ा गया। यह शराब आबकारी विभाग ने 96 गाड़ियों से बरामद की। कुल 96 गाड़ियों को आबकारी विभाग ने पकड़ा।



दिल्ली से जुड़े नोएडा के सभी बॉर्डरों पर यह अभियान चलाया गया। जगह जगह पर आबकारी विभाग और नोएडा पुलिस अलर्ट रही। गौतमबुद्ध नगर के जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि दिल्ली में नई शराब निति आने पर जिले में आबकारी विभाग के द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान 1 अप्रैल से 21 अगस्त तक विशेष अभियान के तहत 17000 लीटर शराब बरामद की गई। इस दौरान 235 लोगों को शराब के साथ पकड़ा गया।

उन्होंने बताया कि पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 35 से 40 लाख रुपये तक है।ये लोग ज्यादातर वो थे जो दिल्ली में ऑफर चलने के बाद वहा से शराब खरीदकर ला रहे थे। आबकारी विभाग ने नोएडा व ग्रेटर नोएडा के रेस्टोरेंट, बार और होटल में भी छापेमारी की। इन जगहों से भी दिल्ली और हरियाणा की शराब बरामद की गई। दिल्ली की शराब को कई बार में परोसा जा रहा था लेकिन आबकारी विभाग और पुलिस ने छापेमारी कर शराब बरामद की।

राकेश बहादुर सिंह ने बताया की नोएडा बॉर्डर पर है जहां एक तरफ दिल्ली है और पास में ही हरियाणा है दोनों ही जगह शराब की कीमत कम है इसलिए लोग अक्सर दोनों जगह से शराब की तस्करी किया करते थे लेकिन अब तस्करी पर लगाम लगी है। जिले के बड़े बड़े तस्कर जेल में है।

दिल्ली में शराब पर ऑफर आने के बाद शराब के ठेकों पर भीड़ उमड़ पड़ी थी। ठेकों पर लोगों की लम्बी लम्बी लाइन देखने को मिली। ऑफर खत्म होने के डर से लोग जमकर शराब की खरीददारी कर रहे थे। इस दौरान शराब की जमकर पेटियां खरीदी गई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में लंपी से 173 पशु संक्रमित

## मंत्री गोपाल राय के मुताबिक अधिकांश मामले दक्षिण और पश्चिमी जिलों में आए

**अभी तक किसी मवेशी की मौत नहीं**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


लंपी बीमारी के बारे में जानकारी देते गोपाल राय।

देशभर के पशुओं के लिए काल बनी लंपी बीमारी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी दस्तक दे दी है। जानकारी के अनुसार लंपी वायरस से कम से 173 मवेशी दिल्ली में संक्रमित होने का मामला सामने आया है। इनमें से अधिकतर मामले राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिण और पश्चिमी जिलों में मिले हैं। सबसे सुखद बात यह है कि यहां अभी तक लंपी से अब तक किसी मवेशी की मौत की सूचना नहीं है। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहला मामला लगभग आठ से 10 दिन पहले दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार वलयाकार टीकाकरण रणनीति पर अमल करेगी, जिसके तहत पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी स्वस्थ मवेशियों को भी गॉट पॉक्स टीका लगाया जाएगा। इस टीके में लंपी वायरस के उत्तरकाशी स्वरूप का निष्क्रिय रूप मौजूद है।

गौरतलब है कि लंपी एक संक्रामक बीमारी है, जो मवेशियों के संक्रमित मच्छरों, मक्खियों, जूं और ततैया के सीधे संपर्क में आने से फैलती है। इसके अलावा दूषित भोजन और पानी के सेवन से भी मवेशी इस संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। लंपी वायरस के संक्रमण के कारण मवेशियों को बुखार होने के साथ-साथ उनके शरीर में गांठें पड़ जाती हैं। यह बीमारी जानलेवा हो सकती है।

केंद्र के मुताबिक, लंपी वायरस गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में फैल चुका है। इस वायरस के कारण देश में बृहस्पतिवार तक लगभग 57,000 मवेशियों की मौत हो चुकी है।

पर्यावरण एवं विकास मंत्री गोपाल राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गोयला डेयरी क्षेत्र में लंपी वायरस संक्रमण के 45, रेवला खानपुर में 40, घुमानहेड़ा में 21 और नजफगढ़ में 16 मामले सामने आए हैं। मवेशियों के मालिकों से लंपी के लक्षण वाले मवेशियों को अलग रखने की व्यवस्था करने को कहा है। लोगों को डर है कि यह वायरस इंसानों में भी फैल सकता है। उन्होंने कहा, हमें सावधानी बरतने की जरूरत है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि वायरस से अब तक मनुष्यों में किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है।

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रेवला खानपुर में लंपी से संक्रमित मवेशियों के लिए एक पृथकवास केंद्र बनाया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 40 लावारिस मवेशियों में लंपी वायरस संक्रमण पाया गया है, जिन्हें पृथकवास केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। पृथकवास में 4,500 मवेशी रह सकते हैं। पृथकवास केंद्र स्वस्थ मवेशियों के रहने के स्थान से थोड़ा दूर बनाया गया है और वहां मच्छरदानी लगाई गई है। अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली में अन्य राज्यों में सामने आए मामलों के अनुपात में इस रोग के फैलने की आशंका नहीं है, क्योंकि यहां मामलों की संख्या कम और प्रबंधन योग्य है। हमने मामले सामने आते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए लंपी के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि लंपी वायरस ज्यादातर मामलों में मवेशियों की मौत का कारण नहीं बनता और इससे मृत्यु दर सिर्फ एक से दो प्रतिशत है। राजस्थान और गुजरात में मवेशियों की मौत का कारण खराब स्वास्थ्य और अन्य संक्रमण का विकास हो सकता है। अधिकारी ने कहा कि अगर संक्रमित मवेशियों को पृथक कर दिया जाता है।

### 11 त्वरित कार्रवाई बल का गठन

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार ने दो सचल पशु चिकित्सा क्लीनिक स्थापित किए हैं और मवेशियों के नमूने एकत्र करने के लिए 11 त्वरित कार्रवाई बल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लंपी से संबंधित प्रश्नों के जवाब देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 8287848586 जारी करने के साथ एक विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है।

### सरकार शुरू करेगी जन जागृति अभियान

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार इस वायरस के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जन जागृति अभियान शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि मवेशियों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को आसपास सफाई रखनी चाहिए, समय-समय पर अपने हाथों को धोना चाहिए, मच्छरों और मक्खियों को मारने के लिए नियमित रूप से कीटाणुनाशक का छिड ?ाव करते रहना चाहिए, संक्रमित मवेशियों को पृथक रखना चाहिए और उन्हें पौष्टिक भोजन देना चाहिए।

### बीमारी के लक्षण

पशुओं में लंपी के लक्षणों में पशुओं में तेज बुखार, दूध उत्पादन में कमी, त्वचा में गांठें पडऩा, भूख न लगना, नाक से पानी निकलना और आंखों में पानी आना शामिल हो सकता है।

### मृत मवेशी को जमीन में दफनाएं

संक्रमित मवेशियों के दम तोडऩे की सूरत में उन्हें नमक और चूने के साथ जमीन में दफनाया जाना चाहिए। यदि आपके मवेशी संक्रमित हैं तो इमरजेंसी हेल्पलाइन पर संपर्क करें। अपने मवेशियों का इलाज खुद न करें और पशु चिकित्सक की सलाह लें।


इंडिया गेट का बदला नजारा लोगों को खूब लुभा रहा है। आने वाले पर्यटक सेल्फी लेते हुए अपनी वीकेंड बना रहे हैं।

# सैलानियों को देख रेहड़ी-पटरी में वालों में जगी आस

**कर्तव्य पथ** — दो साल से अच्छी बिक्री के लिए जूझ रहे विक्रेताओं में खुशी का संचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी और सेंट्रल विस्टा एवेन्यू निर्माण के कारण ग्राहकों की कमी और अन्य परेशानियों से जूझ रहे रेहड़ी-पटरी वालों में कर्तव्य पथ के उद्घाटन के बाद धंधा पटरी पर लौटने को लेकर कुछ आशा जगी है।

इंडिया गेट पर 1990 से आइसक्रीम बेच रहे रजिंदर सिंह और उनका परिवार पिछले कुछ साल से आर्थिक तंगी झेल रहा है। उन्होंने कहा, कोविड-19 महामारी के कारण लागू पाबंदियां हटाए जाने के बावजूद धंधा मंदा है और हम सिर्फ 100 से 200 रुपए मुनाफा कमा पा रहे हैं। कोविड-19 से पहले धंधा काफी अच्छा चल रहा था और लोग आधी रात को भी (इंडिया गेट) आते थे।

उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमें आशा की नई किरण नजर आई है, क्योंकि आगंतुकों की संख्या फिर बढ़ रही है।

हालांकि, रेहड़ी-पटरी और ठेले वालों को पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधकों के भीतर ही अपना सामान बेचने की अनुमति है। सिंह ने कहा कि लेकिन हमें बताया गया है कि हमें सोमवार से पहले की तरह सामान बेचने की इजाजत होगी।

सिंह के दोस्त देवी सरन का कहना है कि उनके पिता और चाचा 1956 से इंडिया गेट पर आइसक्रीम बेच रहे थे और उस दौरान वहां सिर्फ आइसक्रीम ही बिका करती थी।

लेकिन, महामारी का सरन और उनके परिवार पर बहुत खराब असर पड़ा है और उन्हें दो जून की रोटी जुटाने में भी दिक्कत हो रही है। सरन ने कहा कि आशा करता हूं कि हम जिस तकलीफ से गुजरे, दूसरों को उसका सामना न करना पड़े। सब कुछ बंद पड़ा था और काम-धंधा शुरू होने के बावजूद हमें कई रात भूखे सोना पड़ता था। पानी-पूरी बेचने वाले राकेश का कहना है कि उन्होंने दूसरी जगह अपना धंधा शुरू किया, लेकिन इंडिया गेट जैसी कमाई और कहीं नहीं है।



उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कमाई बढ़ी है, लेकिन अभी भी स्थिति कोरोनाकाल के पहले जैसी नहीं है। अभी भी रात आठ-नौ बजे के बाद इंडिया गेट खाली हो जाता है।

उनके पड़ोसी और भेल-पूरी बेचने वाले लक्ष्मण का कहना है कि उनकी कमाई घटकर दिन की महज 100 रुपए रह गई थी, लेकिन अब यह बढ़कर 200 रुपए हो गई है। उन्हें आशा है कि लोगों व ग्राहकों का आना-जाना बढऩे से कमाई भी बढ़ेगी। इंडिया गेट पर 1986 से पानी-पूरी बेच रहे नरपत सिंह ने कहा कि पिछले 20 महीने में उन्हें अपने छह बच्चों का पेट पालने में दिक्कत हो रही थी, लेकिन आशा है कि आने वाले दिनों में हालात सुधरेंगे। उन्होंने याद किया कि पहले मैं दिनभर में 300 से 400 रुपए कमा लेता था, लेकिन पिछले दो साल में एक समय का भोजन जुटाना भी मुश्किल हो गया है। राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का हिस्सा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था।

### इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति को याद कर रहे पर्यटक

*नई दिल्ली। दिल्ली में इंडिया गेट पर आने वाले पर्यटक अमर जवान ज्योति को याद कर रहे हैं जबकि कई अन्य लोगों का मानना है कि पुनरुद्धार लंबे समय से लंबित था और अखंड ज्योति केवल भौतिक रूप से हटाई गई है।*

*रायसीना हिल परिसर से इंडिया गेट के बीच हाल में शुरू किए गए कर्तव्य पथ, जिसे पहले राजपथ के नाम से जाना जाता था और इसके आसपास के पार्क को शुक्रवार को करीब दो साल के अंतराल के बाद जनता के खोल दिया गया।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को इस हिस्से का उद्घाटन किया था और लोगों से यहां का भ्रमण करने पर अपनी सेल्फी लेकर इसे सोशल मीडिया पर साझा करने का अनुरोध किया था।*

*इंडिया गेट पर घूमने पहुंचे पर्यटक अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ सेल्फी और तस्वीरें लेते नजर आए। वहीं, तमाम लोग इंस्टाग्राम रील बनाने में व्यस्त दिखे।श शुक्रवार शाम स्मारक घूमने पहुंचे गाजियाबाद निवासी ग्राफिक डिजाइनर मनीष भंडारी ने कहा, इंडिया गेट के नीचे अमर जवान ज्योति की अनुपस्थिति अपने आप में खास है क्योंकि हम सभी ने बचपन के दिनों से इसकी लौ को जलते देखा है। उन्होंने कहा कि मैं निश्चित रूप से इसे याद कर रहा हूं क्योंकि यह हमारी यादों का हिस्सा था। इंडिया गेट अपनी प्रतिष्ठित ज्योति के बिना थोड़ा अलग महसूस हो रहा है। अमर जवान ज्योति 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की जीत के उपलक्ष्य में बनाई गई थी और इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी, 1972 को किया था।*

# युवक की धारदार हथियार से हत्या



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली में कथित तौर पर एक महिला से दोस्ती को लेकर एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नाजिम ने शुक्रवार रात करीब नौ बजे सुभाष मार्ग पर अजय नामक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि अजय को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नाजिम और अजय खानाबदोश हालत में जमना बाजार इलाके में रहते थे। उन्होंने कहा कि यह घटना एक महिला से दोस्ती को लेकर हुई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लुटेरों ने पीछा करने पर व्यक्ति को मारी गोली

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर इलाके में 28 वर्षीय व्यक्ति को संदिग्ध लुटेरों ने उस समय गोली मार दी जब वह उनका पीछा कर रहा था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 10 बजकर 55 मिनट पर डीटीसी डिपो, हरि नगर के पास तिलक नगर निवासी मनदीप सिंह के कंधे पर एक व्यक्ति ने हाथ रख दिया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने कहा कि सिंह को लगा कि व्यक्ति ने उसकी सोने की चेन चुराने का प्रयास किया और उसने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति के साथ दो अन्य लोग भी थे।

### येलो लाइन पर परिचालन आज आंशिक प्रभावित रहेगा

**नई दिल्ली।** मेट्रो की व्यस्त येलो लाइन के एक खंड पर 11 सितंबर को शुरुआती कुछ घंटों में ट्रेन का संचालन आंशिक रूप से उपलब्ध होगा। प्रभावित खंड सुल्तानपुर और कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशनों के एक तरफ का होगा।

मेट्रो रेल निगम ने ट्वीट किया, पूर्व नियोजित रखरखाव कार्य के कारण 11 सितंबर, 2022 यानी रविवार को सुबह 5:15 बजे से सुबह छह बजे तक समयपुर बादली की ओर जाने के लिए येलो लाइन पर सुल्तानपुर से कुतुब मीनार तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। येलो लाइन दिल्ली में समयपुर बादली को गुडग़ांव के हुडा सिटी सेंटर से जोड़ती है।

# शिक्षा नीति का जमीन पर क्रियान्वयन जरूरी: सिसोदिया

**‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020; कनेक्टिंग द डॉट्स’का आयोजन**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि नई शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए, जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन जरूरी है। तभी इसका लाभ सभी तक पहुंचेगा।

इन सभी बिन्दुओं को जोड़ना बेहद जरुरी है। इन मिसिंग डॉट्स को न जोड़े पाने की वजह से हमने बहुत कुछ खोया है7 दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय में शनिवार को ‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: कनेक्टिंग द डॉट्स’विषय पर कांफ्रेस का आयोजन किया गया जिसमें एनईपी 2020 के प्रभावी कार्यान्वयन, संरचनात्मक चुनौतियाँ और प्रभावी टीचर एजुकेशन के जरिए एनईपी 2020 के विजन पर चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि देश में शिक्षा के ऊपर बहुत सी शानदार पॉलिसी बनाई गई लेकिन उनका जमीनी स्तर पर कैसे क्रियान्वयन किया जाए इसपर काम नहीं हुआ जिसकी वजह से ये नीतियाँ काफी हद तक सफल नहीं रही7

कांफ्रेंस में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ, अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के उपकुलपति, व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की ड्राफ्टिंग कमिटी के सदस्य अनुराग बेहर, टाटा इंस्टिट्यूट ऑ? सोशल साइंसेज की चेयरपर्सन प्रो.पद्मा एम. सारंगपाणी, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी की स्कूल ऑ? एजुकेशन की प्रमुख ग्रेटा डिसूजा, सेंटा की सीईओ रमया वेंकटरमण, व टीच फॉर इंडिया से अस्वथ भरत ने भाग लिया। पिरामल फाउंडेशन के सीईओ आदित्य नटराज ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई।

# एलजी ने किया नीला हौज का दौरा, विकसित करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को अधिकारियों को नीला हौज जैव विविधता उद्यान की तरह राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख नालों पर दूषित जल को प्राकृतिक तरीके से साफ करने के लिए निर्मित आर्द्रभूमि (वैटलैंड) प्रणाली विकसित करने का शनिवार को निर्देश दिया।

मामले के जानकारी अधिकारी ने दी। बताया कि सक्सेना ने दक्षिण दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित नीला हौज जैव-विविधता उद्यान का दौरा किया। उपराज्यपाल ने निर्मित आर्द्रभूमि (सीडब्ल्यूएस) को शहरी कायाकल्प के एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में वर्णित किया और उद्यान के विकास और रखरखाव के लिए डीडीए की सराहना की। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को शहर के अन्य प्रमुख नालों पर इस तरह की प्रणाली को विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने बताया कि नीला हौज जैव विविधता उद्यान को नीला हौज झील के रूप में विकसित किया गया है, जो एक प्राकृतिक जलाशय है और इसका इस्तेमाल दक्षिणी दिल्ली को पीने के पानी की आपूर्ति करने के लिए किया जाता है।


उपराज्यपाल वीके सक्सेना राजनिवास में चंदन का पौधा लगाते हुए।

# आप जहां भी सत्ता में आएगी, संविदा कर्मचारी नियमित होंगे: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 8,736 स्कूली शिक्षकों को स्थाई करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार की शनिवार को सराहना की और कहा कि पार्टी जहां भी सत्ता में आएगी, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने को प्राथमिकता दी जाएगी।

केजरीवाल ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सभी राज्य सरकारों से ऐसा कदम उठाने का आग्रह भी किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में अतिथि शिक्षकों को नियमित करने के लिए विधानसभा में एक विधेयक पेश किया था लेकिन केंद्र ने इसे मंजूरी नहीं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं केंद्र और अन्य राज्य सरकारों से उनके सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का आग्रह करता हूं।

आम आदमी पार्टी देश के हर हिस्से में संविदा कर्मचारियों को नियमित किए जाने की पक्षधर है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम जहां भी सत्ता में आएंगे, हम उन्हें स्थाई नौकरी देंगे। यह उनका अधिकार है।

देश में पहली बार पंजाब में आप सरकार द्वारा 8,736 संविदा शिक्षकों की सेवाओं को नियमित किए जाने का दावा करते हुए केजरीवाल ने कहा कि कई हजार संविदा कर्मचारी जो अभी भी नियमित किए जाने इंतजार कर रहे हैं।

# आठ वर्षों में नहीं बढ़ा शिक्षकों का वेतन: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल की ढोल पीटने वाले केजरीवाल आज पंजाब में ठीक उसी तरह से शिक्षकों को पक्का करने का काम किया है, जैसे दिल्ली में मनीष सिसोदिया ने 15,000 शिक्षकों को पक्का किया था।

आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से यहां के शिक्षकों को अपना वेतन लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना प?ता इससे शर्म की बात और क्या हो सकती है। अभी हाल ही में दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज के शिक्षकों की वेतन में कटौती ने शिक्षकों के प्रति केजरीवाल की रणनीति साफ कर दी है।

आदेश गुप्ता ने पंजाब में 8,736 शिक्षकों को पक्का करने की बात केजरीवाल का झूठ बताते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि पूरे देश में दिल्ली एक ऐसा राज्य है जहां शिक्षक दिहाड़ी मजदूर की तरह काम करते हैं। जिनकी सरकारी छुट्टियों, त्योंहारों, रविवार जैसी तमाम छुट्टियों के पैसे काट लिए जाते हैं। ना टीए, डीए, एचआरए और सीएल मिलता है और ना ही कोई मेडिकल सुविधाएं।


आदेश गुप्ता

उन्होंने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों से 1.09 लाख छात्र कम हो गए जबकि इसी दौरान दिल्ली के निजी स्कूलों में 3.25 लाख छात्रों की संख्या में वृद्धि हो गई।

### सरकार प्रदूषण पर काबू पाने में नाकाम: बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं कर रही, यह आरोप दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को लगाया है। बिधूड़ी ने कहा कि इस साल दिल्ली के लोगों को एक भी ऐसा दिन नसीब नहीं हुआ जब उन्हें सांस लेने के लिए अच्छी हवा मिली हो।

पिछले पांच सालों में इस साल सबसे ज्यादा प्रदूषित दिन रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार सिर्फ कागजों पर ही प्रदूषण पर नियंत्रण के कार्यक्रम चलाती है और यही वजह है कि जमीनी हकीकत हर बार सरकार को गलत साबित करती है। दिल्ली में जब तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सुधार नहीं किया जाएगा।

### संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है आभूषण: लेखी

**नई दिल्ली।** हड़प्पा या सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक के आभूषण और शिल्प कौशल हमेशा हमारी संस्कृति का एक अनिवार्य हिस्सा रहे हैं। आभूषण शिल्प का हिस्सा होने के साथ ही कारोबार और रोजगार प्रदान करता है।

ये बातें विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आभूषण व्यापार शो ‘दिल्ली ज्वैलरी एंड जेम फेयर’ 10वें संस्करण के शुभारंभ के अवसर पर कही। यह मेला सोमवार तक जारी रहेगा। लेखी ने कहा कि भारत को ‘सोने की चिड़िया’ कहा जाता रहा है। यह उद्योंग बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करता है और देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। आभूषण व्यवसाय में शिल्प कौशल को बढ़ावा देने और मजबूत करने की आवश्यकता है।

# परीक्षाओं की तारीख बदलने वाली याचिका खारिज

**यूपीएससी की मुख्य और एफएसएसएआई का टेस्ट एक ही दिन**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने 24 सितंबर को होने वाली सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा या एफएसएसएआई भर्ती परीक्षा, दोनों में से किसी एक की तिथि में बदलाव के अनुरोध वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि अब ऐसा करने से अन्य उम्मीदवारों को काफी असुविधा हो सकती है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत की है और वह दोनों में शामिल होने का इच्छुक है। यदि दोनों परीक्षाओं में से एक की तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाता है, तो उसे उनमें से किसी एक में शामिल होने का अवसर छोडऩा होगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि भले ही याचिकाकर्ता का यह आग्रह करना उचित हो कि दोनों परीक्षाओं की तिथि समान होने के कारण उसे उनमें से किसी एक में उपस्थित होने का अवसर छोडऩा होगा।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने दो सितंबर को सुनाए गए आदेश में कहा कि सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए 24 सितंबर, 2022 की तारीख कम से कम दो महीने पहले घोषित की गई थी और इसी तरह, तकनीकी अधिकारी के पद के लिए परीक्षा की तारीख एक महीने से अधिक समय पहले उम्मीदवारों को बता दी गई थी।

# जीएमडीए व नगर निगम गुरुग्राम 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित करेंगे वन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) और डेलॉइट कंपनी संयुक्त रूप से सेक्टर-109 में 10 एकड़ क्षेत्र में एक शहरी वन विकसित करेंगे। जीएमडीए और एमसीजी के पर्यावरण विंग सभी तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और खर्च डेलॉइट कंपनी और उसके भागीदारों द्वारा वहन किया जाएगा।

योजना की शुरुआत के लिए शनिवार का पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेयर मधु आजाद और हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन राकेश दौलताबाद अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए। जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव भी मौजूद रहे। मेयर मधु आजाद ने कंपनी की पहल का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि इस पहल के तहत तैयार होने वाली संपत्ति को किसी भी कीमत पर संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण और हरित आवरण में वृद्धि आवश्यक है। उन्होंने कहा हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत होती है, जो पौधों द्वारा उत्सर्जित होती है, इसलिए आने वाले समय में स्थाई आजीविका के लिए, हर व्यक्ति को गुरुग्राम में ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और कम से कम 3-4 साल तक या जब तक वे पौधे बड़े नहीं हो जाते तब तक इनकी देखभाल करनी चाहिए। सरकार की प्राथमिकता वन क्षेत्र को बढ़ाना है, जिसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑक्सी-वन नामक एक महत्वकांक्षी योजना शुरू की है।



गुरुग्राम में वन क्षेत्र विकसित करने के लिए पौधारोपण करते अतिथि।

इस योजना का उद्देश्य शहरों के पास कुछ क्षेत्र में वृक्षारोपण करना है, ताकि वहां रहने वाले लोगों को ऑक्सी-वन से सांस लेने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके। डेलॉयट कंपनी के चेयरमैन धवन ने कहा कि उनके सहयोगी देश भर में पौधारोपण से संबंधित परियोजनाओं को क्रियान्वित करेंगे और हरियाणा, विशेष रूप से गुरुग्राम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यहां पर पर्यावरणीय चुनौतियां बहुत अधिक हैं। जीएमडीए के एडिशनल सीईओ सुभाष यादव ने कहा कि उन पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने में हम मदद करेंगे। तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाएंगे। कम्पनी पौधारोपण के प्रोजेक्ट बनाकर हरियाली को बढ़ावा दें।

# डॉ. महेश शर्मा के नेतृत्व में त्रिपुरा में मजबूत होगी भाजपा : मनजीत सिंह



नोएडा में भाजपा जिला कार्यालय में सांसद एवं त्रिपुरा के प्रभारी डा. महेश शर्मा का स्वागत करते भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह और जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज।

## गौतमबुद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा को युवा भाजपा नेता मनजीत ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**त्रिपुरा** के प्रभारी बनाए जाने पर गौतमबुद्ध नगर के सांसद डा. महेश शर्मा को युवा भाजपा नेता मनजीत सिंह ने बधाई दी और बुके देकर उनका स्वागत किया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद भी किया।

त्रिपुरा प्रदेश के प्रभारी बनाए जाने पर डॉ. महेश शर्मा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो उन पर भरोसा जताया है, वे उस पर खरे उतरेंगे।

त्रिपुरा के प्रभारी बनने के बाद शनिवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा भाजपा कार्यालय ग्रेटर नोएडा पहुंचे। वहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद डा. महेश शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जेवर विधानसभा से भाजपा के युवा नेता मनजीत सिंह और भाजपा आईटी जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज जीने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद डॉ. महेश शर्मा का स्वागत किया।

भाजपा कार्यालय पर सांसद डॉ. महेश शर्मा के साथ जिला प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, जिला अध्यक्ष विजय भाटी, जिला पंचायत चेयरमैन अमित चौधरी, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, युवा नेता मनजीत सिंह, मदन प्रधान, दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, ओमप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अग्नि सुरक्षा से बचाव के लिए सेक्टर-57 में की गई मॉक ड्रिल



गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित सोसायटी में आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल करते अल्फाकॉर्प मैनेजमेंट सर्विसेज के सुरक्षाकर्मी।

**गुरुग्राम।** सुरक्षा ही बचाव है के ध्येय वाक्य के साथ अल्फाकॉर्प मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और अग्नि सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित फ्रीडम पार्क लाइफ कॉन्डोमिनियम में किया गया। यह ड्रिल फायर एनओसी में उल्लिखित अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप था। इस ड्रिल के अंर्तत सुरक्षा कर्मचारियों ने किसी भी आपातकालीन स्थित में लोगों की सहायता कैसे बेहतर तरीके से की जा सकता है और उनके जीवन कों सुरक्षित बचाया जा सकता है, इसको मॉक ड्रिल के माध्यम से निवासियों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एक निवासी ने बताया कि मॉक ड्रिल में हमने देखा और जाना कि आपातकालीन स्थिति में हम एक दूसरे को कैसे मदद कर सकते है तथा सुरक्षा के नजरिये से यह मॉक ड्रिल अत्यंत जरूरी था। इस तरह की गतिविधियां निवासियों के बीच एक भरोसा स्थापित करती हैं। यह मॉक ड्रिल सुरक्षा मानकों को मजबूत करने एवं मुस्तैद रहने के लिए एक सुविधा प्रबंधन संगठन के रूप में अल्फाकॉर्प मैनेजमेंट सर्विसेज की स्थिति को भी मजबूत करेगी, जो निवासियों की सुरक्षा की देखभाल करती है और सुरक्षा जागरूकता आवश्यकताओं का पालन करती है। गतिविधि के संबंध में निवासियों को भी आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने इस अभ्यास का लाइव प्रस्तुति देखा।

## हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब का हरियाणा में अभिनंदन



बिप्लब कुमार देब।



नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भी पार्टी को मजबूती मिलेगी। उनका हरियाणा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। एक जिम ट्रेनर से राजनेता बने बिप्लब कुमार देब ने 2016 में त्रिपुरा भाजपा की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में त्रिपुरा राज्य में पार्टी ने फर्श से अर्श तक का सफर तय किया। त्रिपुरा की 60 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनावों में भाजपा की शानदार जीत में वहां के प्रदेश अध्यक्ष रहे बिप्लब कुमार देब का अहम योगदान रहा। नवीन गोयल ने कहा कि बिप्लब कुमार देब भारतीय जनता पार्टी के बहुत पुराने नेता हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने अपने राज्य का खूब विकास किया। प्रगति के पथ पर चलाया। अनेक जन कल्याणकारी नीतियों से उन्होंने त्रिपुरा की जनता को सुविधाएं दी। बेदाग छवि के नेता बिप्लब कुमार देब को अब भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उनकी कार्यकुशलता से ही हरियाणा प्रभारी बनाया है। उन्होंने संगठन के लिए बेहद ही मजबूती के साथ कार्य किया है। हरियाणा प्रभारी के रूप में पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे खरे उतरेंगे। श्री गोयल ने कहा कि हरियाणा दौरे पर आने के दौरान बिप्लब कुमार देब का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा हर राज्य में पार्टी को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में पार्टी मजबूती है। इस मजबूती को और अधिक बढ़ाने के लिए अब बिप्लब कुमार देब को पार्टी ने दायित्व सौंपा है। नवीन गोयल ने कहा कि बिप्लब कुमार देब के जन्म स्थान को लेकर जब विवाद हुआ था तो उन्होंने कहा था कि वह भारतीय हैं और उनका जन्म भारत में हुआ है। विपक्ष को उनका यह करारा जवाब था। वे अपनी बात को बेबाकी से रखने में कुशल हैं।

## एलिवेटेड मार्ग पर कार ने बाइक सवार युवक की जान ली

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार 24 वर्षीय कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। भोंडसी पुलिस ने कर्मचारी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार शाम सात बजे के लगभग सात बजे गुरुग्राम-सोहना पर घामडौज फ्लाइऑवर तेज रफ्तार कार ने सामने जा रही बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रुप से घायल युवक ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान राजस्थान मूल निवासी हिमगिरी चौधरी के रूप में हुई है। मृतक धुनेला के पास स्थित सोसायटी में नौकरी करता था। मृतक के सहयोगी कर्मचारी पुष्पेन्द्र यादव ने पुलिस को बताया कि वे दोनों अपनी-अपनी बाइक से होकर धुनेला से भोंडसी आ रहे थे। हिमगिरि उसके आगे बाइक पर चल रहा था। भोंडसी पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कार चालक की पहचान टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से तलाश में जुट गई है।

# सेक्टर-9 महाविद्यालय के विद्यार्थी करेंगे नेताजी के जीवन पर शोध



राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में भारतीय शिक्षण मंडल एवं युवा आयाम एवं रिसर्च फॉर रिसरजेंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सदस्य।

## विद्यार्थियों को बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** महाविद्यालय सेक्टर-9 में भारतीय शिक्षण मंडल एवं युवा आयाम एवं रिसर्च फॉर रिसरजेंस फाउंडेशन द्वारा सुभाष-सरकार-स्वराज विषय पर शोध करने के लिए विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को जागरूक किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपना सब-कुछ अर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों के कारण आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश के लिए हर संभव कायज़ करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन पर अधिक से अधिक जानकारी हासिल कर इस शोध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भारतीय शिक्षण मंडल की हरियाणा प्रांत की महिला प्रमुख डॉ. जगदम्बे वर्मा ने बताया कि नेताजी देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को जानने के लिए रिसर्च पेपर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 40 वर्ष की आयु तक कोई भी विद्यार्थी, शोधार्थी अथवा शिक्षक भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2022 है। 30 सितम्बर 2022 तक शोध पत्र प्रकाशित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रांत से तीन सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र देने वाले शोधार्थी राष्ट्रीय यंग रिसर्चर कॉन्कलेव में भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता गौड़ एवं रोहित शर्मा ने छात्र-छात्राओं को नेताजी के जीवन पर गहन शोध करने के लिए कहा।

उन्होंने अन्य प्राध्यापकों को भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गीतिका, डॉ. नीलम दहिया, डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. मुकेश शर्मा, बहादुर सिंह, संजय कत्याल, हरीश कुमार, डॉ. राजेश सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# एकाग्रता भी बढ़ाता है कैरम खेल : बोधराज सीकरी

## अंतर विद्यालय कैरम प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही यह बात

## सेक्टर-49 स्थित नव्याआंध्र स्कूल में हुई यह प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**दो दिन** से चल रही जिले की अंतर विद्यालय कैरम प्रतियोगिता का समापन हो गया। गुरुग्राम जिला कैरम संघ की ओर से सेक्टर-49 स्थित नव्याआंध्र स्कूल में यह प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता को छह वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें कैडेट बालक व बालिकाएं (12 वर्ष आयु से कम) सब जूनियर बालक व बालिकाएं (14 वर्ष कम) तथा जूनियर बालक व बालिकाएं (18 वर्ष से कम) के खिलाड़ी शामिल किए गए। इस प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों के करीब 100 बच्चों ने भाग लिया।

प्रसिद्ध समाजसेवी, सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष एवं जिला कैरम संघ के अध्यक्ष बोधराज सीकरी समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने यहां विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री सीकरी ने कहा कि छात्र-छात्राएं कैरम को एक पेशेवर खेल के रूप में भी अपना सकते हैं। वर्तमान में 500 से ज्यादा कैरम के खिलाड़ी खेल कोटे के तहत अच्छी नौकरियां भी हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कैरम के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों (14 से 20 वर्ष के बीच) को सरकारी संस्थानों द्वारा मासिक स्कॉलरशिप भी दी जा रही है।

कैरम के खिलाड़ी मारिया इरुद्यम को दो विश्व खिताब व नौ राष्ट्रीय खिताब जीतने पर भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। श्री सीकरी ने कहा कि छात्र कैरम खेल से अपनी एकाग्रता को भी बढ़ा सकते हैं।

इस अवसर पर रीच संस्थान के अध्यक्ष हरिन्दर सिंह होरा विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने जीवन में खेलों का महत्व बताया और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में खेल की भावना से भाग लेना महत्वपूर्ण होता है। हार से निराशा नहीं होनी चाहिए, बल्कि उससे सीखना चाहिए। कैरम से छात्र रणनीति और योजना बनाना भी सीख सकते हैं। उन्होंने कैरम को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। नव्याआंध्र स्कूल के अध्यक्ष एसके वर्मा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर हरियाणा कैरम संघ के महासचिव एसके शर्मा, गुरुग्राम कैरम संघ के महासचिव गौरव शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यहां के हर वर्ग में से चार-चार खिलाड़ी अब हरियाणा राज्य कैरम प्रतियोगिता के लिए चुने जाएंगे।

# नए सत्र के लिए राजकीय कन्या कालेज में हुआ हवन

## छात्राओं को प्राचार्य ने भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम







राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते प्राचार्य डा. रमेश गर्ग तथा असेंबली में मौजूद छात्राएं एवं शिक्षक।

**सेक्टर-14** राजकीय कन्या महाविद्यालय में नए सत्र में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए कॉलेज में शनिवार को असेंबली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. रमेश गर्ग ने सभी नई छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य व बेहतर पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी। मंच संचालन डॉ. पुष्पा अंतिल ने किया। गायत्री परिवार गुरुग्राम की ओर से हवन कराया गया। इसमें कॉलेज के प्राचार्य के अलावा प्राध्यापक, छात्राओं और सभी कर्मचारियों ने आहुति दी। पूर्णाहुति के बाद कॉलेज के सभागार में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश गर्ग ने कहा कि सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें। हर विषय की हर कक्षा में पहुंचे। आज का समय प्रतियोगिता का समय है। दाखिलों में भी बहुत ऊंची कट ऑफ रही है। ऐसे में जरूरी है कि उच्च शिक्षा के लिए स्नातक कक्षाओं में अच्छे नंबरों से छात्राएं पास हों। उन्होंने कहा कि कॉलेज का बेहतर वातावरण है। हर तरह से यहां का माहौल अच्छा है। इसलिए छात्राएं चाहे घर से आएं या फिर हॉस्टल में रहें। सभी को अपनी पढ़ाई पर फोकस करके भविष्य बनाना है। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस आदि गतिविधियों भी यहां चलाई जाती हैं। इच्छुक छात्राएं इनमें भाग ले सकती हैं।

# कृषि क्षेत्र में नई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए : आरजी अग्रवाल, धानुका समूह के अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**अग्रणी** कृषि रसायन फर्म धानुका ग्रुप के चेयरमैन आरजी अग्रवाल ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक के उपयोग की हिमायत की क्योंकि इसके उपयोग से फसल की पैदावार में सुधार होगी और किसान की लागत कम करने और आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों के छिड़काव सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से ही इस ड्रोन के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। श्री अग्रवाल ने किसानों को फसलों की उत्पादकता और उत्पादन में सुधार के लिए सही दर पर अच्छी गुणवत्ता वाले इनपुट जैसे बीज, उर्वरक और कीटनाशक प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और भारतीय कृषि में घटिया कीटनाशकों की बड़े पैमाने पर बिक्री के बारे में बताया कि कैसे इससे फसल की उपज और किसानों की आय दोनों प्रभावित होती है। अग्रवाल ने कृषि वस्तुओं के



मार्केटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए, अग्रवाल ने कहा बाजार में नकली और घटिया कृषि रसायनों की बिक्री, हम सभी के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसे घटिया कृषि रसायन का उपयोग मिट्टी की उर्वरता पर प्रभाव डालता है। इस तरह के खराब उत्पाद फसलों में कीटों को नियंत्रित करने में असमर्थ होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप फसलों को नुकसान होता है और किसानों की आय कम होती है। अग्रवाल ने किसानों को कीटनाशक खरीदते समय सही बिल लेने की सलाह भी दी।

उन्होंने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों से मांग की कि घटिया कृषि रसायन बेचने वाली संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए और केंद्र को राष्ट्रीय स्तर पर जागरुकता अभियान भी चलाना चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि, कंपनी ने एसीएफआई के साथ मिलकर जागो किसान जागो अभियान शुरू किया है, जो किसानों को नकली उत्पादों के खतरों और उन्हें दूर करने के तरीकों के बारे में शिक्षित करेंगे।

उन्होंने कहा, किसानों के हित के लिए घटिया कीटनाशक और मिलावटी कृषि रसायन के खतरे से निपटना और किसानों की आय को दोगुना करने के सरकार के उद्देश्य को सुनिश्चित करना अनिवार्य है। अग्रवाल ने पिछले पांच दशकों में भारत के खाद्यान्न और अन्य प्रमुख फसलों के उत्पादन को बढ़ाने में कृषि रसायन क्षेत्र की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अग्रवाल ने कहा, भारत सभी प्रमुख फसलों के उत्पादन में नंबर एक या दो है, लेकिन वैश्विक औसत की तुलना में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बहुत कम है।

उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों के सही उपयोग से फसल की पैदावार बढ़ाने में काफी मदद मिल सकती है।

# किसानों को देसी गाय की खरीद पर दी जाएगी सब्सिडी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास दो से पांच एकड़ भूमि है, उनको देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम नि:शुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार में बढ़ रही मांग के मद्देनजर किसानों द्वारा अधिक उपज प्राप्त करने के लिए रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्बनिक कार्बन में जबरदस्त कमी आई है।

मिट्टी तथा फसल उपज में हानिकारक रसायनों में वृद्धि हुई है। इन हानिकारक रसायनों के प्रभाव को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे कि किसानों की आमदनी को दोगुना तथा खेती को जहर मुक्त बनाया जा सके। डीसी ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं, ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को खेती के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि दे सकें।

# दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारत में उच्च शिक्षा के शासन में परिवर्तन लाने के लिए समर्थ ईगॉव का गठन व विस्तार एडब्लूएस पर किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमेजॉन.कॉम की कंपनी, एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ इंक. ने घोषणा करके बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय भारत के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) को ओपन सोर्स, सुरक्षित, स्केलेबल, और मजबूत प्रोसेस ऑटोमेशन ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म, समर्थ ईगॉव को अपनाने में सक्षम बनाने के लिए एमेजॉन वेब सर्विसेज का उपयोग कर रहा है। समर्थ ईगॉव के संग्रह में 40 से ज्यादा सॉफ्टवेयर मॉड्यूल हैं, जो शैक्षणिक, प्रशासन, विद्यार्थी सेवाओं, मानव संसाधन, शासन, लेखा, एवं वित्त से संबंधित हैं और भारत में केंद्रीय व राजकीय विश्वविद्यालयों, एचईआई एवं प्रीमियर टेक्निकल संस्थानों को क्लाउड-बेस्ड सेवाएं प्रदान करते हैं।

इस संग्रह द्वारा विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को एक ऑटोमेशन इंजन प्राप्त होता है, जो उन्हें पेपर पर आधारित और पारंपरिक थर्ड पार्टी एंटरप्राईज़ रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सिस्टम्स से ज्यादा सुरक्षित, भरोसेमंद, और स्केलेबल प्लेटफॉर्म में माईग्रेट करता है, जो डिजिटल प्रक्रियाओं और

## समर्थ ईगॉव 2023 तक भारत में 5 से ज्यादा उच्च शिक्षा के संस्थानों तक पहुँच जाएगा

वर्कफ्लो को स्टैंडर्डाईज़ कर ऑटोमेट कर देता है। एमेजॉन वेब सर्विसेज़ का इस्तेमाल कर समर्थ ईगॉव शैक्षणिक संस्थानों को शैक्षणिक सेवाओं की गति व गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करता है, ताकि वो विद्यार्थियों, फैकल्टी और स्टाफ को ज्यादा भरोसेमंद अनुभव प्रदान कर सकें। समर्थ ईगॉव के देश में बढ़ते एडॉप्शन के साथ शैक्षणिक संस्थान अब शिक्षा नीति में हुए बदलावों और बाजार की मांगों के अनुरूप ज्यादा तेजी से ढलने में समर्थ बन गए हैं। समर्थ ईगॉव को भारत में 200 से ज्यादा विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों, 40 से ज्यादा केंद्रीय और राजकीय विश्वविद्यालयों तथा 100 से ज्यादा महाविद्यालयों द्वारा अपनाया जा चुका है। समर्थ ईगॉव एमेज़ॉन वेब सर्विसेज की मजबूत उपलब्धता, स्केलेबिलिटी, गति, तीव्रता, सुरक्षा और लचीलेपन का उपयोग पूरे देश में 7.6 मिलियन से ज्यादा विद्यार्थियों के प्रवेश के आवेदनों को प्रोसेस करने, 600,000 से ज्यादा फैकल्टी और स्टाफ भर्ती के आवेदनों को संभालने, और 7.5 मिलियन से ज्यादा विद्यार्थियों के रिकॉर्ड का प्रबंधन करने के लिए करता है। समर्थ ईगॉव के एडॉप्शन का अगला चरण 2023 तक 500 से ज्यादा उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने की उम्मीद है।

दिल्ली विश्वविद्यालय, साउथ कैंपस के ज्वाईंट डायरेक्टर, प्रोफेसर संजीव सिंह ने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो रहा है, और यह साफ हो चुका है कि भविष्य में हमें शैक्षणिक संस्थानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक पर्पज़-बिल्ट, नीति-आधारित एवं एडैप्टेबल प्लेटफॉर्म की जरूरत होगी। समर्थ ईगॉव का विकास एक ओपन-सोर्स, अत्यधिक लचीले, इंटरकनेक्टेड, सुरक्षित, और स्केलेबल प्लेटफॉर्म के रूप में किया गया है, जो एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ पर क्लाउड-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ सॉफ्टवेयर-एज़-ए-सर्विस मॉडल के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह भारत में विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा के संस्थानों की विकसित होती एवं विस्तृत मांगों को पूरा कर सकता है।

# लॉन्ग रूटों के लिए मिलीं जिला रोडवेज को छह नई बसें

कविता। फरीदाबाद

फरीदाबाद डिपो को शुक्रवार की शाम को छह नई बसें मिल गई हैं। तीन दिन के ट्रायल के तौर पर इन बसों को लोकल रूट फरीदाबाद-गुरुग्राम और बल्लभगढ़-पलवल के बीच चलाया जाएगा। इसके बाद बसों को लंबे रूट पर उतारा जाएगा। वहीं शुक्रवार के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से राजस्थान स्थित खाटू श्याम के दर्शन के लिए भी बस सेवा शुरू कर दी गई है। इस बस को राजस्थान सरकार से परमिट मिलते

## शुक्रवार से खाटू श्याम जी के लिए शुरू की गई है बस सेवा : लेखराज

ही शुक्रवार को इसे शुरू कर दिया गया। यह बात हरियाणा रोडवेज के जीएम लेखराज ने कही। उन्होंने कहा कि नई बसों के आने से डिपो में बसों की संख्या 91 हो गई है।

जीएम लेखराज ने बताया कि ट्रांसपोर्ट विभाग की ओर से




खाटू श्याम के दर्शन के लिए भी बस सेवा शुरू कर दी। जीएम लेखराज

रोडवेज के फरीदाबाद डिपो के लिए 18 बसें आवंटित की गई हैं। जिसमें से डिपो को छह बस मिल गई हैं। अन्य 12 बसें भी अक्टूबर माह में मिल जाएंगी। नई बसों को अभी तीन दिन तक गुरुग्राम और बल्लभगढ़ और पलवल के बीच ट्रायल के तौर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह पहली बस ट्रायल के तौर पर पलवल के लिए चलाई गई। इसके अलावा अन्य बसों को भी गुरुग्राम और पलवल के रूट पर चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई बसों के आने से डिपो में बसों की संख्या 91 हो गई है। साल 2020 में रोडवेज को छह मिनी बसें मिली थीं। इन बसों में यात्रियों के लिए 59 सीट हैं। वहीं ड्राइवर के लिए आराम करने के लिए भी स्लीपर सीट लगाई गई है।

**चालू हुई बस :** जीएम लेखराज ने बताया कि खाटू श्याम तीर्थ स्थल जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी अधिक थी, लेकिन कोरोना के कारण बस बंद थी। अब एक बार फिर यात्रियों की संख्या को बढ़ते देखकर राजस्थान सरकार से परमिट मांगा गया था। जिसके मिलने पर उन्होंने शुक्रवार को बस सेवा शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि बस का संचालन दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड से किया गया। यह बस एनआईटी बस स्टैंड होकर जाएगी। कोरोना काल के दौरान यात्रियों की संख्या कम होने की वजह बस का संचालन बंद कर दिया था। अब हर रोज सैकड़ों की संख्या में यात्री खाटू श्याम जाने के लिए बस स्टैंड पर आते हैं। बस को अभी ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया है।

# गोवंश भगाने के विवाद में बुजुर्ग महिला की पीटकर हत्या

## पड़ोसियों द्वारा की गई मारपीट में मृतका के तीन बेटे और बहू भी घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बल्लभगढ़ के गांव छांयसा स्थित पावर हाउस के पास एक बस्ती में आवारा गोवंश को भागने के चक्कर में दो परिवारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। जिसे लकर एक परिवार के सदस्यों ने पड़ोसी परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बेटे को बचाने के चक्कर में 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई।

मारपीट के दौरान मृतका के तीन बेटे और एक बहू भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल किया गया है। घायल के बयान पर थाना छांयसा पुलिस ने आरोपी परिवार के



बीके अस्पताल की मोरचरी के बाहर शोकाकुल मृतक महिला के परिजन। कार्रवाई करते पुलिस अधिकारी।

पांच सदस्यों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

छांयसा स्थित पॉवर हाउस के पास बस्ती में रहने वाले बग्गा सिंह ने बताया कि वह और उनके दो भाई खजान सिंह व जसवंत सिंह मजदूरी करते हैं। उनकी मां वीरोबाई उनके साथ ही रहती है। शनिवार की सुबह एक गोवंश उनके घर के सामने से पड़ोसी गुरनाम के घर के पास चला गया। इस बीच गुरनाम व उसकी पत्नी प्रीतोबाई व उसके लड़के सोनू, बिल्लू सिंह, व बबलू सिंह ने उनकी मां वीरोबाई को गलियां देते हुए गोवंश को उनके घर के पास भगाने का आरोप लगाया। विवाद होते वह और अन्य लोग मां को घर ले गए। इस बीच गुरनाम, उसकी पत्नी प्रीतोबाई व उसके बेटे सोनू, बिल्लू सिंह व बबलू सिंह लाठी, फावड़ा, व ईंटों से उसके भाई जसवंत पर हमला कर दिया। बेटे पर हमला होते देख उसकी मां वीरोबाई, उसका भाई खजान सिंह व जसवंत उर्फ नीकू की पत्नी शकुंतला मां व जसवंत को बचाने के लिए पहुंचे। जहां आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। बबलू ने उसकी मां वीरोबाई के सिर में फावड़ा व बिल्लू ने लाठी से मारी। बबलू ने जसवंत के सिर में फावड़ा मारा और फिर बिल्लू ने जसवंत के सिर में लाठी मारी।

बिल्लू ने लाठी से उसके साथ मारपीट की। बिल्लू ने उसके भाई खजान को भी लाठी से मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे, उसकी मां और भाइयों को ईंट-पत्थरों के साथ मारपीट कर घायल किया। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें एक निजी अस्पताल में भेज दिया। बीरोबाई की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डीसीपी कुशल सिंह, एसीपी सुखबीर सिंह और थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल बग्गा सिंह के बयान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

# सीएम ने विधायक नयन पाल की बहन के निधन पर शोक प्रकट कर परिवार को दी सांत्वना



मुख्यमंत्री मनोहर लाल विधायक नयनपाल रावत की बहन के निधन पर शोक प्रकट करते हुए।

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को पृथला के विधायक एवं हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमैन नयनपाल रावत के सेक्टर-15 स्थित निवास पर पहुंच कर उनकी बड़ी बहन सन्तोष देवी के निधन पर शोक प्रकट किया।

विधायक नयनपाल रावत की बहन सन्तोष देवी का दो सितम्बर को असमायिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस दौरान विधायक नयनपाल रावत के पिता सूरज पाल, माता वीरवती, बेटे विक्रांत, भाई यशपाल रावत, जीजा चरण सिंह गौड़ सहित अन्य परिवारजनों से भी मुलाकात की। इस दौरान परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम, डीसीपी मुकेश मल्होत्रा, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, दिगंबर चौधरी, रामनिवास तंवर, सुखबीर सिंह लाला, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. संजय रावत, मोती लाल, दुर्गापाल रावत, लक्ष्मण रावत, ज्ञान कौशिक, गजेंद्र रावत, बिजेंदर तेवतिया पाल पंच, जगदीश तेवतिया, हुकम चौधरी, निखिल बिसला, रमेश सरपंच जवा, हरकेश तेवतिया, अशोक अरोड़ा, अमित गावा, अनीश खान, दिगंबर, अशोक कुमार सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक तथा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्राउन प्लाजा ने पंच बॉक्सिंग की मेजबानी की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने द पंच बॉक्सिंग के 8वें संस्करण की मेजबानी की। आयोजन में वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल (डब्ल्यूबीसी) - एशियन बॉक्सिंग काउंसिल कॉन्टिनेंटल टाइटल प्रतियोगिता भारत के हर्ष गिल और कोरिया के सुंग जिन क्वाक के बीच हुई। हर्ष गिल ने मैच जीत लिया और एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल कॉन्टिनेंटल चैंपियन बने।

प्रतिष्ठित पेशेवर मुक्केबाजी श्रृंखला की मेजबानी के अनुभव के बारे में बात करते हुए, क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक, शरद के. उपाध्याय ने कहा, क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा में चौथी बार द पंच बॉक्सिंग के आयोजन की मेजबानी करना एक शानदार अनुभव रहा है। हम अपने संरक्षकों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और शामों की मेजबानी कर रहे हैं, यह एक ऐसी श्रृंखला है जो उत्साह और बहुत सारे मनोरंजन से भरी है। इस श्रृंखला की मेजबानी करने का मुख्य उद्देश्य भारतीयों के बीच पेशेवर मुक्केबाजी खेल को बढ़ावा देना है। ये आयोजन मेहमानों और संरक्षकों को नेटवर्किंग, व्यावसायिक संबंध और आनंद का एक बड़ा अवसर प्रदान करते हैं। द पंच बॉक्सिंग के संस्थापक, आरिफ खान ने कहा, 'एक और शानदार सीजन, ढेर सारा उत्साह और शानदार प्रतिक्रिया, एक आयोजक के रूप में हम अभिभूत हैं। सभी मेहमानों एवं अन्य लोगों ने फाइट्स का आनंद लिया। विशेष रूप से एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल कॉन्टिनेंटल चैम्पियनशिप मैच जहां हमारे स्थानीय लड़के ने कोरियाई मुक्केबाज के खिलाफ बेल्ट जीता। हमने 2013 में द पंच बॉक्सिंग की शुरुआत की थी और तब से यह एक जबरदस्त यात्रा रही



है, हमारा शुरुआती मकसद भारत में खेल को बढ़ावा देना था और मेरा मानना है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अद्भुत समर्थन और आतिथ्य के लिए शरद के. उपाध्याय और क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा का विशेष धन्यवाद, आयोजन की मेजबानी में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।'

द पंच बॉक्सिंग के आठवें संस्करण में निखिल राज, योगेश गूजर, चंदन कश्यप, हरीश कोरंगा, पवन कुमार आर्य, मनु शर्मा, आदिल राजेश सिंह, कौशम लकोसन सिंह, युगंधर रविंदर तमात, लालध्वमा, हर्ष गिल, सुंग जिन क्वाक, मनीष राघव, लेनिन बालूसामी, वीरेंद्र कुमार, कृष्ण सिंह, अरुण शर्मा, प्रवीण सिंह, आर्यन श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, चंद्रू गुरुमुरुगन और सागर जैसे देश भर के कुछ प्रसिद्ध मुक्केबाजों ने भाग लिया। श्रृंखला में डब्ल्यूबीसी एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल कॉन्टिनेंटल खिताब सहित कुल 11 पेशेवर मुकाबले हुए। डब्ल्यूबीसी एशियन बॉक्सिंग काउंसिल कॉन्टिनेंटल जीतते हुए हर्ष गिल ने कहा, यह मेरे और मेरे देश के लिए गर्व का क्षण है। जब तिरंगे और राष्ट्र की बात आती है, तो मैं ऐसे लड़ता हूं जैसे जीवन दांव पर है और आज मैंने वही किया। उन्होंने कहा, मैं अपने देश, अपने भारत के लिए इसे जीतकर वास्तव में बहुत खुश और उत्साहित हूं।

## फरीदाबाद के दो व्यक्तियों को बनाया था अपना शिकार

# पॉलिसी पर लोन दिलाने के नाम पर ठगने वाले तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आजकल के आधुनिक युग में जहां हर प्रकार की सुविधाएं घर बैठे ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती हैं वहीं कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति इसका गलत फायदा उठाकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। अपराधिक प्रवर्ति के व्यक्ति मोबाइल पर लोगो को घर बैठे ऑनलाइन बिजनेस करके अच्छा कमीशन देने के नाम पर लोगों के महनत की कमाई को हड़प लेते है। इसी प्रकार से साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर अपराध थाना सेंट्रल की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अभी जांच जारी है जिसमें अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों में विशाल, अंकित तथा उदित उर्फ गोपी का नाम शामिल है। आरोपी अंकित और उदित उर्फ गोपी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी के तथा



ठगी के आरोप में गिरफ्तार युवक विशाल, अंकित और उदित।

आरोपी विशाल दिल्ली के राजा बाजार का रहने वाला है। आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले प्रेमचंद के मोबाइल से बात कर इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस पालिसी करवाने पर आदित्य बिरला कैपिटल से 15 लाख का लोन दिलाने के नाम पर अपने फर्जी खाते में 26 फरवरी को 75 हजार व 28 फरवरी को भी 75 हजार रुपये डलवा कर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी इस बीच उनसे कई बार संपर्क करने की कोशिश करता रहा। पीड़ित ने 19 जुलाई को इसकी शिकायत साइबर थाने में दी जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की गई। डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल ने मामले में तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। साइबर टीम ने साइबर तकनीक का प्रयोग करके मामले में शामिल तीनों आरोपियों को गाजियाबाद के वैशाली में कॉल सेन्टर चलाते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था आरोपीयो से 5 मोबाइल फोन व सिम कार्ड सहित 39000 रुपये नकद बरामद हुए है।

पूछताछ के दौरान आरोपियों से सेक्टर-29 में रहने वाले अपूर्व सिंह के साथ भी एक अन्य 7.1 लाख रुपये की वारदात का खुलासा किया। जिसमें आरोपीयो को अदालत में पेश कर उपरोक्त केस में एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में पूछताछ की गई है। आरोपियों से पीड़ित अपूर्व सिंह के मामले में 42 हजार रुपये बरामद हुए है। आरोपी अपने व्हाट्सएप व ट्रूकॉलर का आइकन आदित्य बिरला कैपिटल का लगाकर रखते थे। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने कॉल सेंटर का स्थान पुलिस से बचने के लिए बदलते रहते है।

# केजीपी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत



केजीपी पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत के बाद कार्रवाई करती पुलिस।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरिद्वार गंगा स्नान को निकले दो लोगों को लघुशंका के लिए केजीपी पर रुकना भारी पड़ गया। दोनों को एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सेक्टर-8 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां दोनों की मौत हो गई। थाना छांयसा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पलवल के तिहा पट्टी निवासी दिनेश कुमार ने थाना छांयसा पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसके पड़ोसी का परिवार एक कैंटर में सवार होकर शुक्रवार की रात को हरिद्वार गंगा स्नान के लिए निकले थे। होडल से रात आठ बजे चले तो दो बजे रात्रि को छांयसा टोल प्लाजा के पास केजीपी पर लघुशंका के लिए रुके। उस दौरान नोएडा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उमेद और सतपाल को अपनी चपेट में ले लिया। सीधी टक्कर लगने से दोनो बुरी तरह से घायल हो गए। गाड़ी चालक मौके से पलवल की तरफ भाग गया। जिस पर उमेद और सतपाल को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रव्यापी आईसीएआई एमएसएमई सेतु और यात्रा का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंट्स (आईसीएआई) ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आजादी का अमृतमहोत्सव की पृष्ठभूमि में राष्ट्रव्यापी आईसीएआई एमएसएमई सेतु और आईसीएआई एमएसएमई यात्रा का आयोजन किया है। इन आयोजनों के तहत 75 दिनों में उद्यमिता को बढ़ावा देने और 75 शहरों में 75 कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। यह आईसीएआई एमएसएमई यात्रा इस शुक्रवार 09 सितम्बर को फरीदाबाद शाखा ऑफ (आईसीएआई) में आई है।

फरीदाबाद ब्रांच के चेयरमैन सीए हर्ष कुमार मित्तल मित्तल ने इस यात्रा का स्वागत किया और कहा कि यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के विभिन्न प्रयासों को प्रदर्शित करने वाला रथ हमारे शहर में घूमेगा। उल्लेखनीय है कि विकास इंजन में एक प्रमुख कारक होने के नाते, आईसीएआई ने उद्यमिता को अगले स्तर तक ले जाने के लिए गहन प्रयास किए। उन्होंने कहा कि इससे सीए और एमएसएमई क्षेत्र को मदद मिलेगी। इस दिन शाखा में उद्यम रजिस्ट्रेशन एंड फैसिलिटेशन कैंप लगाया और एक एमएसएमई



कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमे राजीव चावला, चेयरमैन आईएमएसएमई ऑफ इंडिया, सुनील कुमार असिस्टेंट डायरेक्टर, एमएसएमई-डीआईओ, नई दिल्ली, और धीरेन्द्र कुमार, मैनेजर एनएसआईसी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईसीएआई एमएसएमई इको सिस्टम, आईएमएसएमई ऑफ इंडिया, लघु उद्योग भारती, सिडबी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडिया एक्सिम बैंक, एनएसआईसी, हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम, एमएसएमई-डीआईओ, नई दिल्ली, ने अपना भरपूर योगदान दिया सीए हर्ष कुमार मित्तल, चेयरमैन फरीदाबाद ब्रांच, सीए नितेश पाराशर, वाईस चेयरमैन, सीए राजेंदर सिंह ढिल्लों, सचिव, सीए मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, सीए संदीप शर्मा, चेयरमैन स्टूडेंट समिति, सीए संजय गुप्ता, एजीक्यूटिव मेम्बर, सीए शिव शर्मा, एजीक्यूटिव मेम्बर, सीए विपिन शर्मा, एक्स ओफिसियो, फरीदाबाद ब्रांच ने उपस्थित गेस्ट स्पीकर एवं गेस्ट्स का ग्रोइंग प्लांट एवं स्मृति चिह्न देकर उनका सम्मान किया मंच का संचालन सीए राजेंदर सिंह ढिल्लों ने सफलतापूर्वक किया कार्यक्रम में आए गेस्ट स्पीकर्स ने उपस्थित मेम्बर्स को सरकार द्वारा लाई गई एमएसएमई की आई नई स्कीमो से अवगत कराया एवं उनके लाभों के बारे में भी बताया और शाखा के वाईस चेयरमैन सीए नितेश पराशर ने कहा की आईसीएआई की फरीदाबाद शाखा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है और फरीदाबाद शाखा के मेम्बर्स एमएसएमई की जरूरतों के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के रूप में काम कर रहे हैं। अंत में सीए नितेश पाराशर ने धन्यवाद के शब्दो के साथ सभा का समापन किया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# लुटेरे ने तीन युवकों को चाकू मारकर किया घायल

फरीदाबाद। लुटेरे का विरोध करना एक व्यक्ति समेत उसके भाई और दोस्त को भारी पड़ गया। आरोपी बदमाश तीनों को चाकू मारकर मौके से फरार हो गया। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां एक की हालत गंभीर है। जबकि दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सूरजकुंड रोड पर शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे बदमाश लकड़पुर के एक युवक से लूटपाट कर रहा था। उसके बचाव को आए उसके चचेरे भाई और दोस्त को बदमाश ने चाकू मार दिया। पुलिस को दी शिकायत में लकड़पुर निवासी विजय पाल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे उनके चचेरे भाई बंटी से आकाश नाम के युवक ने 300 रुपये लूट लिए। विरोध करने पर आकाश ने बंटी से मारपीट शुरू कर दी। जानकारी मिलते ही विजयपाल व भारत भी बीच-बचाव करने पहुंच गए। इस दौरान आकाश ने विजयपाल के पेट में चाकू मार दिया। तभी आरोपी ने बंटी व उसके दोस्त भारत को भी चाकू मारकर घायल कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## 40 प्रतिशत अनुदान पर लगाए बायोगैस प्लांट : अपराजिता



फरीदाबाद। अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी अपराजिता ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान बायोगैस को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत बायोगैस प्लांट योजना शुरू की गई है। बायोगैस प्लांट की लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ पोल्ट्री फार्म तथा व्यावसायिक, खुद की डेयरी व गऊशाला लाभ उठा सकते हैं। एडीसी अपराजिता ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए 20 सितंबर 2022 तक आवेदन करें। एडीसी ने बताया कि लाभार्थी इस स्कीम की अधिक जानकारी के लिए स्थानीय अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के परियोजना अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है तथा अपना आवेदन भी इस कार्यालय में 20 सितंबर तक जमा करवा सकते है।

## डॉ. ज्योत्सना सिंह की पुस्तक का किया विमोचन



फरीदाबाद। केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय के सभागार में डॉ. ज्योत्सना सिंह के दो काव्य संग्रहों का भव्य विमोचन हुआ। गजल संग्रह का नाम 'इश्क इबादत' और कविता संग्रह 'बहरूपिया' है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसार से सांसद बिजेंद्र सिंह थे। अध्यक्षता प्रख्यात शायर केके 'ऋषि' ने की। अति विशिष्ट अतिथि प्रख्यात शायर 'मंगल नसीम' और विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, विधायक सीमा त्रिखा और प्रख्यात कवि दिनेश रघुवंशी रहे। समारोह में केएल मेहता दयानंद शिक्षण संस्थाओं के प्रमुख आनंद मेहता और वरिष्ठ कवयित्री रेखा रोहतगी का भी स्नेहिल सानिध्य प्राप्त हुआ। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. ज्योत्सना सिंह के जीवन साथी समाजसेवी और पूर्व जीएम रोडवेज चांद सिंह ने किया। सुप्रसिद्ध गायिका रूपा एकांत ने डॉ. सिंह की गजलें गाकर समां बांधा।

## इनेलो युवा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



फरीदाबाद। वरिष्ठ समाजसेवी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के जिला कार्यालय पर युवा टीम की बैठक लेने आए इनेलो के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत संधू का स्वागत किया। इनेलो के जिला कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र तेवतिया ने बताया कि युवा प्रदेश अध्यक्ष 25 सितम्बर को फतेहाबाद में होने वाली ताऊ देवीलाल जयंती के समारोह कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देने के लिए जिला युवा टीम को दिशा निर्देश देकर गये। बच्चू सिंह तेवतिया ने कहा कि ताऊ देवीलाल जंयती के लिए, रेवाडी के इनेलो युवा जिलाध्यक्ष नीरज दहनवाल को फरीदाबाद जिले का युवा टीम का प्रभारी नियुक्त किया है। विशेष समारोह में राजिंदर कौर हल्का अध्यक्ष ओल्ड फरीदाबाद, जीत सिंह डागर हल्का अध्यक्ष फरीदाबाद, शहरी युवा अध्यक्ष शशिकांत, सुरेश मोर,रामशरण रौतेला, यगदत्त,संजय तवर , परवीन चाहल, दिनेश दलाल, कुणाल साल्वे, अरुण चौधरी , लोकेश बडगुजर, करमवीर डागर, भगत सिंह अत्री और लखी राम अत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## रावण का पुतला बनाने की तैयारियां की शुरू

फरीदाबाद। सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्किट न. 1 में 72 वे दशहरा पर्व के लिए रावण का पुतला बनाने की तैयारियां शुरू। मंदिर प्रांगण में मुख्य अतिथि अजय कल्याल द्वारा लकड़ (बांस) काट कर मुहूर्त किया। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि रावण बनाने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। मंदिर प्रांगण में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतले तैयार किए जा रहे हैं। फरीदाबाद जे जे पी जिलाध्यक्ष (मन्दिर प्रधान) राजेश भाटिया ने कहा कि कोविड के दो साल बाद दशहरे मेले को लेकर लोगों में उत्साह है पिछले 2 वर्षों से कोविड के कारण प्रत्येक त्यौहार फीके रहे। लेकिन इस बार दशहरे को लेकर लोगों में उत्सुकता और उत्साह नजर आ रहा है राजेश भाटिया ने कहा कि दशहरा को लेकर हिंदू धर्म में दो कथाएं प्रचलित हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उपस्थित एक उत्सव की भांति रहेगी। प्रधान राजेश भाटिया ने सभी लोगो से इस दशहरा पर्व पर आने की अपील की।

## विधायक ने खत्म कराया 13 दिन से चल रहा धरना



फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 76 स्थित बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2 में रहने वाले लोगों का धरना आज 13 दिन बाद विधायक राजेश नागर ने खत्म करवा दिया। विधायक ने मौके पर ही बिल्डर के रिप्रेजेंटेटिव को बुलाया और लोगों की मांगें पूरी करने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने जल्द से जल्द अधिकांश मांगों को पूरा करने की बात कही। विधायक राजेश नागर नेक्स्ट डोर मॉल स्थित बीपीटीपी के कार्यालय के बाहर धरना दे रहे पार्क फ्लोर के रेजिडेंट्स से मिलने पहुंचे। उन्हें बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2 के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज ने बताया कि बिल्डर द्वारा उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी प्रदान नहीं की जा रही हैं जिसके कारण लोग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। राजीव ने बताया कि उन्हें बिल्डर द्वारा सब्जबाग दिखाए गए और अब वह अपने सभी वादों से पलट रहा है। विधायक राजेश नागर के अनुरोध पर बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2 के निवासियों ने अपना धरना समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर अनशनकारी बाबा रामकेवल, बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2 के उपाध्यक्ष कर्मबीर सिंह, फतेह सिंह, रविंद्र, सुकन्या आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सरकारी कॉलेजों में बढ़ाई जाएंगी 20 परसेंट सीटें : नागर



फरीदाबाद। युवा आगाज संगठन एवं कॉलेज छात्रों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज और फरीदाबाद के सभी सरकारी कॉलेजों में 20 फीसदी सीटें बढ़ाने की मांग की है। मांग को लेकर स्टूडेंट्स ने बल्लभगढ़ के विधायक और कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद उपायुक्त विक्रम, नेहरू कॉलेज प्रिंसिपल महेंद्र कुमार गुप्ता को सीट बढ़ाने के लिए, छात्र ज्ञापन दे चुके हैं। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए युवा आगाज संगठन के द्वारा तिगांव के विधायक राजेश नागर को छात्रों ने ज्ञापन दिया इस दौरान छात्रों ने एडमिशन संबंधित समस्याओं को अवगत कराया। युवा आगाज संगठन के अध्यक्ष जसवंत पवार पवार ने विधायक राजेश नागर को जानकारी देते हुए, बताया कि स्टूडेंट्स को एडमिशन में बहुत परेशानी आ रही है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कुंवरपाल गुर्जर से फरीदाबाद के सरकारी और नेहरू कॉलेज में सीट बढ़ाने का अनुरोध किया और सभी छात्रों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही कॉलेजों में 20 परसेंट सीटें बढ़ जाएंगी। जसवंत पवार, पार्षद नरेश नंबरदार, शुभम पांडे, हिमांशु भट्ट, जाकिर, अरुण, गौतम नागर, राहुल पवार, सुनील सैनी, हर्ष चौधरी, भरत, खुशबू, नंदनी, कंचन यादव, प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

## परिवहन मंत्री ने दी विकास कार्यों की सौगात

बल्लभगढ़। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को सेक्टर 65 वासियों को करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि से बनने वाली सडको की सौगात दी। सेक्टर 65 की सभी सडको का नवीनीकरण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सेक्टर की सभी सड़के दीपावली पर्व से पहले सडको का नवीनीकरण किया जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की बल्लभगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और सेक्टर वासियों को बल्लभगढ़ मोहना रोड पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए मोहना रोड के ऊपर एलिवेटेड पुल का निर्माण भी जल्द शुरू करवाया जाएगा।

# रामनगर की रामलीला में जन्मे लंकेश, हर-हर महादेव का उद्घोष

**अध्यात्म-धर्म से सराबोर दुनिया के विशालतम और अनूठे मुक्ताकाशीय रामलीला की झलक पाने के लिए मानो पूरा बनारस ही रामबाग पोखरे पर उमड़ आया, शिव की नगरी में प्रभु राम को समर्पित उपनगर रामनगर की हर डगर राममय हो उठी**

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी





**हर** (शिव) की नगरी काशी में अनंत चतुर्दशी पर हरि (भगवान विष्णु) की झांकी सजी। गंगा पार रामबाग पोखरे में श्रद्धा के अनगिन भावों से क्षीर सागर सजा और शेष शैय्या पर विराजमान श्रीहरि की अलौकिक छवि निरख श्रद्धालु विभोर हो उठे। पोर इस तरह पुलकित जैसे अब समस्त भव सागर पार कर गए, तर गए। मौका था रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला का जिसका इस प्रसंग के साथ श्रीगणेश हो गया। कोरोना के कारण दो साल बाद यह शुभ दिन आया। रंगकर्म की बजाय अध्यात्म-धर्म से सराबोर दुनिया के विशालतम और अनूठे मुक्ताकाशीय रामलीला की झलक पाने के लिए मानो पूरा बनारस ही रामबाग पोखरे पर उमड़ आया। इससे शिव की नगरी में प्रभु राम को समर्पित उपनगर रामनगर की हर डगर राममय हो उठी। शाम के साथ लाल श्वेत महताबी की रोशनी में शेष शैय्या पर विराजमान श्रीहरि ने दर्शन दिया। उनके चरण दबातीं भगवती लक्ष्मी व नाभि से निकले कमल पुष्प पर आसीन ब्रह्मा की मनोहारी झांकी निरख निहाल श्रद्धालुओं ने लीला क्षेत्र में जयकार गूंजा दिया।रावण जन्म प्रसंग के साथ लीला का आरंभ हुआ। इसमें रावण भाइयों समेत घोर तप करता नजर आया। भगवान ब्रह्मा से अभय का वरदान पाकर अहंकार में डूबा और विश्वकर्मा द्वारा बनाए स्वर्ण महल पर आक्रमण कर दिया। ब्राह्मणों के यज्ञ व हवन में विघ्न व्यवधान किया। मेघनाद इससे आगे बढ़ते हुए देवराज इंद्र को पकड़ लाया और इंद्रजीत का अलंकरण पाया। अति तो तब हुई जब रावण ने राज्य में वेद-पुराण और श्राद्ध-हवन आदि पर रोक लगा दी। इंद्र की सलाह पर भयभीत देवों-ऋषियों ने बैकुंठ धाम जाकर भगवान विष्णु की स्तुति की।

**लीला स्थल पहुंचे पंच स्वरूप**-इससे पहले दोपहर दो बजे पंच स्वरूपों का व्यासगणों की निगरानी में साज श्रृंगार किया गया। विधि-विधान से मुकुट पूजन कर धारण कराया गया। उन्हें कंधे पर बैठाकर दुर्ग पहुंचाया गया। रस्म पूरी कर बैलगाड़ी से उन्हें लीला स्थल लाया गया। इसके साथ ही लीला स्थल जयघोष से गूंज उठा।

**बग्घी पर निकली शाही सवारी**-शाम लगभग पौने पांच बजे दुर्ग से काशी राज परिवार के अनंत नारायण सिंह की बग्घी पर शाही सवारी निकली। सबसे आगे रामनगर पुलिस की जीप और उसके पीछे बनारस स्टेट का ध्वज लिए घुड़सवार चल रहे थे। दुर्ग से बाहर आते ही इंतजार में खड़े अपार जनसमुदाय ने हर-हर महादेव के उद्घोष से अगवानी की। लीला स्थल पर 36वीं वाहिनी पीएसी की टुकड़ी ने हाथी पर सवार महाराज को सलामी दी।

**बाग बगीचे तक गुलजार**- रामलीला के नेमियों व श्रद्धालुओं के श्जय सियारामश् के आपसी अभिवादन से लीला स्थल का माहौल बड़ा ही भावप्रवण हो गया।दो वर्ष बाद मिले लीलाप्रेमियों ने गले मिलकर एक-दूसरे का कुशल क्षेम जाना।गंगातट सहित प्रमुख सरोवरों, तालाबों के तट पर साफा-पानी जमाया।कुछ ही देर में इत्र की खुश्बू से लीलास्थल महमह हो आया।

## करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत, एक की हालत गंभीर

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मे सहारनपुर जिले के एक गांव मे शनिवार को एक किसान के खेत पर पेड़ काटने आए तीन मजदूरों की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घायलों को उपचार के लिए पी जी आई चण्डीगढ भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शनिवार को रामपुर मनिहारान थाने के तहत आने वाले मदनुकी गांव में एक किसान ने अपने खेत में लगे पेड़ों को कटवाने के लिए मजदूर बुलाए थे तथा गंगोह क्षेत्र के फतेहपुर ढोला निवासी सद्दाम (32), नौशाद (30), और अजय अपने साथी मजदूरों के साथ पेड़ काटने आए थे। राय ने बताया कि जब ए तीनो पेड काटने लगे तभी पास से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि इनका एक साथी आरिफ (29) गम्भीर रूप से झुलस गया। हादसे की जानकारी मिलते ही रामपुर मनिहारान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मजदूर आरिफ को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए पी जी आई चंडीगढ़ में भर्ती कराने के लिए कहा गया है।

## कौशांबी के मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु ने अपनी जीभ काटकर चढ़ाई

**कौशांबी।**जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र स्थित मां शीतला मंदिर मे दर्शन करने आए एक श्रद्धालु ने शनिवार को अपनी जीभ काटकर मंदिर की चौखट पर चढ़ा दी। पुलिस ने घायल श्रद्धालु को गंभीर हालत मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने बताया कि जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव निवासी संपत (38) पत्नी बन्नो देवी के साथ शनिवार को मां शीतला के दर्शन करने आया था। गंगा स्नान करने के बाद संपत ने अपनी पत्नी के साथ शीतला मां के दर्शन पूजन किए। तिवारी के अनुसार, दंपती ने मंदिर की परिक्रमा की और लौटते वक्त संपत ने साथ लाए ब्लेड से अपनी जीभ काटकर मंदिर की चौखट पर चढ़ा दी। इस घटना के बाद मंदिर मे अन्य श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल संपत को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## बलिया में बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में युवक पर मामला दर्ज

**बलिया।** जिले में नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली सात वर्षीय बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसी गांव में ही रहने वाले 25 वर्षीय युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। नगरा थाना के प्रभारी देवेन्द्र नाथ दूबे ने शनिवार को बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सात वर्षीय बालिका से उसके गांव में ही रहने वाले रोहित चौहान ने पांच सितंबर की शाम को कथित तौर पर दुष्कर्म किया। घटना के समय बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। ऐसा आरोप है कि रोहित ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा लिया तथा गांव में ही अपने मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## सरकार चाहती है आने वाले समय में लोग रोजगार के लिए बुंदेलखंड आएं: केशव

आलोक निगम। बांदा

**जिला** औद्योगिक विकास समिति के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से उनकी समस्या के समाधान हेतु संवाद तथा विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।जिला उद्योग व्यापार मण्डल के सदस्यों के द्वारा औद्योगित क्षेत्र भूरागढ़ एवं ग्रामीण औद्योगिक संस्थान पुलिस लाइन बांदा के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु यथा सड़कए ड्रेने बिजलीए पानीए सफाई एवं सुरक्षा की मांग की तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र का बांदा मण्डलीय कार्यालय तथा यू0पी0सी0डा0 के प्लाटों के आवंटनध्रख.रखाव हेतु बांदा में सम्बद्धीकरण कराये जाने की मांग की तथा श्री अशोक कुमार जिलाध्यक्ष के द्वारा उद्यमियों को अपनी सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेन्स दिलाये जाने की मांग की तथा बांदा.कानपुर राज्य मार्ग चिल्ला से बिन्दकी के बीच की सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हैए जिससे उद्यमियों को व्यापारिक व स्वयं के सामान को लाने में अध्यधिक असुविधा हो रही हैए इसके साथ ही बुन्देलखण्ड को जी0एस0टी0 में दस वर्षों तक छूट प्रदान किये जाने की



मांग की एवं औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए रिक्त पडे प्लाटों के आवंटन में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने तथा उद्योगो के सुसंचालन हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्र को शहर के अन्य मोहल्लों से जोडने के लिए मा0 उप मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दिया। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने असुरक्षा महसूस न करेंए क्योंकि अपराधियों पर पैनी नजर है। यदि किसी को असुरक्षा महसूस हो रही है तो नियमानुसार शस्त्र के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि छोटे.छोटे उद्योगों को बढावा दिया जा रहा है। हमारी सरकार चाहती है कि आने वाले समय में बन्देलखण्ड में लोग रोजगार के लिए बाहर नही जायेंगे बल्कि बाहर के लोग बुन्देलखण्ड आयेंगे।

विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम विगत माह में जनपद भ्रमण में आये हुए मा0 मंत्री गण समूहों के द्वारा जो पूर्व में दिशा.निर्देश दिये गये थे, उसका अक्षरसः अनुपालन हुआ है या नही। जल.जीवन मिशन के अन्तर्गत हर.घर.नल.जल योजना की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियंता जल.जीवन मिशन से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यह योजना 30 सितम्बरए 2022 तक पूर्ण की जानी थी जो अभी तक अपूर्ण हैए जिसका कार्य अभियान चलाकर मानक एवं गुणवत्ता पूर्वक समय से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना विश्व की सबसे बडी योजना होगी। डिप्टी सीएम ने क्रमशः सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की और अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जनपद में किये गये नवाचारों को विस्तार जानकारी दी। केशव प्रसाद मौर्य ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि बी0जे0पी0 का कोई भी कार्यकर्ता किसी भी ऑफिस में कोई समस्या लेकर जाता है तो उसको सुना जाए और यदि जायज है तो उस समस्या को शीघ्र निस्तारण करायें और सम्मान पूर्वक समझायें और किसी भी कार्यकर्ता का अनादर न किया जाए।

## पितृपक्ष के पहले दिन पिशाचमोचन पर लोगों ने किया पितरों का पिंडदान

**वाराणसी।** श्राद्ध पूर्णिमा पर पिशाचमोचन कुंड पर तर्पण की तैयारियों को शुक्रवार देर रात अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर शनिवार को लोगों ने पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु से मुक्ति दिलाने के लिए पिशाचमोचन कुंड पर पूजन-अर्चन के साथ उनको जल अर्घ्य किया। इस अवसर पिशाचमोचन क्षेत्र, भैंसासुर घाट, गायघाट पर पितरों के पिंडदान के लिए लगी थी भीड़। गया तीर्थ की मान्यता वाले पिशाचमोचन पर पितृपक्ष के दौरान होने वाले विधि-विधान व त्रिपिंडी श्राद्ध शनिवार से आरंभ हो जाएंगे। तीर्थ पुरोहित राजेश मिश्र ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि पिशाचमोचन कुंड पर त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु से मरने के बाद मुक्ति मिल जाती है। श्राद्ध की इस विधि और पिशाच मोचन तीर्थ स्थली का वर्णन गरुण पुराण में भी मिलता है। काशी खंड के अनुसार, पिशाचमोचन मोक्ष तीर्थ स्थल की उत्पत्ति गंगा के धरती पर आने से भी पहले से है। 10 से 25 सितंबर तक पितृपक्ष रहेगा और गंगा घाटों पर भी तर्पण होगा। बैठाई जाती हैं अतृप्त आत्माएंः श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के सदस्य एवं वैदिक प्रकांड विद्वान पं0 दीपक मालवीय ने बताया कि कुंड के पास एक पीपल का पेड़ है। मान्यता है कि इस पर अतृप्त आत्माओं को बैठाया जाता है। पेड़ पर सिक्का रखवाया जाता है ताकि पितरों का सभी उधार चुकता हो जाए और पितर सभी बाधाओं से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकें। यजमान भी पितृ ऋण से मुक्ति पा सकें। पितरों के लिए 15 दिन स्वर्ग का दरवाजा खोल दिया जाता है। यहां के पूजा-पाठ और पिंडदान के बाद ही लोग गया जाते हैं।

## इन्हेलर, सिरदर्द और जुकाम से राहत देने की पहल

**वाराणसी।** सिर दर्द जुकाम से राहत देने की अपनी विशेष पहल को आगे बढ़ाते हुए विक्स ने एक फिल्म के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया है इस फिल्म में ये दोनों विक्स के टू-इन-वन रोल-ऑन इन्हेलर के फायदे बता रहे हैं। समंता एक पुलिस ऑफिसर है, जो अस्वस्थ रनवीर को सिग्नल तोड़ते हुए पकड़ लेती हैं। सवाल किए जाने पर रनवीर समंता को बताते हैं कि वो फोकस नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उनके सिर में दर्द है और नाक बह रही है। उसके बाद समंता उसे टू इन वन बेनेफिट वाला विक्स इन्हेलर देती है।

## सत्या शक्ति फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**वाराणसी।** सत्या शक्ति फाउंडेशन ने सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड के सहयोग से मुफ्त मेगा हेल्थ चेक-अप ड्राइव आयोजित करने की एक बड़ी पहल की है। इस नेक पहल के अंतर्गत हाल ही में उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए कुल 11 मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस पर अपने सुविचार साझा करते हुए सत्या शक्ति फाउंडेशन की सीईओ, शिखा शर्मा ने कहा,फ्स्वास्थ्य शिविर उन लोगों की सहायता करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है, जिन्हें स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अत्याधिक आवश्यकता है, और हम इसका संचालन कर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## वर्ष 2024 में बनने वाली सरकार का हिस्सा बनना हमारा एकमात्र लक्ष्य: शिवपाल

भाषा। प्रयागराज

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव ने शनिवार को कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य 2024 में बनने वाली सरकार का हिस्सा बनना है। यादव ने कहा कि वह अब समाजवादी पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। यहां जगराम चौराहे पर पार्टी के नेता लल्लन राय के आवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शिवपाल यादव ने कहा, वर्ष 2024 का चुनाव जब नजदीक होगा, तब मुझे किसके साथ गठबंधन करना है, वह तभी तय होगा। भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना पर उन्होंने कहा, अभी हम कुछ नहीं कह सकते। आने वाला समय बताएगा। चुनाव के छह महीने पहले सारी चीजें स्पष्ट हो



जाएंगी। उत्तर प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की हार के लिए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, अगर अखिलेश अपनी कमियों को संभाल लेते, टिकट का बंटवारा ठीक से कर लेते और संगठन को मजबूत कर लेते तो सपा की सरकार बन जाती। उन्होंने कहा, प्रचार के दौरान मैंने देखा कि 75 जिलों में पार्टी (सपा) का संगठन ही ठीक नहीं था, टिकट ठीक से नहीं बांटा गया। लेकिन इतना मैं जानता हूं कि उस समय जनता सपा की सरकार चाहती थी। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के नेता लल्लन राय के मकान के एक हिस्से पर भाजपा विधायक सुरेंद्र चौधरी द्वारा जबरन कब्जा करने के आरोप पर शिवपाल यादव ने कहा कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे। मकान कब्जाने के आरोप पर भाजपा विधायक सुरेंद्र चौधरी ने कहा, मकान कब्जा करने का आरोप बेबुनियाद है। मैंने प्रवेश द्वार पर भगवा रंग में नेम प्लेट लगाया है जिससे उनको चिढ़ है। मेरा घर उनके मकान के गेट से 70 मीटर अंदर है। अगर मैं अपना गेट नहीं लगाऊंगा, नेम प्लेट नहीं लगाऊंगा तो लोग मेरे घर कैसे पहुंचेंगे।

### महंत नरेंद्र गिरि की प्रथम पुण्यतिथि पर बाघंबरी मठ पहुंचे

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव ने श्रीमठ बाघंबरी गद्दी पहुंचकर उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। गोलोकवासी महंत नरेंद्र गिरि के शिष्य और श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के महंत बलबीर गिरि ने मीडिया को बताया कि गुरुदेव की आज प्रथम पुण्यतिथि है तथा शिवपाल यादव ने यहां आकर गुरुदेव की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं भोजन -प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़ा के संरक्षक श्री हरि गिरि महाराज, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी और देशभर से साधु संत आज इस कार्यक्रम में पहुंचे और उन्होंने गुरुदेव की समाधि पर पुष्प चढ़ाया। बलबीर गिरि ने बताया कि गुरुदेव की प्रथम पुण्यतिथि पर हजारो की संख्या मे साधु संत और आम जनता भोजन-प्रसाद ले रही है। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि 20 सितंबर, 2021 को अपने मठ के एक कमरे में मृत पाए गए थे। उनके शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला था जिसमें उन्होंने अपने शिष्य आनंद गिरि और दो अन्य लोगों पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। आनंद गिरि वर्तमान मे चित्रकूट की जेल मे बंद है और शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनकी जमानत की अर्जी खारिज कर दी।

## कुंवर चंद्रप्रकाश सिंह हिंदी साहित्य में छायावाद के प्रवर्तकों में प्रमुख कविः जोशी



**प्रयागराज।** कुंवर चंद्रप्रकाश सिंह हिंदी साहित्य में छायावाद के प्रवर्तकों में प्रमुख कवि थे। वह महाकवि निराला के समकालीन छायावादी कवि थे। इनका लेखन अभूतपूर्व है इसी से इनका मूल्यांकन करना चाहिए।यह बातें केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल नई दिल्ली के उपाध्यक्ष अनिल जोशी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति भारत एवम मां सावित्री फाउंडेशन लखनऊ के तत्वावधान में छायावाद और महाकवि चंद्रप्रकाश सिंह का काव्य विषय पर उतर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित संगोष्ठी में कहीं। श्री जोशी ने कहा हमें युवा लेखकों को सम्मानित करने की परंपरा को बढ़ाना चाहिए और छंद परंपरा को संरक्षित करना चाहिए।कुंवर ने ग्यारह साल की आयु में कविता शुरू की और अपने 76 वर्ष की लेखन यात्रा में छायावाद को जनभावना से जोड़ने का काम किया। विशिष्ट अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के प्रोफेसर विनय कुमार सिंह कहा कि जब जागे तभी सबेरा। यह सोच का विषय है। आज हम कुंवर चंद्र प्रकाश सिंह के कृतित्व व साहित्य जगत में उनके योगदान को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारा देश विविधताओं से भरा है। टूटते परिवार को जोड़ने के काव्य से समाज में चेतना फैलाने का काम किया। हम भोगवादी नहीं मानवतावादी स्कृति के वाहक है। कुंवर ने लोक जीवन से जुड़ी राष्ट्रीयता को प्रेरित करने वाली कविता दी है। रविनंदन सिंह ने कहा मनुष्य को उपेक्षा के आत्मप्रवंचना मारती है। सीमाएं तोड़ने वाली कविता ही छायावाद है। प्रो शिव प्रसाद शुक्ल ने कहा छायावाद को समय में नहीं बांधा जा सकता। यह सर्वे कालिक सतत चलने वाला है। प्रोफेसर चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कुंवर निराला जी के संपर्क में 1930 में जुड़े और छायावाद के प्रमुख स्तंभ बने। प्रो शिव मोहन सिंह ने कहा कि कुंवर चंद्र प्रकाश सिंह छायावाद के पांचवें मुख्य कवि हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा संस्थान उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डा कन्हैया सिंह ने कहा कुंवर ने राष्ट्रवादी कविताएं लिखी हैं। सभी वक्ताओं ने कुंवर चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा रचित घन माला काव्य संग्रह का विमोचन किया। मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं का शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।संचालन डा दीनानाथ मौर्य ने किया। अपर सालिसिटर जनरल भारत सरकार शशि प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा पितृपक्ष के प्रथम दिवस पर पुस्तक का विमोचन पिता का तर्पण के समान है। कार्यक्रम में पूर्व न्यायमूर्ति रणविजय सिंह सहायक सालिसिटर जनरल ज्ञान प्रकाश पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरूण कुमार मिश्र मनोज सिंह अधिवक्ता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शीतला प्रसाद गौड़ सुदर्शन सिंह आत्म प्रकाश त्रिपाठी बी के रघुवंशी पूर्णेंदु सिंह विनय सिंह सभाजीत सिंह कृष्ण जी शुक्ल जी पी सिंह बार एसोसिएशन महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन सौमित्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सोनभद्र में दूसरे संप्रदाय के युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, पीड़िता गर्भवती, आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ दूसरे संप्रदाय के एक युवक ने कथित रूप से बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया, जिससे लड़की गर्भवती हो गई। पुलिस ने पीड़िता के मामा की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सदर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राहुल पांडेय ने बताया कि पीड़िति लड़की 12 वर्ष की है और वह आठ माह की गर्भवती है। उनके अनुसार इस संबंध में लड़की के मामा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सरफराज के खिलाफ दुष्कर्म संबंधी कानूनी प्रावधान और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए वह पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने मामा के घर पर रहती है। उनके अनुसार आरोपी युवक की पीड़िता के मामा से मित्रता थी एवं उसके यहां आता जाता था।

## भारत को खेलों की दुनिया में करना होगा मजबूतः नागेंद्र

**ज्वाला देवी स्कूल सिविल लाइंस में 33वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ शुभारंभ**



**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में शनिवार को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिनी 33वीं क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी नागेन्द्र सिंह अध्यक्ष आशीष गुप्त सदस्य विद्यालय प्रबंध समिति विशिष्ट अतिथि डॉ राम मनोहर संगठन मंत्री विद्या भारती काशी प्रान्त जगदीश सिंह क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश विजय उपाध्याय क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख तथा रामजी सिंह प्रदेश निरीक्षक विद्या भारती काशी प्रान्त ने माँ सरस्वती के सन्मुख दीप प्रज्जवलित कर पुष्पार्चन कर किया। इसके बाद वन्दना से सम्पूर्ण सभागार गुंजायमान हो उठा।

अतिथि परिचय एवं स्वागत ज्वाला देवी सिविल लाइन्स के प्रधानाचार्य एवम प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने किया। इस मौके पर

मुख्य अतिथि नागेंद्र सिंह ने कहा कि यदि भारत को खेलों की दुनिया में मजबूत करना है तो उसकी शुरूआत यहीं से करनी होगी। क्योंकि संस्कारयुक्त माहौल में पले बढ़े खिलाड़ी खेलों की विविध विधाओं में न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहेंगे।क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने खेल प्रतियोगिता का मानव जीवन से सम्बन्ध बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिये खेलकूद एवं योगासान की प्रमुख भूमिका होती है। उद्घाटन मंत्र पाठ को विद्यालय के आचार्य सरोज दुबे एवं गणेश जी द्विवेदी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए। इसे बनाए रखने हेतु योग कला के अंतर्गत विभिन्न आयामों के प्रदर्शन किये गये तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की श्रृंखला में नाटक पुलवामा अटैक ने सभी का मन मोह लिया। मीडिया प्रभारी सरोज कुमार दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में खिलाड़ी भैया बहिनों के खेल भावना का सम्मान करते हुये सम्पूर्ण प्रतियोगिता में शान्ति एवं सौहार्द बनाये रखने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सन्तोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में बच्चों ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रान्तों के शारीरिक प्रमुख संरक्षक आचार्य आचार्या निर्णायक मण्डल भैया बहिन उपस्थित रहे।




## प्रजा पालक

विभाग तो कारागार और होमगार्ड है लेकिन जय जयकार प्रजापति समाज की है। जहां देखो वहां प्रजापति। चहूं ओर प्रजापति। घर में प्रजापति। कार्यालय में प्रजापति। फाइलों में भी प्रजापति। बस प्रजापति होना चाहिए। काम आता हो चाहे न आता हो लेकिन प्रजापति होना अनिवार्य है। यह फरमान भगवा सरकार के ऐसे मंत्री का है जो बहुत धार्मिक, वीर और प्रजापति समाज में अच्छी पैठ रखने वाले हैं। इनकी कैद में इस समय बड़े बड़े माफिया बदमाश अपराधी मौजूद हैं। आलम यह है कि जैसे ही मंत्री के कार्यालय में आप पहुंचेंगे, आप पाएंगे कि वहां मौजूद चपरासी, बाबू, पीएस सभी प्रजापति ही हैं। प्रजापति की संख्या बढ़ाने के लिए मंत्री महोदय ने अपने दोनों बेटों को भी नौकरी छुड़वा कर कार्यालय से घर तक तैनात कर दिया है। मंत्री जी का अधिकतर कार्य दोनों बेटे ही देख रहे हैं। यदि आप को कोई काम कराना है तो प्रजापति का आगे होना बहुत जरूरी है। तत्काल काम हो जाएगा। यदि प्रजापति की अगुवाई नहीं है तो मुश्किल है।



## खाकी हुई रंगीली

खाकी महकमे के भी रंग निराले हैं। पिछले कुछ दिनों से खाकी वर्दी वालों की किसी न किसी कलाकारी से महकमा चर्चा में बना ही हुआ है। उनके यह कारनामे जहां महकमे की फजीहत करा रहे हैं वहीं आम जनमानस और विशेषकर सोशल मीडिया में लोग चटखारे लेकर उनका आनंद उठा रहे हैं। समाज में कानून-व्यवस्था कायम रखना जिनकी जिम्मेदारी है वही खाकी वर्दी की गरिमा को धूल-धुसरित करते हुए लफंगों की श्रेणी में खड़े नजर आ रहे हैं। बरेली के एक थाने में तो अपनी महिला सहयोगी के प्रेम में पागल सिपाही ने सारी हदें ही पार कर दीं। प्रेम में बाधा बन रहे साथी सिपाही पर उसने थाने के अंदर ही दारोगा की रिवाल्वर से फायर कर दिया। यह तो गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी और बड़ी घटना बच गई। इसी जिले में पिछले दिनों शहर के थाने में एक इंस्पेक्टर और महिला सिपाही के बीच संबंधों को लेकर पर्चे फेंके जा चुके हैं। वहीं बाबा भोलेनाथ की नगरी के एक थानेदार ने नई नवेली आईपीएस को सेट करने के लिए मंथली घूस का ही ऑफर देते हुए रुपयों से भरा पैकेट देने की कोशिश की। इस घटना से पहले यहीं की एक चौकी पर तो बाकायदा वसूली की लिस्ट वायरल हुई थी। वहीं पीतल के बर्तनों के लिए मशहूर नगरी में एक महिला सिपाही ने वर्दी में रील (छोटा वीडियो) बनाकर उसे जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल किया वैसे ही धूम मच गई। वर्दी में उसका गजब का डांस देखकर लोगों ने चटखारे तो खूब लिए लेकिन अफसरानों को इस कृत्य के लिए शर्मिंदा होना पड़ा। इसके बाद बाकायदा मुखिया के कार्यालय से वर्दी में सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक वीडियो भविष्य में न पोस्ट करने की चेतावनी का आदेश जारी किया गया।

## ए ग्रेड संस्था, सी ग्रेड बवाल

अभी संस्था को ए ग्रेड मिले कुछ ही माह बीते थे कि सी ग्रेड ने भविष्य पर आती आंच देख बवाल करना शुरू कर दिया है। आये दिन जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे लग रहे हैं। यह सब परीक्षा विभाग के कारनामे के चलते हो रहा है। किसी भी शिक्षण संस्था में तीन कटेगरी होती हैं। पहला शिक्षक, दूसरा कर्मचारी और तीसरा छात्र होता है। इन सभी के हित एक दूसरे में निहित होते हैं। अभी पिछले दिनों परीक्षा विभाग ने एक रिजल्ट जारी किया था। रिजल्ट जारी होते ही परीक्षा विभाग ट्रोल होने लगा। आनन फानन में दोबारा संशोधित रिजल्ट जारी किया गया। फिर क्या। शुरू हो गया तमाशा। जो पहले पास थे बाद में फेल हो गए। अब इन फेल छात्रों ने परीक्षा विभाग से गलती का हर्जाना लेने की ठान ली है। रोज छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां तक की संस्था की शिकायत करने छात्र राजदरबार तक पहुंच गए। फिर तो राजदरबार से लेकर सरकार तक के फोन घनघनाने लगे। मामला शांत कराइए। पर दिक्कत यह है कि मामला सुलझे कैसे। जिम्मेदारी संभाल रहे लोगों का कहना है कि हम भी चाहते हैं कि सब पास हो जाएं लेकिन रिकार्ड कहां से लाएं। बहरहाल ए सी ग्रेड का बवाल जारी है।

## मुझे तो आजमाओ

यूपी की नौकरशाही में पिछले दिनों काफी बदलाव हुए और कई अधिकारी मुख्यधारा से हटाए गए और कई अधिकारियों को मुख्यधारा में लाया गया। एक बड़े अधिकारी महोदय जो कि अभी तक एक बड़े भवन के अंदर बैठे थे। संवैधानिक पद से जुड़े कामकाज को संभाल रहे थे वह अब सीधे महाराज जी के अंडर में काम करने लगे हैं। उनके पास तत्कालीन बहन जी की सरकार में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने का अच्छा खासा अनुभव रहा है इसलिए अब उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसके साथ साथ उनकी निगाह अब उस कुर्सी पर टिक गई है जिस पद पर वह बहन जी की सरकार में थे क्योंकि वरिष्ठता के क्रम में वह काफी सीनियर अधिकारी हैं और अब मौजूदा समय में जिन प्रमुख सचिव महोदय के पास इस विभाग का जिम्मा है वह इन साहब से काफी जूनियर हैं। दिलचस्प बात यह है कि बहन जी की सरकार में काम करने की वजह से उनके पास सख्त और कठोर निर्णय लेने का अनुभव है इसलिए अब जब योगी बाबा का बुलडोजर चारों तरफ गरज रहा है तो वह चाह रहे हैं कि यह पद संभालने का मौका मिले तो वह दो कदम आगे वह बढ़कर अपनी योग्यता दिखाएं। दिलचस्प बात यह है कि अब दोनों ही अधिकारी एक ही बिरादरी से आते हैं। अब देखना यह है कि किसका पलड़ा भारी पड़ता है।



## आग की आंच

लेवाना सुइट्स होटल में आग क्या लगी कि पूरा एलडीए अचानक सक्रिय हो गया। रात दिन काम पर लग गए। जहां एक टेबल से बगल की टेबल तक पहुंचने में एक सप्ताह लग जाता था वहां मात्र 24 घंटे में कर्मठ स्टाफ पहाड़ उखाड़ने में जुट गए। आग एक होटल में लगी लेकिन उसकी आंच पूरे शहर के सैकडों होटलों तक पहुंच गयी। एलडीए के बडे साहब ने आनन फानन में शासन के निर्देश पर एक टीम बनायी और होटल के मानकों को नजरंदाज करने वाले दोषियों को खोजने में लग गए। मात्र दस घंटे में ही 22 इंजीनियरों को प्रथम दृष्टया दोषी बनाकर शासन को सूचना भेज दी लेकिन शासन के बड़े अधिकारी ने एलडीए की रिपोर्ट को पक्षपाती बताते हुए वापस कर दी। फिर क्या था पुरानी बखिया उधेड़ी जाने लगी और 140 होटलों को नोटिस देने के साथ एक पुराने होटल को जिसमें पहले आग लगी थी दोबारा सील कर सीना चौड़ा किया। फिर क्या था। अधिकारियों को लगा सब ठीक ठाक हो गया है लेकिन हाय रे किसमत। दुख जाता क्यों नहीं है। अब हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान में लेकर सब की शांति छीन ली। बेचारे बड़े साहब लाख कोशिशों के बाद भी अपनी कुर्सी पर खतरा मंडराते देख रहे हैं।

# पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने प्रदेश के विकास को दिया तरक्की का मॉडल

● लोकभवन परिसर स्थित स्व. पंत की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री की 135वीं जयंती पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 135 वीं जयंती पर लोक भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। प्रदेश की तरक्की के लिए उन्होंने विकास का मॉडल देने का प्रयास किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारत के पूर्व गृहमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर मैं भारत माता के महान सपूत को समाज और राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान के लिए स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उनकी कर्मठता, उनकी राष्ट्र निष्ठा व संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। वह स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने फिर उन्होंने गृहमंत्री के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की। उन्होंने उत्तर प्रदेश को उस समय आगे बढ़ने के लिए जो विकास का मॉडल देने का प्रयास किया थाए उनके इस कृतित्व के लिए मैं उन्हें हृदय से नमन करता हूं।

# मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक बीजेपी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। प्रदेश महामंत्री लखनऊ प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने आगामी 15 दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी के लिए अवध क्षेत्र की लालबाग स्थित त्रिलोकीनाथ हाल में बैठक करते हुए बताया कि सेवा पखवाड़े के प्रथम दिन 17 सितंबर को लखनऊ महानगर युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 10 जनपदों को पार्टी द्वारा केंद्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। 18 सितंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व मेलों का आयोजन किया जाएगा। 19 सितंबर को रचनात्मक एवं सेवा कार्यों के साथ प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में मोदी/20 के सपने हुए सरकार सहित मोदी की प्रशासनिक कार्य कुशलता पर लिखी गई पुस्तकों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

20 सितंबर को सभी मंडलों में सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 सितंबर को सभी निर्माणाधीन अमृत सरोवरों पर स्वच्छता अभियान के लिए भाजपा कार्यकर्ता श्रमदान करेंगे। 22 सितंबर को जल ही जीवन के मंत्र को लेकर आमजन में कैच द रेन अभियान के बारे में चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिसके अंतर्गत कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करके जल संरक्षण के तरीकों से आमजन को अवगत कराएंगे। 23 सितंबर को आत्मनिर्भर भारत की महत्वपूर्ण कड़ी वोकल फॉर लोकल के माध्यम से लोकल उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन करके लोकल उत्पादों के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। 24 सितंबर को दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं उपकरणों के वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं उनके व्यक्तित्व पर चर्चा एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी बूथों पर प्रधानमंत्री मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम भी सुना जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को एक भारत श्रेष्ठ भारत संदेश के तहत लखनऊ में अन्य राज्यों के निवासियों को एक स्थल पर आमंत्रित करके उनकी सांस्कृतिक विरासत, खानपान और कलाओं को एक साथ एकत्रित होकर उत्सव के रूप में मनाएंगे। प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से आमजन को मिल रहे लाभ के प्रति प्रधानमंत्री को लिखे गए शुभकामना एवं अभिनंदन पत्र 27 सितंबर को शक्ति केंद्र स्तर पर प्रेषित किए जाएंगे।

28 सितंबर को प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व विजन नीतियों एवं उपलब्धियों पर प्रबुद्ध जन वक्ताओं द्वारा चर्चा के लिए सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रहे ऐतिहासिक कोविड 19 टीकाकरण अभियान की जागरूकता के लिए 29 सितंबर को कोविड 19 केंद्रों पर असक्षम लोगों को लाने ले जाने की कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्था करके टीकाकरण कराया जाएगा और केंद्रों पर पेयजल, चाय, बिस्कुट वितरण करके प्रेरित किया जाएगा। मोदी सरकार ने 2025 तक भारत को टीवी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में संकल्पबद्ध होकर महत्वपूर्ण कदम उठाएं।

इसी कड़ी में 30 सितंबर को जनप्रतिनिधियों पार्टी पदाधिकारियों व समाजसेवियों की जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए रोगियों को चिन्हित कर कम से कम 1 वर्ष के लिए गोद लेकर रोगियों के भोजनए पोशाक व आजीविका के संबंध में सेवा कार्य किया जाएगा। 1 अक्टूबर को बूथ स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांत के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएगा। बैठक में महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामअवतार कनौजिया, विधायक एवं पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन समेत अन्य पदाधिकाी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सपा मुख्यालय के बाहर लगा बैनर, यूपी + बिहार, गयी मोदी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश की सियासत में शनिवार को सपा मुख्यालय के बाहर लगाए गए एक नए बैनर से सूबे की राजधानी में हलचल मच गई है। बिहार में हालिया राजनीतिक उलटफेर से प्रेरित यह बैनर शनिवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी दफ्तर के बाहरी दीवार लगा नज़र आया। बैनर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीरों के साथ लिखा है 'यूपी प्लस बिहार गई मोदी सरकार'। यह बैनर सपा नेता आईपी सिंह ने लगवाया है।

सपा मुख्यालय के बाहर लगाए गए इस बैनर से अब यह तो साफ हो गया है कि बिहार में भाजपा को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस तथा अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने भी बड़े कद में स्वीकार कर लिया है। जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार को समाजवादी पार्टी देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकल्प के रूप में भी देखने लगी है। समाजवादी पार्टी के नेता आइपी सिंह ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के बाहर एक बैनर लगाया है काले रंग की पृष्ठभूमि वाले इस पोस्टर में नीतीश कुमार सफेद और हरे रंग का दुपट्टा (अंगोछा) पहने हुए दिख रहे हैं जबकि अखिलेश यादव अपनी पार्टी से जुड़ी लाल टोपी पहने हुए हैं। इस बैनर पर हिंदी में लिखा है 'यूपी प्लस बिहार गई मोदी सरकार'। इस सप्ताह की शुरुआत में राजधानी दिल्ली में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के नेता कुमार और सपा मुखिया अखिलेश यादव की गर्मजोशी से बैठक के बाद लगाए गए इस बैनर की यहां राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में सपा और अन्य विपक्षी दलों ने बिहार में भाजपा का साथ छोड़कर राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ हाथ मिलकर सरकार बनाने के नीतीश कुमार के कदम का स्वागत किया था, लेकिन इस तरह के किसी भी पुनर्गठन के यहां आने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में बड़ी संख्या में लोकसभा सीटें हैं। जहां उत्तर प्रदेश लोकसभा में अधिकतम 80 सांसद भेजता है, वहीं बिहार में 40 संसदीय क्षेत्र हैं। बैनर के बारे में बताते हुए सपा नेता आई पी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में देश की राजनीति में बदलाव लाने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समाजवादी पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय लोक दल समाजवादी विचारधारा के अग्रदूत हैं, और नेताजी मुस्लिम सिंह यादव इन सभी के संरक्षक हैं। सपा नेता श्री सिंह ने कहा कि यह समाजवादी थे जिन्होंने पहले तानाशाही को उखाड़ फेंका था और आने वाले दिनों में समाजवादी ही क्रांति के नायक होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अखिलेश यादव और मुलायम सिंह यादव, के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, माकपा महासचिव सीताराम एचुरी, भाकपा महासचिव डी राजा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राकांपा प्रमुख शरद पवार से भी मुलाकात की थी और और दावा किया था कि यह मुख्य मोर्चा होगा न कि तीसरा मोर्चा। इस बीच बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने शनिवार को ट्वीट किया कि सपा उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार खोती जा रही है, जिसके लिए उसका अपना कृत्य ही मुख्य कारण है। परिवार, पार्टी एवं इनके गठबंधन में आपसी झगड़े, खींचतान तथा आपराधिक तत्वों से इनकी खुली सांठगांठ आदि की खबरें मीडिया में आमचर्चा में है तो फिर लोगों में निराशा क्यों न हो? उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी सपा पर तंज कसते हुए हुए कहा कि सत्ता के लिए बेचैन अखिलेश यादव की पार्टी सपा का लोकसभा चुनाव 2024 में खाता भी नहीं खुलेगा, उत्तर प्रदेश और देश में मोदी लहर पहले से तेज है। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 62 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने दो सीटें जीती थीं। बसपा ने 10 सीटें जीती थीं, सपा ने पांच सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने एक सीट जीती थी।

# भाजपा नेतृत्व के पास नहीं है विकास का कोई विजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश विकास से पूर्णतया वंचित एवं उपेक्षित है। भाजपा नेतृत्व के पास विकास का कोई विजन नहीं है। भाजपा सरकार कुछ भी बदलाव करने की स्थिति में नहीं है। भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों के हितों के लिए काम कर रही है। सन् 2024 में जनविरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए जनता को मिलकर तैयार रहना है।

सपा मुख्यालय में शनिवार को अखिलेश यादव ने एकत्र जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपाई प्रगति और नए भारत के बारे में बड़े-बड़े लम्बे प्रवचन करते हैं पर सब कुछ बेचकर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने में लगे हैं। बाजार अडानी को बेच दिया गया। आटा, मैदा, तेल, बिस्कुट, ब्रेड सब पर उनका ही अधिकार है। एयरपोर्ट, रेलवे सब पर अडानी का वर्चस्व है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने सभी को धोखा देने का काम किया है। किसान त्रस्त है। किसानों का शोषण करना भाजपा का एजेण्डा है। सूखे से परेशान किसान से सम्माननिधि की वसूली हो रही है। किसानों को सूखे का मुआवजा देने की जगह सर्वे का बहाना किया जा रहा है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। रोजी.रोजगार का संकट है। नौकरी देने की जगह युवाओं को लाठियों से पीटा जा रहा है। भाजपा सरकार किसानों.नौजवानों के साथ किए गए वादे नहीं निभा रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदहाली है। विद्यालयों के जर्जर भवनों में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैंए उनसे शौचालयों की सफाई तक कराई जा रही है। बच्चों को अब तक न पाठ्य पुस्तके मिली और न ही यूनीफार्म मिल पाई हैं। अस्पतालों में इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। दवाओं का अभाव है। डाक्टरों के स्थानांतरण में घोटाला हो गया। श्री यादव ने कहा कि महंगाई की मार ने जनसामान्य की कमर तोड़ दी है। रोजमर्रा की चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। खाद-बीज कीटनाशक, कृषियंत्र सभी महंगे हो गये हैं। यूरिया खाद की बोरी से 5 किलो खाद कम कर दी गई पर दाम कम नहीं हुए। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश पनप रहा है। लोग भाजपा की वादाखिलाफी और धोखे की राजनीति से वाकिफ हो चुकें हैं। भ्रष्टाचार थम नहीं रहा है। कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। भाजपा सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी असंतोष पनप रहा है। जनता ने अब भाजपा को सबक सिखाने का पक्का इरादा कर लिया है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई भारतरत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती

**लखनऊ।** सपा मुख्यालय में शनिवार को भारतरत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 135 वीं जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पंडित गोविन्द बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# लखनऊ के आशीष के पास है प्रधानमंत्री को मिले उपहारों का संग्रह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## नीलामी में खरीदी वस्तुओं को बताया राष्ट्रीय धरोहर



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अनूठी कार्यशैली से प्रभावित लखनऊ के आशीष वर्मा के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों का विशाल संग्रह है। आशीष पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट हैं और वह प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ऑनलाइन बिक्री के दौरान अब तक 14 आइटम्स को करीब 2 लाख रुपए में खरीद चुके हैं। इनमें अंगवस्त्र, धातु की वस्तुएं, भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति, भारतमाता की मूर्ति, पद्मनाभम स्वामी मंदिर का प्रतीक चिन्ह, फोटो फ्रेम, पेन स्टैंड और स्मृति चिह्न समेत दूसरी चीजें शामिल हैं।

आशीष बताते हैं कि उन्हें जब यह पता चला कि प्रधानमंत्री को मिले उपहारों को ई-नीलामी के माध्यम से खरीदा जा सकता है और उस धन का उपयोग नमामि गंगे परियोजना के लिये होगा तो उन्हें लगा कि इन उपहारों को खरीदना उनके लिये एक पंथ दो काज जैसा होगा। इस तरह जहां उन्हें अमूल्य उपहार हासिल होंगे वहीं दूसरी ओर उनके धन का उपयोग राष्ट्रहित में होगा। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने विभिन्न अवसरों पर भेंट में मिले उपहारों की नीलामी करके धन अर्जित करने और उसे देशहित में लगाने की जो नायाब शुरुआत की हैए उसकी सभी जगह प्रशंसा हो रही है। आशीष बताते हैं कि प्रधानमंत्री को भेंट की गई वस्तुएं राष्ट्रीय धरोहर हैं। उन्होंने ई-नीलामी के दौरान जब प्रधानमंत्री को उपहार में मिला पेन स्टैंड देखा जिसमें 16 भाषाओं में भारत लिखा हुआ है और वो खरीदने के लिये उपलब्ध है तो उन्होंने तुरंत इसको खरीदने का निर्णय लिया। आशीष बड़े गर्व के साथ बताते हैं कि आज वह पेन स्टैंड मेरे कार्यालय की मुख्य मेज पर रखा है। वहीं आशीष ने ई नीलामी के जरिए भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति को खरीदने का निर्णय इसलिये लिया क्योंकि यह मूर्ति बेहद खूबसूरत दिख रही थी और ऐसी दिव्य और भव्य मूर्ति बाजार में कहीं भी उपबल्ध नहीं थी। आशीष ने करीब 41 राउंड की बोली के बाद मां लक्ष्मी का स्टेचू करीब 55000 रुपये और करीब 50 राउंड की बोली के बाद श्रीराम की मूर्ति करीब 15 हजार रुपये में खरीदी। नीलामी की प्रक्रिया को इंटरनेट के माध्यम से काफी आसान बना दिया गया है। कोई भी सामान्य व्यक्ति नीलामी की प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी मनपसंद वस्तुएं खरीद सकता है। उन्होंने बताया कि अब तक उन्होंने कई लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया है कि वे आगामी नीलामी में भाग लें और वस्तुओं को खरीद कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें। आशीष बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि नीलामी में खरीदी गयी वस्तुओं को वे बेचेंगे नहीं बल्कि उन्हें अपने पास संभालकर रखेंगे। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने खुद को मिले सभी उपहारों को नेक काम के लिए नीलाम करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रस्तुत किए गए प्रतिष्ठित उपहारों और स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी का तीसरा दौर 17 सितंबर से 7 अक्टूबर 2021 तक वेब पोर्टल के माध्यम से आयोजित किया गया था। ई-नीलामी की आय नमामि गंगे मिशन में जाती है।

# दिवंगत विधायक के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे योगी

- कहा-अरविंद गिरि की कमी को पूरा कर पाना असंभव
- परिवार के प्रत्येक सदस्य से की मुलाकात
- समाधि स्थल पर किया पुष्पार्चन

संवाददाता। लखीमपुर/गोला गोकर्णनाथ

**शनिवार** को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोला गोकर्ण नाथ के दिवंगत विधायक अरविंद गिरि के आवास पर पहुंचे। उन्होंने यहां करीब 25 मिनट तक का समय दिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनको संकट की इस घड़ी में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने परिवार के एक-एक सदस्य से बात की और उनको कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विधायक अरविंद गिरि की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता और यह पार्टी के लिए एक बड़ी क्षति है। लेकिन उनके सपनों कोए उनके कार्यों को पार्टी प्राथमिकता से पूरा कराएगी। फिर चाहे उसमें गोला गोकर्णनाथ का कारीडोर हो या फिर स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम के उच्चीकरण का मामला। इन सभी कार्यों को प्रदेश सरकार प्रमुखता से पूरा कराएगी।

मुख्यमंत्री ने विधायक के बेटे अमन, उनके बड़े भाई जनार्दन गिरि, पत्नी सुधा गिरि, भाई मोंटी गिरि से मुलाकात की और उनसे कहा कि उनको घबराने की कोई जरूरत नहीं है सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस मौके पर विधायक अरविंद के बड़े भाई जनार्दन ने बताया कि मुख्यमंत्री के आश्वासन से उन्हें बहुत बड़ा संबल मिला है और दुख की इस घड़ी का उनको सामना करने की ताकत मिली है। सीएम के गोला आवागमन को लेकर-प्रशासन ने पूरी तैयारियां पहले से कर ली थी। राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में हेलीपैड बना दिया गया था। शुक्रवार को दोपहर एसपी संजीव सुमन, एएसपी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह, कोतवाली प्रभारी डीपी शुक्ला समेत पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने हेलीपैड का निरीक्षण किया था।

इस मौके पर दिवंगत विधायक के भाई जनार्दन गिरि, मकसूदन गिरि, अजय गिरी, धर्मेन्द्रन गिरि, अमन गिरी, संजय गिरी, सुनील गिरी, देवेंद्र गिरि, महेंद्र गिरी, रावेंद्र गिरि, शिवम गिरि, कनैहय्या गिरि, विशाल गिरि, विकास गिरि, विमल वर्मा, वीरेंद्र भूषण (बिजुआ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि) केके शुक्ल, केशव प्रसाद अग्रवाल, अनिल श्रीवास्तव, जोगेंद्र साहनी, राजेश सिंह, रामगुलाम, पांडेय, राजा अंसार, गुरमेल सिंह, बालकृष्ण गुप्ता, अवधेश मिश्रा, मिन्नी भसीन, गोपाल कृष्ण शुक्ल, जवाहर वर्मा विधायक प्रतिनिधि, आशीष सिंह व डाक्टर बच्चू सिंह व शैलेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### छोटी काशी में लिया शिव का आशीष



**इससे** पहले मुख्यमंत्री ने विधायक अरविंद की समाधि पर पुष्प अर्चन किया। परिवार से मुलाकात करने के बाद छोटी काशी के नाम से विख्यात पौराणिक शिव मंदिर में भी मत्था टेकने पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर करीब 12:30 बजे लखीमपुर से लखनऊ के लिए रवाना हो गया।





## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने इंटरलॉकिंग का किया लोकार्पण

संवाददाता। निघासन-खीरी



**केन्द्रीय** गृहराज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने अपनी सांसद निधि से बनी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया। लालपुर ग्राम पंचायत के गांव बुद्धा पुरवा में पैकरमा लोधी के घर से मंशा लोधी के घर तक लगभग 80 मीटर लागत छह लाख करीब बनी इंटरलॉकिंग का किया लोकार्पण ग्रामीणों की मांग पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने स्वीकृति दे दी थी जिसका टेंडर हुआ टेंडर के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण हुआ जिसका आज लोकार्पण किया गया ऐसे इंटरलॉकिंग बनने से ग्रामीणों को आने जाने की समस्या खत्म हुई !बरसात के समय में लोगों को निकलना मुश्किल था लोग अपने खेतों में जाने के लिए लगभग एक किलोमीटर घूम कर आते जाते थे इंटरलॉकिंग बनने से गांव में खुशी का माहौल रहा इसके बाद पैकरमा लोधी के आवास पर सभा हुई सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं निरंतर चलाई जा रही हैं जो कि धरातल पर दिखाई दे रही हैं सारी योजनाएं सफल हैं इसी को देखते हुए विपक्ष घबरा रहा है और बताया कि हर नल से जल की योजना चलाई जा रही है जिससे लोगों को स्वच्छ पानी की व्यवस्था हो सके! और कहा कि जिस तरह मोदी जी पर देश के लोगों का भरोसा है भारत के जरूरतमंद लोगों की जरूरतें पूरी हो रही हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनीत मनार, ब्लाक प्रमुख पति अमनदीप सिंह, कनक पाल सिंह राणा नागेंद्र सिंह सेंगर, बद्री प्रसाद मौर्य ,रतिराम लोधी, खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह, योगेश दीक्षित मोनू, पीयूष दीक्षित, बनवारी लाल यादव, महेश गुप्ता,पूर्व प्रधान चेतराम यादव, प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव, कमलेश गुप्ता, रामेश्वर मौर्य, शंभू दयाल गुप्ता, लालजी विश्वकर्मा,प्रदीप शुक्ला, अशोक तिवारी, के के तिवारी, सीताराम लोधी, ग्राम रोजगार सेवक सुजीत कुमार कश्यप समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आत्महत्या निरोधक दिवस पर मानसिक चिकित्सक ने किया लोगों को जागरूक

**लखीमपुर-खीरी।** विश्व आत्महत्या निरोधक दिवस के क्रम जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा 3री सशस्त्र सीमा बल गढ़ी रोड, लखीमपुर खीरी मे सुसाइड प्रीवेंशन शिविर का आयोजन किया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं एनसीडी नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा शिविर मे बताया गया कि दुनिया भर में हर साल लगभग 800000 लोग आत्महत्या करते हैंए इनमें से 135000 भारत के निवासी हैं। दुनिया में भारत की 17.5% आबादी है। 1987 और 2007 के बीच भारत के दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में आत्महत्या की दर 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति 100000 हो गई। 2012 में तमिलनाडु (12.5%), महाराष्ट्र (11.9%), और पश्चिम बंगाल (11%) में आत्महत्याओं का उच्चतम अनुपात था। बड़ी आबादी वाले राज्यों मेंए तमिलनाडु और केरल में 2012 में प्रति 100000 लोगों में आत्महत्या की दर सबसे अधिक थी। पुरुष और महिला आत्महत्या का अनुपात लगभग 2:1 रहा है। भारत में आत्महत्याओं की संख्या के आकलन अलग-अलग हैं। एक अध्ययन ने 2010 में भारत में 187000 आत्महत्याओं का अनुमान लगाया था जबकि भारत सरकार के आधिकारिक आंकड़ों ने एक ही वर्ष में 134600 आत्महत्याओं का दावा किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में महिलाओं की आत्महत्या दर 16.4 प्रति 100000 और पुरुषों की 25.8 है। एनसीआरबी की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसारए देश भर में 2021 में कुल 164033 लोगों ने आत्महत्या की। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में 118979 पुरुषों ने आत्महत्या की, जिनमें से 37751 दिहाड़ी मजदूर, 18803 स्वरोजगार से जुड़े लोग और 11724 बेरोजगार शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 45026 महिलाओं ने आत्महत्या की। इसके पश्चात मनोचिकित्सक डा. अखिलेश शुक्ला द्वारा सभी जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में 47 जवान उपस्थित हुए। जिन सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि वर्तमान समय मे जो जवान परिवार से दूर रहकर अपनी सेवाएं सेना को प्रदान कर रहे हैं, उनमे अवसाद के लक्षण मिलना आम बात होती हैं और ऐसे जवान के मन मे एकाकीपन के कारण आत्महत्या के विचार भी आने लगते हैं जो की जिंदगी के लिए नुकसानदायक होते हैं।



## क्विक न्यूज

### जालसाज ने उड़ा दिए खाते से पैसे

**पिपरिया धनी-खीरी।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र की पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत मूलनिवासी मूड़ागलिब के राजबहादुर सिंह पुत्र द्वारिका सिंह का खाता जिला सहकारी बैंक की शाखा पिपरिया धनी में संचालित हैं। खाताधारक को बिना बताए और बिना जानकारी के शाखा प्रबंधक और कर्मचारियों ने धोखाधड़ी कर के मोबाइल नम्बर बदल कर एक ए टी एम जारी कर पैसा निकाल लिया। कुछ दिन बाद जब खाताधारक पैसा निकालने बैंक में पहुंचा तो पैसा निकालने के लिए बीड्राल दिया तब पता चला कि खाते में पैसा नहीं हैं। पैसा न होना सुनकर खाते धारक के पैरों के नीचे जमीन खिसक गयी। इसकी सूचना तत्काल शाखा प्रबंधक को दी और दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात और पैसा दिलाने की बात शाखा प्रबंधक से की।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम विजेता एमए की फातिमा लतीफरहीं




**बरेली ।** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शीर्षक हिस्ट्री ऑफ इंग्लिश लिटरेचर था । जिस पर अंग्रेजी की बीए एवम एम ए की 15 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। छात्राओं ने सुंदर आकर्षक पोस्टर बनाए। प्रथम विजेता एम ए की फातिमा लतीफरही,द्वितीय स्थान पर बी ए की प्राची , तृतीय पुरस्कार नाजिया को व सांत्वना पुरस्कार सानिया को दिया गया । कार्यक्रम का निर्देशन प्राचार्या अनुपमा मेहरोत्रा ने किया।विभाग की सभी शिक्षिकाएं श्वेता मौर्या , प्रियंका वर्मा , बीना यादव , अफरोज जहां एवम रुचि अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के जयकारे के साथ किया विसर्जन

**बरेली ।** बिहारीपुर दरगैया गली स्थित श्री शिव शक्ति दुर्गा जी धाम पर 32वें गणेशोत्सव के अतिंम दिन शुक्रवार को शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया । भक्तगणों ने गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ के जयकारे लगाए. और एक दूसरे को गुलाल लगाया । इसके अलावा कई स्थानो पर मटकी भी फोड़ी गई। इससे पूर्व पंडाल मे हवन-पूजन पूर्णाहुति हुई । भारी संख्या में लोगो ने भाग लिया । शोभायात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर कुं सुभाष पटेल रहे। उन्होंने गणेश जी की आरती की और हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया । रास्ते भर यात्रा का अल्पाहार द्वारा स्वागत सत्कार किया गया.। शोभायात्रा का मार्ग बिहारीपुर..टडनबाडा..बीबी जी की मस्जिद..बैंक ऑफ बडौदा,ख्वाजा कुतुब, सौदागरान..सीताराम कूंचा. कन्हैयाटोला.गढैया. दामोदरदास मार्ग. साहूकारा होते हुए किला फाटक पर सम्पन्न हुई. । सभी मूर्ति गाडी में रामगंगा को रवाना हुई। वहाँ सभी मूर्तियों को पूजा- अर्चना के बाद विसर्जित किया गया.। इसमें मुख्य रूप से विकास मेहरोत्रा,अमित अरोरा,विवेक कक्कड,मुनीश कुमार, सिकंदर रस्तोगी,कमल टंडन,योगेश रस्तोगी, शिवा कक्कड, डाक्टर राजीव रस्तोगी, अमन रस्तोगी, रवि रस्तोगी, गगन मेहरोत्रा,पुनीत मेहरोत्रा, विनीत कक्कड ,सत्यम मिश्रा, अमित टंडन,विक्रांत मेहरोत्रा, हर्षित टंडन, सिद्धांत अरोरा आदि भक्तगण का विशेष सहयोग रहा।

### गोवंशीय पशुओं का वध करने वाले आठ गिरफ्तार

**बरेली ।** योगी सेना के गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला मंत्री द्वारा गोवंश पशुओं को काटने वाले लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद पुलिस ने 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके सात साथी फरार हो गए गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने गोकशी करने का सामान बरामद किया गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा उनके कई साथी मौका देकर फरार हो गए । भुता थाना क्षेत्र के गांव सकत पुर निवासी योगी सेना के गोरक्षा प्रकोष्ठ के जिला मंत्री हिमांशु पटेल ने 7 सितंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गोवंश के पशुओं को काटने के बाद उनके अवशेष फेंक देने वाले अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की इसके बाद पुलिस ने आज भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर चुन्नीलाल और मुड़िया अहमदनगर के बीच स्थित सहारा ग्रुप की जमीन पर मुखबिर की सूचना के बाद छापामार कार्रवाई करते हुए भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव धौरा टांडा वार्ड 8 निवासी अजीज कुरैशी यही के शकील, भोजीपुरा के ही गांव उदयपुर बन्नो जान के छोटे और फुर्सत अली, मौला नगर निवासी राजू कुरैशी, सैदपुर निवासी सदीक, झील गोटिया निवासी हबीब अली और पप्पू को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाशों के पास से एक थैले में गोकशी के काम आने वाले 5 छुरे, 2 चापड़, लकड़ी का एक गुटखा, प्लास्टिक की एक पल्ली और 5 अध जली मोमबत्ती व माचिस बरामद हुई जबकि गिरफ्तार अभियुक्तों के साथी भोजीपुरा के तुलसी नगर का रहने वाला गिरीश यही का मैना भूढ़ा निवासी वसीम, मुंतशिर, अलीनगर का कालिया और धौरा टांडा कर रसीद मौका देख कर फरार हो गए पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजकर उनके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी

### रामपुरकला में 40 लाख की अवैध सम्पत्ति कुर्क



**सीतापुर।** माफियाओं पर योगी सरकार का सोटा लगातार चल रहा है, अपराध से अकूत सम्पत्ति अर्जित कर पैसों का पहाड़ खड़ा करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सीतापुर के थाना रामपुरकला के गांव चपरूआ के रहने वाले अभियुक्त रामसागर पुत्र मेड़ई की 43 लाख 50 हजार की सम्पत्ति को पुलिस ने कुर्क किया है। अपराधी के विरूद्ध रामपुर कला थाने में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। कुर्क की गई सम्पत्ति में चपरूआ गांव में एक मकान व खेती की भूमि शामिल है। आरोप है कि अभियुक्त रामसागर द्वारा शराब का अवैध कारोबार कर यह सम्पत्ति अर्जित की गई है। अभियुक्त के पास न ही पैतृक सम्पत्ति है और न ही आय कोई ऐसा जरिया जिससे कम समय में इतनी सम्पत्ति बनाई जा सके। पुलिस ने ऐलान कर सम्पत्ति को जब्त करते हुए कुर्की का बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर की गई है।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करके अभियुक्त मोहर्रम पुत्र निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अवैध शस्त्रों के निर्माण बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना निघासन पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद करके अभियुक्त मोहर्रम पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना निघासन जनपद खीरी को राधा स्वामी सत्संग पढुवा रोड से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना निघासन पर मुअसं. 729/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक बाबूराम चौकी प्रभारी ढखेरवा, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार, का. जयचन्द्र व का. प्रेम किशोर शामिल रहे।

## निलंबित शिक्षक तैय्यब कासमी पहुंचा स्कूल, जमकर किया हंगामा

- कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय सरौरा कला का मामला
- प्रधानाध्यापिका से मांगा रजिस्टर, मना करने पर दी गालियां

संवाददाता। सीतापुर




**सीतापुर के** प्राथमिक विद्यालय सरौरा कला में सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी के आतंक से छात्र-छात्राएं अध्यापक और अभिभावक सभी परेशान हो रहे है, वह बच्चों को पीटता है, प्रधानाध्यापिका से फौजदारी अमादा हो जाता है, शिकायत करने पर अभिभावको से भी भिड़ जाता है और पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने जैसी कोशिश से भी नहीं डरता है। उसका 151 में चालान में करने के बाद सुधार न होने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने निलम्बन करने जैसा कदम भी उठाया। फिर भी सहायक अध्यापक तैय्यब कासमी अपनी आदतो से बाज नहीं आया। शुक्रवार को भी स्कूल पहुंचकर बवाल किया और शनिवार को भी हंगामा काटा। विद्यालय के स्टाफ के साथ गाली गलौज की, विकास खंड कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय सरौरा कला में पठन पाठन और शैक्षणिक माहौल इन दिनों समाप्त हो गया है, वहां सहायक अध्यापक का आतंक जारी है, विद्यालय की प्रधानाचार्या विभा अस्थाना अबतक कई शिकायतें कर चुकी है, फिर एक बार खंड शिक्षाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा और कमलापुर थाने के प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा से लिखित शिकायत कर कहा है।

## 'नीट' को 'बीट' कर बुलंदी पर पहुंच गईं 'तस्मियां'

- 720 में से 645 अंक अर्जित कर किया क्वॉलीफाई



**बिसवां सीतापुर।** बिसवां की होनहार बेटी ने परिवार का नाम रोशन किया है। बिसवां के मियांगज की रहने वाली छात्रा तस्मियां खान पुत्री डा. जावेद खांन ने नीट को बीट कर 720 मे से 645 अंक अर्जित किए है। तस्मियां की जनरल रैंक 2876 आयी है। इकरा एकेडमी से माध्यमिक स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की शिक्षा सिंघानिया एजूकेशनल इंस्टीट्यूट से प्राप्त की है। तस्मियां का कहना है कि उनकी इस सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को जाता है। तस्मियां का ख्वाब एमबीबीएस डाक्टर बन लोगो की सेवा करने का है। तस्मिया रोशनी बन समाज से अंधकार को मिटाने की ख्वाहिश रखती है।

## पेज एक का शेष

### शोध व...

नए-नए अनुसंधान सामने ला रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व और पश्चिमी देशों के बीच के अंतर को रेखांकित करते हुए कहा कि हम अपने वैज्ञानिकों के काम को उचित मान्यता नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, तो विज्ञान हमारे समाज और संस्कृति का हिस्सा बन जाता है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन विकसित करने और दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन अभियान में योगदान देने में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका की सराहना की। प्रधानमंत्री ने रेखांकित करते हुए कहा कि 2014 के बाद से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश में पर्याप्त वृद्धि हुई है। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है, जबकि 2015 में हम 81वें स्थान पर थे। देश में पंजीकृत होने वाले पेटेंट की रिकॉर्ड संख्या का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि नवाचार के माहौल और एक जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हुआ है।

### गुजरात विस...

गए आईएसआईएस गुर्गों से पूछताछ में हुए खुलासों के बाद जारी किए गए, जिनसे पता चला था कि अफगानिस्तान-पाकिस्तान में बैठे आईएसआईएस के लोग भारत में हमलों की साजिश रच रहे हैं। आईएसकेपी के गुर्गों ने अपने भारतीय सहयोगियों को इस्लामवादी आतंकी एजेंडे के हिस्से के रूप में कलशानिकोव असॉल्ट राइफल, छोटे हथियार, आईईडी बनाने और हमलों की तैयारी के लिए धन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक में आईएसआईएस के वॉयस ऑफ हिंद नेटवर्क का भंडाफोड़ होने से यह भी संकेत मिलता है कि पाकिस्तान में बैठे इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य भारत और अफ-पाक क्षेत्र में आईएस के गुर्गों के संपर्क में रहे होंगे।

### चार्ल्स तृतीय...

वेल्स हैं। चार्ल्स ने औपचारिक घोषणा दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। चार्ल्स ने ब्रिटेन में शाही खर्च को पूरा करने वाले अनुदान के एवज में सभी राजस्व और क्राउन एस्टेट देश को सुपुर्द करने की परंपरा की पुष्टि की। ब्रिटेन के सभी छह जीवित प्रधानमंत्रियों-सर जॉन मेजर, टोनी ब्लेयर, गार्डन ब्राउन, डेविड कैमरन, टेरेजा मे और बोरिस जॉनसन- तथा नई प्रधानमंत्री लिज ट्रस और विपक्ष के नेता सहित अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। लोगों को समारोह की कार्यवाही दिखाने के लिए राज्यारोहण परिषद में पहली बार टीवी कैमरों को अनुमति देने का फैसला चार्ल्स तृतीय का था। चार्ल्स शुक्रवार को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल से लौटें, जहां महारानी की तबीयत बिगड़ गई थी और उन्होंने अंतिम सांस ली थी। दिवंगत महारानी के लिए शोक प्रकट करने को लेकर पैलेस के ऊपर ध्वज झुका दिया गया था, जिसे राज्यारोहण परिषद की घोषणा के बाद फिर से पूर्ववत कर दिया गया। समारोह के बीच, गार्टर किंग ऑफ आर्म्स द्वारा पहली बार सार्वजनिक रूप से मूल घोषणा पढ़ी गई। साथ ही, लंदन के हाइड पार्क में महाराज के ट्रूप रॉयल हॉर्स आर्टिलरी ने 41 तोपों की सलामी दी। तुरही बजाने वाले बैंड ने शाही सलामी दी और बैंड ऑफ कोल्डस्ट्रीम गाड्र्स ने इसके बाद राष्ट्रीय धुन बजाई। राज नेताओं, पादरी वर्ग के वरिष्ठ सदस्यों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की प्रिवी काउंसिल नए महाराज की घोषणा से पहले एकत्र हुई और घोषणा से जुड़े कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। घोषणा के बाद, चार्ल्स तृतीय ने प्रिवी काउंसिल की पहली बैठक की और संप्रभुता के प्रति कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों की अपनी व्यक्तिगत घोषणा की तथा अपनी दिवंगत मां के पदचिह्नों पर चलने की बात कही।

### मूसेवाला केस...

मानसा जिले में 29 मई को सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर गायक शुभदीप सिंह सिद्धू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंजाब सरकार द्वारा स्थाई तौर पर उनकी सुरक्षा वापस लिए जाने के एक दिन बाद यह घटना हुई थी। मूसेवाला अपने दोस्त और चचेरे भाई के साथ मानसा में स्थित जवाहर के गांव जा रहे थे, तभी छह आरोपियों ने उनके वाहन को रोका और गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस हमले की जिम्मेदारी कनाडा स्थित लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने ली थी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान प्रियव्रत फौजी, कशिश, अंकित सेरसा, दीपक मुंडी, मनप्रीत सिंह और जगरूप सिंह रूपा के तौर पर की थी, जो कथित तौर पर हत्या में शामिल थे। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने फौजी, कशिश और सेरसा को गिरफ्तार किया था, वहीं पंजाब पुलिस ने अमृतसर में हुई मुठभेड़ में रूपा और मनप्रीत को मार गिराया था। पिछले महीने मानसा की एक अदालत में दायर।,850 पृष्ठों के आरोप पत्र में पंजाब पुलिस ने कहा था कि गोल्डी बराड़ ने मूसेवाला की हत्या को अंजाम देने के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया और कुछ अन्य लोगों के साथ गठजोड़ किया था। आरोप पत्र के मुताबिक, गोल्डी बराड़ ने मूसेवाला की सुरक्षा वापस लिए जाने की जानकारी आरोपियों को दी थी और उन्हें जल्द से जल्द जान से मारने के लिए कहा था। बताया जाता है कि कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर ने पिछले साल मारे गए युवा अकाली नेता विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या का बदला लेने के लिए मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।

### ब्रिटिश गृह...

बताया कि शिकायत में कहा गया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आसगांव गांव में पावर ऑफ एटार्नी के जरिए फर्नांडीज और उनके परिवार की संपत्ति को अपने नाम पर कराने के कागजात जमा कराए थे। फर्नांडीज ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, पुलिस महानिदेशक जसपाल सिंह और गोवा के एनआरआई आयुक्तालय को ईमेल के जरिए शिकायत भेजी है। गोवा के एनआरआई आयुक्त नरेंद्र सवाईकर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि गत सप्ताह उनके विभाग को ईमेल प्राप्त हुआ था जिसे राज्य के गृह विभाग को भेज दिया गया है।

### कोलकाता में...

यह रकम और भी बढ़ सकती है। सूत्रों ने कहा कि कथित तौर पर एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग रैकेट में शामिल खान के घर की पहली मंजिल से 2000 रुपये से 50 रुपये तक के नोटों के बंडल बरामद किए गए हैं। खान शनिवार सुबह से ही लापता है और उसके तीनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ हैं। बताया जा रहा है कि आमिर खान के पिता नासिर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के करीबी थे। फरवरी 2021 में पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बावजूद कोलकाता पुलिस द्वारा खान के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे यह पता चल जाता है कि मामले की जड़ें कितनी गहरी हैं। ईडी यह भी पता लगाएगी कि क्या बरामद नकदी केवल आमिर की है अथवा उसने इसे किसी अन्य व्यक्ति के लिए रखा था। हाल ही में जेल में बंद पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के अपार्टमेंट से भी 50 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। ईडी का कहना है कि खान 65-70 करोड़ रुपये के घोटाले में संलिप्त हो सकता है। पूरे कोलकाता में उसके कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की गई है। आमिर खान का घर गार्डन रीच क्षेत्र में शाही अस्तबल लेन पर स्थित है जो बंगाल के वरिष्ठ मंत्री फिरहाद हकीम के विधानसभा क्षेत्र में आता है। इस बीच, मंत्री हकीम ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार बंगाल में व्यापार को पंगु बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का गलत उपयोग कर रही है। मंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि देश के अन्य हिस्सों से भी शिकायतें मिल रही हैं कि ईडी का इस्तेमाल बंगाल के व्यापारियों के खिलाफ किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र में...

के जलगांव जिले में हुई। उन्होंने बताया कि पुणे के घोड़ेगांव एवं यवात में, धूले जिले में, सतारा के लोनीकंड एवं सोलापुर शहर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि नागपुर शहर के शक्करदारा इलाके में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। नागरिक निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे के कोलबाद इलाके में बारिश के कारण एक पेड़ एक गणेश पंडाल पर गिर गया, जिससे इस घटना में 55 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार की रात को हुई। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस बीच रायगढ़ के पनवेल में बिजली का झटका लगने से नौ माह की एक बच्ची समेत 11 लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम को वडघर कोलीवाडा में हुई। वहीं, प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कई जगह कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटनाएं भी हुईं। अधिकारी ने बताया कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों के बीच अहमदनगर जिले के तोपखाना में मारपीट हो गई। जलगांव में गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान लोगों के एक समूह ने मेयर के बंगले पर पथराव किया।

# धर्मांतरण और गैरकानूनी गतिविधियां सहन नहीं की जाएगी : शिवराज

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा जबलपुर में एक बिशप के निवास एवं कार्यालय पर छापे में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां और धोखाधड़ी सामने आने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि धर्मांतरण या गैरकानूनी गतिविधियाँ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ईओडब्ल्यू अनिमितताओं और गतिविधियों की जांच करेगा।

चौहान ने कहा कि अनियमितताओं की शिकायत के आधार पर आठ सितंबर को ईओडब्ल्यू द्वारा जबलपुर स्थित बोर्ड ऑफ एजुकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के चेयरमेन एवं बिशप के निवास पर छापा मारा गया। उन्होंने कहा कि छापे में ट्रस्ट की संस्थाओं की लीज में धोखाधड़ी, कर ना चुकाने जैसे कृत्य और 17 संपत्ति के दस्तावेज, 48 बैंक खाते, 1.65 करोड़ की नकद राशि, 18,342 अमेरिकी डॉलर और 118 पौंड बरामद किए गए। साथ ही आठ वाहन



बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा, इस छापे में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां और धोखाधड़ी सामने आई है। राज्य प्रशासन इस बात की जाँच कराएगा कि धन का उपयोग कहीं गैर-कानूनी कामों में तो नहीं किया जा रहा था। यह भी देखा जाएगा कि ट्रस्ट के माध्यम से धर्मांतरण और अन्य गैर-कानूनी काम तो नहीं किए जा रहे हैं। इसकी जाँच ईओडब्ल्यू करेगा, जिला प्रशासन अपनी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने बिशप पर जबलपुर में हुई कार्वाई के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया को जारी संदेश में शुक्रवार को यह बात कही। चौहान ने कहा, ट्रस्ट की संस्थाओं में धोखाधड़ी, कर नहीं चुकाया जाना या नाम परिवर्तित कर ट्रस्ट के दुरुपयोग, स्टाम्प ड्यूटी या लीज के नवीनीकरण में धांधली की शिकायतें भी आई हैं। इन सारे मामलों को भी ईओडब्ल्यू को सौंपा जा रहा है। जिला प्रशासन भी इसकी जाँच करेगा। धर्मांतरण या अन्य गैर-कानूनी गतिविधियाँ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा ट्रस्ट की संस्थाओं को जमीन लीज पर देने की शर्तें निर्धारित होती हैं। जमीन शैक्षणिक उद्देश्य, चिकित्सा संबंधी कार्य, अस्पताल और धर्मस्थल के लिए लीज पर दी जाती है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश से ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि जिस उद्देश्य के लिए जमीन आवंटित की गई थी उसके बजाय कई स्थान पर इसका व्यवसाईकरण हो रहा है। इसकी जाँच भी की जाएगी।

## बिप्लब देब ने रास के लिए नामित करने पर मोदी के प्रति आभार जताया

**अगरतला।** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने शनिवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा द्वारा उम्मीदवार नामित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। वह माणिक साहा द्वारा खाली की गई सीट से चुनाव लड़ेंगे। राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले साहा ने मुख्यमंत्री के रूप में देब की जगह ली थी। देब ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी और गृह मंत्री अमित शाह जी को त्रिपुरा से राज्यसभा सदस्य के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामित करने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि वह त्रिपुरा और उसके लोगों के विकास और कल्याण के लिए काम करने को प्रतिबद्ध हैं। उपचुनाव 22 सितंबर को है और देब की जीत निश्चित है, क्योंकि विधानसभा में भाजपा के पास बहुमत है। देब के सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की उम्मीद है।



हुबली में भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जन के समय उमड़ी भीड़

# न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या में हुई वृद्धि : मुख्य न्यायाधीश

**भाषा।** पुडुचेरी

**भारत के प्रधान** न्यायाधीश (सीजेआई) यू. यू. ललित ने कहा है कि निकट भविष्य में न्यायपालिका की शोभा बढ़ाने वाली महिलाओं की संख्या अधिक होगी।



उन्होंने शनिवार को यहां डॉ बी. आर. आंबेडकर राजकीय विधि महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन द्वारा समारोह में की गई इस अपील का उल्लेख किया कि कानून की पढ़ाई में महिलाओं को बड़ी संख्या में आगे आना चाहिए तथा महिला न्यायाधीशों की संख्या और अधिक होनी चाहिए। न्यायमूर्ति ललित ने कहा कि ओडिशा, झारखंड, राजस्थान और तमिलनाडु सहित पांच राज्यों में न्यायपालिका में महिलाओं की संख्या पहले से ही अच्छी-खासी है। उन्होंने सुझाव दिया कि विधि महाविद्यालयों में न्यायिक निर्णय का विषय शामिल किया जाना चाहिए, जो युवा वकीलों को अपनी प्रतिभाओं के फलने-फूलने के लिए संस्थानों से बाहर निकलने में मदद करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक निर्णय के विषय को कुछ राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में शामिल किया गया है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति ललित ने एक स्मारिका का भी विमोचन किया। विधि महाविद्यालय के पूर्व छात्र मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने कहा कि क्षेत्रीय प्रशासन यहां पेरिया कलापेट के नजदीक विधि महाविद्यालय के पास एक विधि विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में बढ़ रहा है। रंगासामी ने कहा कि पुडुचेरी सरकार युवा वकीलों को उनकी प्रैक्टिस के शुरुआती चरण में 9,000 रुपए की मासिक सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने पुडुचेरी के वकीलों को भी पदोन्नत करके मद्रास उच्च न्यायालय में बतौर न्यायाधीश नियुक्त करने की अपील भी की।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी की आलोचना की

**भाषा।** बेंगलुरु

**केंद्रीय मंत्री** स्मृति ईरानी ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पार्टी के नेता राहुल गांधी से शनिवार को सवाल किया कि भारत की एकता को किसने नुकसान पहुंचाया कि विपक्षी दल को इस तरह का अभियान शुरू करना पड़ा। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए ईरानी ने कथित तौर पर भारत विरोधी नारेबाजी करने वाले लोगों को अपने साथ जोड़ने को लेकर भी राहुल की आलोचना की।

ईरानी ने बेंगलुरु के डोड्डाबल्लापुरा में कहा, राहुल गांधी भारत को एकजुट करने की यात्रा पर हैं, लेकिन उन्हें पहले जवाब देना चाहिए कि भारत को तोड़ने का दुस्साहस किसने किया। आप एक ऐसे व्यक्ति को अपनी पार्टी का सदस्य बनाते हैं, जिसने भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशा अल्लाह का नारा लगाया था। उन्होंने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन के तीन साल पूरे होने के



उपलक्ष्य में आयोजित जन स्पंदन कार्यक्रम में यह कहा। ईरानी ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी में राहुल द्वारा की गई उस टिप्पणी पर हैरानगी जताई, जिसमें कांग्रेस नेता ने कहा था कि लड़ाई अब पूरी राज्य व्यवस्था के खिलाफ है। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को आरोप लगाया था, भाजपा ने सरकारी संस्थानों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। आज हालात यह है कि हम सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी के खिलाफ नहीं लड़ रहे, बल्कि पूरी राज्य व्यवस्था से लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अमेठी से लोकसभा सदस्य ईरानी ने कहा, पूरी गंभीरता के साथ मैं यह राजद्रोह का आरोप लगा रही हूं। मैं राहुल गांधी के इस बयान से हैरान हूं कि वह पूरी राज्य व्यवस्था के खिलाफ लड़ रहे हैं। आपने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। मैं आपकी सत्ता की भूख से हैरान हूं। केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के शासन के दौरान मुंबई में एक आतंकवादी की कब्र का संगमरमर से सौंदईकरण किया गया, जबकि वह हमलावर करीब 250 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार था। ईरानी ने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र कोविड-19 महामारी का मुकाबला कर रहा था और स्वदेशी टीका विकसित किया गया, उस वक्त कांग्रेस ने लोगों से ए टीके नहीं लगवाने की सलाह देते हुए झूठ फैलाया।

## क्विक न्यूज

### भाजपा, शिवसेना ने मेमन के रिश्तेदार के साथ तस्वीर, वीडियो को लेकर एकदूसरे पर निशाना साधा

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के एक रिश्तेदार के साथ एक-दूसरे के नेताओं की एक तस्वीर और वीडियो शनिवार को साझा किए। भाजपा विधायक अतुल भाटखलकर ने एक वीडियो प्रसारित करते हुए दावा किया कि इसमें याकूब के रिश्तेदार रऊफ मेमन को शिवसेना नेता एवं मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर के साथ एक बैठक में हिस्सा लेते देखा जा सकता है। वहीं उद्धव ठाकरे के सहयोगी हर्षल प्रधान ने भाजपा के देवेंद्र फडणवीस और चंद्रकांत पाटिल के साथ उसी रऊफ मेमन को कथित तौर पर दिखाते हुए एक तस्वीर साझा करके पलटवार किया। इस सप्ताह की शुरुआत में, भाजपा ने दावा किया था कि याकूब मेमन की कब्र का तब सौंदईकरण किया गया था जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार महाराष्ट्र में सत्ता में थी। शिवसेना ने इस आरोप को खारिज कर दिया था। वर्ष 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद याकूब मेमन को 2015 में फांसी दी गई थी।

### असम में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद

**दीफू, गुवाहाटी।** असम के कार्बी आंगलांग एवं करीमगंज जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद कर इस सिलसिले में शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत सात करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल ने जिले के लाहौरीजान इलाके में तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि नगालैंड की सीमा पर शुरूकिए गए इस तलाश अभियान में दल ने 800 किलोग्राम गांजा एवं 40.07 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उन्होंने बताया कि यह बरामदगी मणिपुर के एक वाहन से की गई है। पुलिस ने बताया कि वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस ने 80 पैकेट गांजा बरामद किया और इसके अलावा साबुन के तीन डिब्बों में रखा हेरोइन भी जब्त की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद नशीले पदार्थ की कीमत तीन करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। एक अन्य घटना में पुलिस ने करीमगंज जिले से त्रिपुरा से आ रहे एक ट्रक से कम से कम।,108 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की कीमत 3.85 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

### लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार, 11 पिस्तौल बरामद की गई

**मोहाली।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 11 पिस्तौल बरामद की गई है। बिश्नोई ने तीन महीने पहले स्वीकार किया था कि उसने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी और वह पिछले साल अगस्त से इसकी तैयारी कर रहा था। मूसेवाला की 29 मई को हत्या कर दी गई थी। मोहाली ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेकशील सोनी ने बताया कि बिश्नोई के गिरोह के सदस्य मनप्रीत सिंह को यहां खरड़ से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने कहा कि मनप्रीत (25) लुधियाना का रहने वाला है और उस पर दो आपराधिक मामले (एक खरड़ में और दूसरा लुधियाना में) चल रहे हैं। पुलिस ने कहा कि उसके पास से नौ मिलीमीटर की एक ग्लॉक पिस्तौल, दस 0.32 पिस्तौल, तीन कारतूस और एक लग्जरी कार बरामद की गई। पुलिस ने कहा कि मनप्रीत को अश्विनी कुमार नामक एक व्यक्ति हथियार उपलब्ध कराता था जो कि हरियाणा के पेहवा का निवासी है।

### बिहार में अगले महीने 224 नगर निकायों के लिए मतदान होगा

**पटना।** बिहार में अगले महीने दो चरणों में 10 और 20 अक्टूबर को निकाय चुनाव होंगे। राज्य चुनाव आयोग ने यह घोषणा की है। आयोग ने कहा है कि राज्य भर में 224 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए चुनाव होंगे। पहले चरण की मतगणना 12 अक्टूबर को, जबकि दूसरे चरण की मतगणना 22 अक्टूबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना सहित सभी 17 नगर निगमों में दूसरे चरण में 20 अक्टूबर को मतदान होगा। दोनों चरणों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पहले चरण के लिए 21 सितंबर तक नामांकन किए जा सकते है और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 24 सितंबर है, जबकि दूसरे चरण के लिए नामांकन 26 सितंबर तक होगा और 29 सितंबर तक नाम वापस लिए जा सकते है। अधिसूचना के अनुसार, 10 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों को 25 सितंबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, जबकि दूसरे चरण के लिए 30 सितंबर को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा।

## सम्मान दिवस रैली को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही इनेलो

**भाषा।** चंडीगढ़

**इंडियन नेशनल** लोकदल (इनेलो) के अध्यक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने अपनी पार्टी की सम्मान दिवस रैली को सफल बनाने के लिए पूरे राज्य का दौरा करने का लक्ष्य रखा है। उनके बेटे अभय सिंह चौटाला भी फतेहाबाद में 25 सितंबर को होने वाली रैली में समर्थन जुटाने के वास्ते कमर कस रहे हैं। गौरतलब है कि 25 सितंबर को पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवी लाल की जयंती भी है। रैली की सफलता से इनेलो का मनोबल कई गुना बढ़ सकता है क्योंकि विधानसभा में पार्टी की केवल एक सीट है और वह 2005 से सत्ता से बाहर है।

पार्टी ने इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव समेत अन्य दलों के कई नेताओं को रैली में आने का न्योता दिया है। ओम प्रकाश चौटाला अपनी जनसभाओं में भाजपा शासित सरकारों पर जमकर हमला बोलते हैं। एक जनसभा में चौटाला ने कहा, लोग तंग आ चुके हैं। एक मजबूत मोर्चा बनाना हमारा लक्ष्य है ताकि अगले चुनाव में इस सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। अपने पिता देवी लाल का हवाला देते हुए वह कहते हैं कि उनका (देवी लाल का) सपना पूरा करना पार्टी का मुख्य मिशन है। इनेलो के अध्यक्ष और उनके बेटे आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं से लगातार बैठकें कर रहे हैं। अभय का कहना है कि 25 सितंबर को होने वाली रैली परिवर्तन की शुरुआत करेगी। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक सम्मान दिवस होगा। इसमें लाखों लोग भाग लेंगे। बड़े स्तर पर प्रतिक्रिया आ रही है। मैंने कई गांवों और जिलों का दौरा किया है। चौटाला साहब ने 22 जिलों का दौरा किया है और उनकी सभा में हजारों लोग पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान, महिलाएं और व्यापारी सभी केंद्र और राज्य में भाजपा नीत सरकारों से नाराज हैं।

## बदलाव की मांग कर रहा गुजरात, सिसोदिया जल्द ही राज्य में मार्च निकालेंगे : केजरीवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि गुजरात बदलाव की मांग कर रहा है और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया जल्द ही लोगों की मांग को पूरा करने के लिए भाजपा शासित राज्य में मार्च निकालेंगे। हालांकि, आप के राष्ट्रीय संयोजक ने अपने ट्विटर पोस्ट में इस बात का जिक्र नहीं किया कि सिसोदिया गुजरात में बदलाव के लिए अपनी पार्टी का मार्च निकालने के लिए कब वहां जाएंगे।

केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा, गुजरात बदलाव माँग रहा है। जल्द ही मनीष सिसोदिया जी गुजरात में निकालेंगे यात्रा। उन्होंने कहा, बस, अब परिवर्तन चाहिएै केजरीवाल के ट्वीट का जवाब देते हुए आप की गुजरात इकाई के प्रमुख गोपाल इटालिया ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया का उनके दौरे से पहले



स्वागत किया और राज्य के लोगों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार के मुद्दे परै केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को वोट देकर बदलाव लाएं। इटालिया ने एक ट्वीट में कहा, गुजरात में आपका स्वागत है, मनीष सिसोदिया - दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में आई क्रांति के नायक। उन्होंने कहा, गुजरात बदलाव की मांग कर रहा है। आइए हम सब मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, रोजगार के मुद्दे पर मतदान करके बदलाव लाएंै मतदाताओं को लुभाने के लिए केजरीवाल ने गुजरात में स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव समेत कई गारंटी दी हैं।

## गैर स्थानीय मतदाता मामला: पीएजीडी समिति गठित करेगा

**जम्मू (भाषा)।** पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन की ओर से बुलाई गई बैठक में जम्मू कश्मीर की मतदाता सूची में प्रवासियों को शामिल करने के मुद्दे पर भविष्य की रणनीति तैयार करने को लेकर एक समिति गठित करने का फैसला किया गया। बैठक में पीएजीडी के सभी पांच घटक - नेशनल कांफ्रेंस के अलावा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अलावा कांग्रेस ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व क्रमशः पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, एम. वाई. तारिगामी, अश्विनी कपूर और मुजफ्फर शाह ने किया। कांग्रेस की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल वानी और कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला, शिवसेना के मनीष साहनी, डोगरा स्वाभिमान संगठन पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह, डोगरा सदर सभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री गुलचैन सिंह चरक भी बैठक में शामिल हुए।

## दक्षिण गोवा लोकसभा सीट दोबारा भाजपा के खाते में लाना सुनिश्चित करूंगा : नारायण राणे

**भाषा।** पणजी

**केंद्रीय मंत्री** और भाजपा नेता नारायण राणे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने उन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा सीट और पड़ोसी महाराष्ट्र में दक्षिण मुंबई का प्रभारी नियुक्त किया है। राणे यहां गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। राणे ने कहा, मुझे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दक्षिण गोवा और दक्षिण मुंबई (लोकसभा सीट) में भाजपा के प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। हम दक्षिण गोवा की सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। दक्षिण गोवा के 20 विधायकों में से भाजपा के 12 विधायक हैं।

भाजपा के नरेंद्र सवाइकर 2019 के लोकसभा चुनावों में दक्षिण गोवा सीट को बरकरार रखने में विफल रहे थे। इस सीट पर कांग्रेस के फ्रांसिस्को एस ने जीत दर्ज की थी। राणे ने कहा, हम 2019 का चुनाव 10,000 मतों के अंतर से हार गए। हम प्रगतिशील और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाकर दक्षिण गोवा में अपना जनाधार बढ़ाएंगे। केंद्र और गोवा सरकार द्वारा महामारी के दौरान किए गए कामों के अलावा अन्य विकास कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। अपने बेटे और विधायक नीतेश राणे द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को हिंदू हृदय सम्राट कहे जाने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पार्टी की राय नहीं है। आम तौर पर इस शब्द का उपयोग शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाला साहेब ठाकरे के लिए किया जाता है। राणे ने कहा, यह भाजपा की राय नहीं है। वह (नीतेश राणे) भाजपा में हैं और देवेंद्र फडणवीस को पसंद करते हैं, इसलिए उन्होंने इस शब्द का इस्तेमाल किया।

## कांग्रेस ने भाजपा पर पादरी के साथ राहुल की बातचीत को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप लगाया तथा कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के सफलतापूर्वक शुरू होने के बाद से हताश हो गई है। दरअसल, कांग्रेस ने राहुल गांधी के एक पादरी से बातचीत करने को लेकर भाजपा नेताओं के ट्वीट पर आपत्ति जताई है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा, भाजपा की हेट फैक्ट्री गांधी के संबंध में एक घटिया ट्वीट प्रसारित कर रही है। ऑडियो में जो कुछ भी रिकॉर्ड किया गया है, उससे इसका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, यह भाजपा का विशिष्ट तुच्छ तरीका है। भारत जोड़ो यात्रा की सफल शुरुआत और लोगों द्वारा मिल रहे समर्थन को देखकर ए हताश हो गए हैं। रमेश ने आरापे लगाया, जो लोग महात्मा गांधी की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। जिन लोगों ने नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे, गौरी लंकेश और एमएम कलबुर्गी जैसे लोगों की हत्या की, वे आज सवाल उठा रहे हैं।

## त्रिपुरा में 2018 में भाजपा के प्रचार अभियान का मुकाबला नहीं कर पाया वाममोर्चा: माणिक

**भाषा।** अगरतला

**त्रिपुरा के** पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने कहा है कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत वाममोर्चा 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकलुभावन प्रचार अभियान का मुकाबला नहीं कर पाया। भाजपा के पास राज्य में दो प्रतिशत से भी कम मत प्रतिशत था और उसने 2018 में वामदलों की 25 साल पुरानी सरकार को उखाड़ फेंका था। भाजपा को इस चुनाव में 60 सदस्ईय विधानसभा में 36 सीट मिली थीं। सरकार ने शुक्रवार को माकपा के एक कार्यक्रम में कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग को लागू करने, युवाओं के लिए रोजगार और मनरेगा के तहत गरीबों को और अवसर प्रदान करने का वादा किया था। नेता प्रतिपक्ष सरकार ने कहा कि त्रिपुरा में दो लाख सरकारी कर्मचारी और पेंशनभोगी हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने समाज के सभी वर्गों को लक्षित कर अपने घोषणापत्र में जिस तरह के सपने दिखाए थे, उससे लोग भ्रमित हुए। सरकार ने कहा, त्रिपुरा में कम्युनिस्टों को हराने के लिए सभी वाम विरोधी राजनीतिक ताकतें भाजपा की छत्रछाया में चली गईं। हम भाजपा के फर्जी वादों के बारे में लोगों को समझा नहीं पाए। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि भाजपा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संगठन के बलबूते चुनाव में जीत हासिल की। सरकार ने दावा किया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियां और भाजपा की अपनी आंतरिक समीक्षा में पता चला था कि त्रिपुरा में पार्टी की हालत खराब है। उन्होंने कहा, उन्हें पता है कि अगर भाजपा वर्तमान चेहरों के साथ चुनाव लड़ती है तो उसे 2023 के विधानसभा चुनाव में नुकसान होगा।

# भारत को कमजोर प्रधानमंत्री और खिचड़ी सरकार की जरूरत: असदुद्दीन ओवैसी

**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यहां शनिवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद भारत को एक कमजोर प्रधानमंत्री और कई दलों के सहयोग से बनी खिचड़ी सरकार की जरूरत है, ताकि समाज के कमजोर वर्ग को लाभ हो सके। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री केवल शक्तिशाली लोगों की मदद करता है। एआईएमआईएम प्रमुख ने आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला करते हुए दावा किया कि वह गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से अलग नहीं है, क्योंकि उसने बिल्कीस बानो मामले में दोषियों की विवादास्पद रिहाई पर चुप्पी साध रखी है।

उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम



दिसंबर में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री ने बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, चीनी घुसपैठ, कॉर्पोरेट कर छूट और उद्योगपतियों के बैंक ऋण के बारे में सवाल पर व्यवस्था को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि देश को अब एक कमजोर प्रधानमंत्री की जरूरत है। हमने एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री देखा है, अब हमें एक कमजोर प्रधानमंत्री की जरूरत है ताकि वह कमजोरों की मदद कर सके। एक शक्तिशाली प्रधानमंत्री केवल शक्तिशाली की मदद कर रहा है। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि देश को एक खिचड़ी सरकार की जरूरत है। खिचड़ी सरकार से आशय विभिन्न दलों के सहयोग से बनी गठबंधन सरकार से है। ओवैसी ने कहा, जब कोई कमजोर प्रधानमंत्री बनता है, तो कमजोर को फायदा होता है, लेकिन जब एक मजबूत व्यक्ति प्रधानमंत्री बनता है, तो शक्तिशाली लाभ होता है। यह 2024 (लोकसभा चुनाव) का प्रयास होना चाहिए। देखते हैं क्या होता है। मुफ्त में सौगात बांटने को लेकर जारी राजनीति बहस पर उन्होंने कहा, जिसे आप सौगात कहते हैं, वह सभी की ओर से दी जा रही है। प्रधानमंत्री कारपोरेट कर और उद्योगपतियों के ऋण माफ करते हैं। आप भी भाजपा से अलग नहीं है। दोनों एक ही बात कहते रहते हैं। आप ने बिल्कीस बानो मामले में एक शब्द भी नहीं कहा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को वर्ष 2024 में विपक्ष के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कुछ लोगों द्वारा पेश किए जाने के बारे में पूछे जाने पर ओवैसी ने कहा कि अगर विपक्ष ने चेहरे पेश करके मोदी के साथ प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश की, तो भाजपा को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, हम सभी को सभी लोकसभा सीट पर भाजपा के साथ प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि वर्ष 2002 के गुजरात दंगे के समय बिहार के मुख्यमंत्री भाजपा के सहयोगी थे, उन्होंने भगवा पार्टी के साथ सरकारें बनाईं और अब उन्होंने किसी और से हाथ मिला लिया है।

# चार्ल्स तृतीय ने अपनी मां का अनुसरण करने का संकल्प लिया



**एपी। लंदन**

**ब्रिटेन** के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने शनिवार को कहा कि वह अपनी महान विरासत और कर्तव्यों व संप्रभुता की भारी जिम्मेदारियों के बारे में गहराई से समझते हैं तथा अपनी मां, दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के प्रेरक उदाहरण का अनुसरण करने का प्रयास करेंगे। इतिहास में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारित राज्यारोहण परिषद के एक ऐतिहासिक समारोह में चार्ल्स तृतीय को शनिवार को ब्रिटेन का नया राजा घोषित किया गया। परिषद के क्लर्क द्वारा घोषणा के बाद वहां उपस्थित लोगों ने इसकी पुष्टि करते हुए एक स्वर में कहा ईश्वर राजा की रक्षा करे। इसके बाद चार्ल्स का संबोधन महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की घोषणा करने के उनके कर्तव्य के साथ शुरू हुआ। चार्ल्स तृतीय ने कहा, मेरी मां का शासन समर्पण के साथ अद्वितीय था। ब्रिटेन की सबसे लंबे समय तक राज करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 70 साल तक शासन करने के बाद बृहस्पतिवार को स्कॉटलैंड के बाल्मोरल कैसल में निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थीं। चार्ल्स ने कहा, इन जिम्मेदारियों को उठाते हुए मैं संवैधानिक सरकार को बरकरार रखने के उनके प्रेरक उदाहरण का पालन करूंगा। चार्ल्स (73) ने कहा महारानी ने खुद जिस समर्पण के साथ काम किया मैं भी अब संकल्प लेता हूं कि शेष समय में ईश्वर मुझे संवैधानिक सिद्धांतों को हमारे राष्ट्र के हित में कायम रखने की शक्ति दें। इन जिम्मेदारियों को उठाते हुए मैं संवैधानिक सरकार को बरकरार रखने के उनके प्रेरक उदाहरण का पालन करूंगा तथा इन द्वीपों के लोगों, और राष्ट्रमंडल देशों तथा विश्व भर में फैले क्षेत्रों की शांति, सौहार्द एवं समृद्धि के लिए काम करूंगा। इस उद्देश्य में, मुझे पता है कि मुझे उन लोगों के स्नेह और निष्ठा का साथ मिलता रहेगा तथा इन कर्तव्यों के निर्वहन में मुझे उनके निर्वाचित संसदों के वकील द्वारा निर्देशित किया जाएगा। चार्ल्स तृतीय ने कहा कि वह अपनी पत्नी ब्रिटेन की रानी कैमिला (75) के निरंतर समर्थन से बहुत प्रोत्साहित हुए। चार्ल्स ने कहा, मैं संकल्प लेता हूं कि सबके हित को ध्यान में रखते हुए राष्ट्राध्यक्ष और राष्ट्र प्रमुख के तौर पर अपने दायित्वों का निर्वाह करता रहूंगा। चार्ल्स तृतीय ने कहा, मुझे जो भारी दायित्व मिला है और जीवन भर जिसे निभाना है, मैं संकल्प लेता हूं कि ईश्वर मुझे संवैधानिक सिद्धांतों को हमारे राष्ट्र के हित में कायम रखने की शक्ति दें।

### अंतिम संस्कार में शामिल होंगे बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। बाइडन ने शुक्रवार को ओहायो में कोलंबस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से कहा, हां, मुझे (कार्यक्रम की) विस्तार से जानकारी नहीं है, लेकिन मैं जाऊंगा। उनसे सवाल किया गया था कि क्या वह महारानी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे या नहीं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि उन्होंने महाराजा चार्ल्स किंग्स तृतीय से अभी तक बात नहीं की है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें जानता हूं। मैंने अभी उनसे बात नहीं की है। इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हारानी एजिलाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त किया।



## बैंक नोट और सिक्कों पर अंकित महारानी के चित्रों को चार्ल्स तृतीय की तस्वीर से बदलने में समय लगेगा

**एपी। लंदन**

**ब्रिटेन** के बैंक नोट और सिक्कों पर दशकों से महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर लगी है। उनका चित्र दुनियाभर में दर्जनों अन्य देशों की मुद्राओं पर भी है जो कि ब्रिटिश साम्राज्य के औपनिवेशिक प्रभाव का द्योतक है।महारानी के निधन के बाद ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य देशों को अपनी मुद्रा में परिवर्तन करने में समय लगेगा लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि एलिजाबेथ के चित्र वाले नोट और सिक्के नहीं चलेंगे। मुद्रा पर अब महारानी की जगह राजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर होगी मगर यह तत्काल संभव नहीं। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा, वर्तमान में महारानी के चित्र वाली मुद्रा कानूनी तौर पर मान्य रहेगी। आधिकारिक तौर पर दस दिवसीय राष्ट्रीय शोक के बाद ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रा के संबंध में घोषणा की जाएगी। ब्रिटेन में आधिकारिक तौर पर सिक्कों का निर्माण करने वाले रॉयल मिंट ने कहा कि महारानी के चित्र वाले सभी सिक्के कानूनी तौर पर चलन के लिए मान्य रहेंगे। रॉयल मिंट की वेबसाइट पर कहा गया, हम शोक के इस काल में पहले की तरह ही सिक्के बनाते रहेंगे। वर्तमान में ब्रिटेन के 4.7 अरब नोट चलन में हैं जिनका मूल्य 95 अरब डॉलर है। इसके अलावा 29 अरब सिक्के भी लेनदेन और व्यापार में इस्तेमाल किए जाते हैं जिनके कई वर्षों तक चलन में रहने की उम्मीद है। ब्रिटेन के सिक्कों की विशेषज्ञ वेबसाइट कॉइन एक्सपर्ट के मुताबिक, सभी सिक्कों और नोटों को वापस लिए जाने की बजाय, यह प्रक्रिया धीरे–धीरे होगी और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के चित्र वाली मुद्रा आने वाले कई वर्षों तक चलन में रहेगी। वेबसाइट के अनुसार, राजा चार्ल्स की ताजपोशी के बाद उनकी नई तस्वीर ली जाएगी जिसमें चेहरा बाईं ओर से होगा और यही तस्वीर सिक्कों पर अंकित की जाएगी। गौरतलब है कि महारानी के चित्र में उनका चेहरा दाहिनी ओर देखते हुए था। यह 17वीं शताब्दी से चली आ रही प्रथा है जिसके अनुसार नए शासक के चित्र को पिछले शासक की तुलना में विपरीत दिशा से लिया जाता है। अन्य देशों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया और कनाडा आदि देशों की मुद्रा पर भी महारानी का चित्र अंकित है। वेबसाइट के अनुसार, इन देशों में मुद्रा पर तस्वीर बदलने में अधिक समय लग सकता है क्योंकि मूल देश में किसी डिजाइन में परिवर्तन करना आसान होता है मगर दूसरे देश में इसे लागू करने में कठिनाई होती है। बैंक ऑफ कनाडा ने कहा है कि उसके 20 डॉलर के नोट, जो कि सिन्थेटिक पॉलीमर से बने हैं, आने वाले कई वर्षों तक चलन में रहेंगे। बैंक ऑफ कनाडा ने कहा, शासक के बदलने पर किसी समयसीमा के भीतर डिजाइन में परिवर्तन करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। न्यूजीलैंड के रिजर्व बैंक ने कहा कि वह चार्ल्स की तस्वीर वाली नई मुद्रा जारी करने से पहले महारानी के चित्र वाले सारे सिक्के जारी कर देगा। बैंक ने कहा कि 20 डॉलर के नोट पर भी महारानी का चित्र अंकित है और केवल इसलिए इन नोटों को नष्ट नहीं किया जा सकता कि उनपर महारानी का चित्र है। न्यूजीलैंड के रिजर्व बैंक ने कहा, राजा चार्ल्स तृतीय के चित्र वाले सिक्के जारी करने की जरूरत से पहले कई साल तक 20 डॉलर के नोट चलन में रहेंगे।

### द क्राउन का निर्माण कार्य रोका गया

**लंदन।** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय तथा उनके परिवार पर आधारित नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज द क्राउन के निर्माण का काम महारानी के निधन के कारण कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। सीरीज के एक प्रवक्ता ने बताया कि सम्मान के तौर पर निर्माण कार्य शुक्रवार को रोक दिया गया और महारानी के अंतिम संस्कार वाले दिन भी इस सीरीज पर काम नहीं होगा। इस सीरीज के छठे संस्करण का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके पहले दो सीजन में क्लेयर फॉय ने युवा राजकुमारी एलिजाबेथ और उनके महारानी बनने तक की भूमिका निभाई है। तीसरे और चौथे सीजन में अधिक परिपक्व महारानी की भूमिका ओलिविया कोलमैन ने निभाई है। यह कार्यक्रम धीरे–धीरे मौजूदा घटनाक्रम के नजदीक पहुंच गया है। नेटफ्लिक्स ने हाल में छठे संस्करण में प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन का किरदार निभा रहे कलाकारों के नामों की घोषणा की थी। इसके पांचवें संस्करण में इमेल्दा स्टॉनटन ने महारानी का किरदार निभाया है और यह नवंबर में रिलीज होगा। इस सीरीज को अभी तक 22 एमी पुरस्कार मिल चुके हैं।

### ब्रिटेन की प्रधानमंत्री ने महाराज चार्ल्स तृतीय के प्रति वफादारी की शपथ ली

**लंदन।** ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस और उनकी सरकार के वरिष्ठ सदस्यों ने हाउस ऑफ कॉमन्स मे महाराज चार्ल्स तृतीय के प्रति वफादारी की शपथ ली। सबसे पहले, हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे हॉयले ने संकल्प लिया कि वह महामहिम महाराज चार्ल्स और उनके उत्तराधिकारियो के प्रति सच्ची निष्ठा रखेंगे। इसके बाद सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सांसदो और प्रधानमंत्री ने महाराज के प्रति वफादारी की शपथ ली। चुने जाने के बाद सभी सांसदो को राजपरिवार के सबसे प्रमुख व्यक्ति के प्रति निष्ठा की शपथ लेनी होती है। राजा या रानी के बदलने पर निष्ठा जताने के लिए नई शपथ कोई कानूनी आवश्यकता नही है, लेकिन आने वाले दिनो मे सभी 650 सांसदो के पास-यदि वे चाहे तो-शपथ लेने का मौका होगा। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद शोक की अवधि के दौरान सामान्य संसदीय कामकाज स्थगित कर दिया गया है। हाउस ऑफ कॉमन्स मे शनिवार को एक दुर्लभ सत्र आयोजित किया गया है, ताकि सांसद दिवंगत महारानी को श्रद्धांजलि दे सकें।

## यूक्रेन के पूर्वी शहर में रात्रिकालीन रॉकेट हमलों से दहशत

**एपी। स्लोवियांस्क**

**पूर्व** यूक्रेनी शहर स्लोवियांस्क के लोग रात में सबसे अधिक डरते हैं, जब रॉकेट और तोप के हमले बढ़ जाते हैं। रात के अंधेरे में गोलाबारी और रॉकेट हमले के कारण इमारतों से लेकर पेड़ तक धराशाई हो जाते हैं। दक्षिण–पश्चिम में अग्रिम पंक्ति से 11 किमी से थोड़ा अधिक दूरी पर स्थित स्लोवियनस्क रूसी सेना के तोपखाने की जद में आता है। पूरा डोनेत्स्क प्रांत पर कब्जा करने की मास्को की महत्वाकांक्षा के लिहाज से यह शहर उसका एक रणनीतिक लक्ष्य माना जाता है। पूर्वी यूक्रेन के इस हिस्से में ज्यादातर रूसी भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं और यह यूक्रेनी औद्योगिक गढ़ डोनबास का एक हिस्सा है। दमकल विभाग ने बुधवार को एक अपार्टमेंट वाली इमारत के अब भी सुलगते मलबे के बीच छानबीन की। आस–पास बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे रिश्तेदारों ने कहा कि वे तीसरी मंजिल पर रहने वाले एक बुजुर्ग दंपति की तलाश कर रहे हैं। 75 वर्षीय रायसा स्माइल्कोवा ने कहा, अब जो हो रहा है वह डरावना नहीं है, यह भीषण है। रायसा भी इसी इमारत के दूसरे हिस्से में रहती हैं, लेकिन उनके अपार्टमेंट को मामूली नुकसान हुआ है। रायसा ने कहा कि यह युद्ध वर्ष 2014 के युद्ध से भी बदतर है, जब यूक्रेनी सेना ने रूसी समर्थित अलगाववादियों से लड़ाई लड़ी थी। रायसा ने कहा कि वह और उनके पति जीवित रहने के लिए पेंशन पर आश्रित हैं और यूक्रेन के एक सुरक्षित हिस्से में जाने का जोखिम नहीं उठा सकतीं। रायसा ने कहा, अगर हम मारे गए, तो हम मर जाएंगे, मैं क्या कर सकती हूं? उन्होंने कहा कि कुछ लोग उनसे कह रहे हैं कि क्या तुम डरती नहीं हो? लेकिन मेरा जवाब है कि बेशक मुझे डर है, केवल मूर्ख ही नहीं डरते, बाकी भी मेरी तरह डरते हैं। चौबीस घंटे पहले शहर के दूसरे हिस्से में हुए एक अन्य हमले में विस्फोट की शक्ति ने 92 वर्षीय मारिया रुबन को बिस्तर से फर्श पर फेंक दिया। उसे याद नहीं है कि वह कितनी देर तक वहां अकेली और असहाय पड़ी रही। मारिय ने कहा, मैंने होश खो दिया और आसपास कोई नहीं था, कोई भी मेरी मदद नहीं कर सकता था। अंतत: मारिया खुद उठीं, लेकिन घर से बाहर नहीं निकल सकीं, क्योंकि विस्फोट की ताकत ने दरवाजा बंद कर दिया था। मरिया को चिंता है कि छत और खिड़कियों के उड़ जाने से अब भीषड़ ठंड से अपना बचाव कैसे करेंगी। इसी तरह बमबारी से मारिया के पड़ोसी की छत उड़ गई और सेब के पेड़ धराशाई हो गए।

### चिप निर्माण में चीन और जापान के बजाय अमेरिका को तरजीह दे रहा उद्योग : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वैश्विक चिप निर्माण उद्योग अपने संयंत्र स्थापित करने के लिए चीन और जापान जैसे देशों की अपेक्षा उनके देश को तरजीह दे रहा है। बाइडन ने ओहायो के न्यू अल्बानी में इंटल ग्राउंडब्रेकिंग साइट पर देश में इन कंपनियों के दो बड़े निवेश का जिक्र करते हुए कहा, चीन, जापान, उत्तर कोरिया और यूरोपीय संघ-- ए सभी अपने देशों में चिप निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए अरबों डॉलर निवेश कर रहे हैं, लेकिन इस क्षेत्र के अग्रणी उद्योगपति हमें चुन रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अमेरिका अपने पुराने रंग में लौट आया है और नेतृत्व कर रहा है। इंटेल की नई निर्माण सुविधा की नींव रखे जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इंटेल यहीं, ओहायो में भविष्य के एक कार्यबल का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस चिप का आविष्कार किया। राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका ने इसका आविष्कार किया। इसने नासा के चंद्रमा मिशन को संचालित किया। संघीय निवेश ने इन चिप को बनाने की लागत कम करने, बाजार और एक संपूर्ण उद्योग बनाने में मदद की। नतीजतन, करीब 30 साल पहले, 30 प्रतिशत से अधिक वैश्विक चिप निर्माण अमेरिका में होता था। उन्होंने कहा, फिर अमेरिका की अर्थव्यवस्था की रीढ़ यानी निर्माण क्षेत्र खोखला हो गया। कंपनियों ने खासकर औद्योगिक मध्य पश्चिम से विदेशों में नौकरियां स्थानांतरित कर दीं।

## एसीसी, अंबुजा सीमेंट्स के लिए अडाणी की खुली पेशकश को मिली फीकी प्रतिक्रिया

● होल्सिम समूह की दोनों सीमेंट कंपनियों की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 10.5 अरब डॉलर का सौदा किया था

**भाषा। नई दिल्ली**

**स्विट्जरलैंड** के होल्सिम समूह की दो भारतीय कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी लिमिटेड में 26–26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए अडाणी समूह की तरफ से लाई गई 31,000 करोड़ रुपए की खुली पेशकश को निवेशकों से फीकी प्रतिक्रिया मिली है। अडाणी समूह की तरफ से लाई गई खुली पेशकश की अवधि शुक्रवार को समाप्त हो गई। दोनों कंपनियों के लिए अडाणी समूह की तरफ से खुली पेशकश 26 अगस्त को खुली थी। एसीसी लिमिटेड ने शेयर बाजारों को बताया कि 4.89 करोड़ शेयरों की पेशकश के मूल प्रस्ताव की तुलना में शुक्रवार शाम 6.40 बजे तक सिर्फ 40.51 लाख शेयरों के लिए ही बोलियां आईं। यह कुल पेशकश का सिर्फ 8.28 प्रतिशत है। अंबुजा सीमेंट्स के मामले में तो यह आंकड़ा सिर्फ 1.35 फीसदी शेयरों का ही है। शेयर बाजारों पर शनिवार सुबह तक उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, अंबुजा सीमेंट्स के 51.63 करोड़ शेयरों की पेशकश के मूल प्रस्ताव की तुलना में महज 6.97 लाख शेयरों के लिए ही बोलियां आईं। अडाणी समूह ने मई में होल्सिम समूह की दोनों सीमेंट कंपनियों की नियंत्रक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 10.5 अरब डॉलर का सौदा किया था। उसके साथ ही उसने एसीसी लिमिटेड के लिए 2,300 रुपए प्रति शेयर और अंबुजा सीमेंट्स के लिए 385 रुपए प्रति शेयर की खुली पेशकश लाने की भी घोषणा की थी। अडाणी समूह की तरफ से लाई गई खुली पेशकश को पूर्ण अभिदान मिलने की स्थिति में इसका आकार 31,000 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान था। हालांकि शुक्रवार को यह पेशकश बंद होने के समय बीएसई में एसीसी का शेयर 2.82 प्रतिशत बढ़कर 2,365 रुपए प्रति शेयर के भाव पर रहा। वहीं अंबुजा सीमेंट्स का शेयर 17.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 453.90 रुपए के भाव पर रहा।

### भारत साल के अंत तक दो अन्य एफटीए को अंतिम रूप दे देगा: गोयल

**लॉस एंजिलिस।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि पिछले कुछ महीनों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने वाले भारत को इस साल के अंत तक इस तरह के दो अन्य समझौतों से संबंधित बातचीत पूरी होने की उम्मीद है। भारत की ब्रिटेन के साथ एफटीए को लेकर चल रही बातचीत के सितंबर के अंत तक ही पूरा होने की उम्मीद है जबकि कनाडा के साथ एफटीए संबंधी वार्ता भी तेजी से आगे बढ़ रही है। गोयल ने यहां अमेरिका–भारत रणनीतिक भागीदारी मंच की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन दोनों मुक्त व्यापार समझौतों को चल रही बातचीत इस साल के अंत तक पूरी हो जाने की उम्मीद है। मुक्त व्यापार समझौता होने पर उसमें शामिल दोनों पक्ष आपसी व्यापार वाले अधिकांश उत्पादों पर सीमा–शुल्क या तो पूरी तरह हटा देते हैं या फिर शुल्क को कम कर देते हैं। इससे द्विपक्षीय व्यापार को तेजी मिलने के हालात पैदा होते हैं। भारत का यूएई के साथ हुआ व्यापार समझौता अमल में आ चुका है। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ भी एफटीए पर हस्ताक्षर किए हुए हैं। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ आर्थिक संबंधों एवं सामरिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की सरकारें इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लोगों के साथ भारत के मजबूत संबंध बनने से आपसी व्यापार एवं आर्थिक संबंधों में मजबूती आएगी। उन्होंने कहा कि भारत अगले तीन दशकों में 30 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसमें भारतीय मूल से संबंधित लोगों के लिए तमाम अवसर भी पैदा होंगे।

## निर्यातकों ने चावल के निर्यात में 40–50 लाख टन गिरावट की आशंका जताई

**भाषा। नई दिल्ली**

**निर्यातकों** ने टूटे चावल के निर्यात पर पाबंदी और गैर–बासमती चावल के निर्यात पर शुल्क लगाए जाने से भारत का चावल निर्यात चालू वित्त वर्ष में करीब 40–50 लाख टन तक गिर जाने की आशंका जताई है। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी है। वित्त वर्ष 2021–22 में भारत ने 2.123 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जो इसके पहले 1.778 करोड़ टन था। कोविड से पहले तक 2019–20 में निर्यात 95.1 लाख टन था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–अगस्त अवधि के दौरान देश ने 93.5 लाख टन का निर्यात किया है जो एक साल पहले की समान अवधि में 83.6 लाख टन था। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सेतिया ने पीटीआई–भाषा से कहा, चालू वित्त वर्ष में निर्यात 1.6–1.7 करोड़ टन ही रह सकता है। टूटे चावल के निर्यात पर पाबंदी लगना और गैर–बासमती चावल पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क लगना इसकी वजह है। उन्होंने कहा कि देश से गैर–बासमती चावल का निर्यात 38–40 करोड़ डॉलर प्रति टन के भाव पर हो रहा था जो अन्य देशों से होने वाले निर्यात की दर से कम है। सेतिया ने कहा कि सरकार के इन निर्णयों के बाद से दाम बढ़कर अपने प्रतिस्पर्धियों के बराबर हो सकते हैं। केंद्रीय खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने शुक्रवार को टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने की वजह बताते हुए कहा था कि बहुत बड़े पैमाने पर टूटे चावल की खेप बाहर भेजी जा रही है। इसके अलावा पशु चारे के लिए भी समुचित मात्रा में टूटा चावल उपलब्ध नहीं है। इसका इस्तेमाल एथनॉल में मिलाने के लिए भी किया जाता है। खाद्य सचिव ने कहा था कि वित्त वर्ष 2021–22 में भारत ने 38.9 लाख टन टूटे चावल का निर्यात किया था जो वर्ष 2018–19 के 12.2 लाख टन की तुलना में बहुत अधिक है। इसके साथ ही खरीफ के मौजूदा उपज सत्र में चावल का उत्पादन कम होने की भी आशंका है। धान की बुवाई का रकबा नौ सितंबर तक 4.95 प्रतिशत गिरकर 393.79 लाख टन ही रहा है। इससे इस सत्र में चावल के उत्पादन में 60–70 लाख टन की गिरावट आने का अंदेशा खाद्य मंत्रालय ने जताया है।

## पाक में बाढ़ से जीडीपी वृद्धि में आ सकती है दो फीसदी की गिरावट

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** में विनाशकारी मानसूनी बारिश की वजह से आई भयंकर बाढ़, यूक्रेन में जारी युद्ध और अन्य कारकों से चालू वित्त वर्ष में उसकी आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान पांच फीसदी से घटकर तीन फीसदी पर सिमट सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। शनिवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के राष्ट्रीय बाढ़ प्रतिक्रिया एवं समन्वय केंद्र (एनएफआरसीसी) के अध्यक्ष मेजर जनरल जफर इकबाल ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को इस बाढ़ की विभीषिका की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का एक–तिहाई हिस्सा बाढ़ में डूब गया है जिससे करीब 30 अरब डॉलर रहने का नुकसान होने का अनुमान है। पाकिस्तानी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान ने इकबाल के हवाले से कहा कि पाकिस्तान को संकट की इस स्थिति में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़े में दो प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका सता रही है। इसमें बाढ़ के अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) से फंड मिलने में हुई देरी और रूस–यूक्रेन युद्ध की वजह से उभरती आर्थिक स्थिति को जिम्मेदार बताया गया है। वित्त वर्ष 2022–23 में पाकिस्तान की जीडीपी वृद्धि दर पांच प्रतिशत रहने की संभावना थी लेकिन बाढ़ एवं अन्य वजहों से इसके तीन प्रतिशत ही रहने के आसार दिख रहे हैं। इसके अलावा समाचारपत्र द डॉन ने एक खबर में कहा कि 2010 में आए सुपर फ्लड ने लगभग दो करोड़ लोगों को प्रभावित किया था, वहीं मौजूदा बाढ़ का असर देश भर में 3.3 करोड़ लोगों पर पड़ रहा है। करीब 60 लाख बाढ़–प्रभावित लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इस बीच,एनडीएमए ने बताया कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या।,396 हो गई है।

## फोर्ड कारखाने के कर्मचारियों को बेहतर मुआवजा पैकेज मिलने की उम्मीद

**भाषा। चेन्नई**

**भारत** से अपने कदम समेट चुकी अमेरिकी वाहन विनिर्माता फोर्ड के चेन्नई से सटे कारखाने के कर्मचारियों ने बेहतर मुआवजा पैकेज के मुद्दे पर 13 सितंबर को होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता से सकारात्मक नतीजे निकलने की उम्मीद जताई है। फोर्ड के प्रबंधन और कर्मचारियों की वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ मुआवजा पैकेज को लेकर बातचीत होने वाली है। सितंबर 2021 में फोर्ड ने भारतीय बाजार से हटने के साथ ही अपने कारखान को भी बंद करने की घोषणा कर दी थी। फोर्ड इंडिया ने हाल ही में कहा था कि वह कर्मचारी संगठनों के साथ एक समुचित एवं वाजिब मुआवजा पैकेज के मुद्दे पर लगातार बात करता रहा है। इस संबंध में अब तक कंपनी और कर्मचारियों की सरकारी अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है। फोर्ड इंडिया ने पिछले प्रयासों के नाकाम रहने के लिए कर्मचारी संगठनों की गैरवाजिब मांगों को जिम्मेदार बताया था। इस बारे में फोर्ड इंडिया कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि कंपनी ने मुआवजा पैकेज में कर कटौती के पहलू का ध्यान नहीं रखा था। कर्मचारी संगठन के एक प्रतिनिधि ने कहा, "कारखाना 31 अगस्त से ही बंद पड़ा हुआ है और अभी कोई भी कर्मचारी संयंत्र में मौजूद नहीं है। सिर्फ बिक्री सेवा और कलपुर्जों की बिक्री जैसे काम ही वहां हो रहे हैं। हमें कारखाने में घुसने तक की इजाजत नहीं है। प्रबंधन हमसे ऑफर को स्वीकार करने को कह रहा है"।

कंपनी ने अंतिम पेशकश के तौर पर हरेक कर्मचारी को औसतन 41 लाख रुपए का मुआवजा पैकेज देने की बात कही है। उसने पांच सितंबर से 23 सितंबर के बीच इस पैकेज को स्वीकार करने का अनुरोध कर्मचारियों से किया है। फोर्ड प्रबंधन ने यह चेतावनी भी दी है कि इस समयसीमा के भीतर मुआवजा पैकेज स्वीकार नहीं करने पर कर्मचारियों की अगर छंटनी होती है तो उन्हें प्रत्एक सेवा वर्ष के लिए 15 दिन का मुआवजा ही दिया जाएगा।

### केरल आरटी मिशन को आईसीटीएस पुरस्कार में मिले चार स्वर्ण पदक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के जिम्मेदार पर्यटन (आरटी) अभियान को मध्य प्रदेश सरकार और ब्रिटेन स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) इंटरनेशनल की तरफ से स्थापित आईसीआरटी इंडियन सबकॉन्टिनेंट अवार्ड्स में चार स्वर्ण पदक मिले हैं। केरल आरटी मिशन के राज्य समन्वयक के रूपेश कुमार ने भोपाल में एक समारोह में मध्य प्रदेश की पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त किया। आरटी मिशन समूचे केरल में जिम्मेदार पर्यटन की पहल के प्रसार और इसके क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की तरफ से गठित नोडल एजेंसी है। केरल के पर्यटन मंत्री पी. ए. मोहम्मद रियास ने कहा कि आरटी मिशन ने प्लास्टिक कचरा उन्मूलन, जल संरक्षण, पर्यटन क्षेत्र में विविधीकरण और कोविड–19 के बाद पर्यटन के पुनरुद्धार की श्रेणी में शीर्ष सम्मान हासिल किया है। रियास ने देश भर में पर्यटन पहल के लिए मिशन के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, अधिक लोगों के अनुकूल पर्यटन पहल विकसित करने के प्रयास जारी हैं। पर्यटन विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा, इसके साथ ही केरल जिम्मेदार पर्यटन की चार श्रेणियों में विश्व पर्यटन बाजार पुरस्कारों के लिए अर्हता हासिल कर चुका है। आईसीआरटी के संस्थापक डॉ हेरॉल्ड गुडविन की अध्यक्षता वाली पुरस्कार चयन समिति ने जमीनी स्तर पर विकास के उद्देश्य से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने में केरल आरटी मिशन की अभिनव परियोजना स्ट्रीट (सतत, मूर्त, जिम्मेदार, अनुभवात्मक, जातीय पर्यटन) की सराहना की।

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता के सूचना के लिए है की एक राजनीतिक दल को **"प्रवृत्ति पार्टी"** (पार्टी का नाम) के नाम से पंजीकृत करने का प्रस्ताव है। पार्टी का कार्यालय 980, प्रकाश पब्लिक स्कूल के पास, पालम गांव, नई दिल्ली–110045 में स्थित है। इस पार्टी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है:
**अध्यक्ष: सुनील कुमार, महासचिव: अभिषेक चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष: प्रवीन सुंदरियाल**
यदि किसी को "प्रवृत्ति पार्टी" (प्रस्तावित नाम) के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो अपनी आपत्ति, कारण सहित, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को प्रकाशन के 30 दिन के भीतर भेज सकते है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Gausul Azam khan, S/o Late Shri Mohiuddin khan , R/o 23/166, Lodhi colony, New Delhi, is joint owner (with my wife jamal afroze khan) of flat number-30 (MIG), sector-A/10, pocket-2, Narela.
I lost/ misplaced the original possession letter of my above mentioned narela flat, issued vide No. m339 (1056) 04/NA/2996 dated 20/08/2005 and NOC slip of electricity and water connection.
An FIR to this effect has been lodged in the police station, Crime brach, Delhi vide LR No:683903/2022 dated 11.08.2022. Any person (s) claiming any right, documents, may write or contact with above address/ Phone No. 7042417545/9868079601 within 15 days from the date of publication of this notice. The person(s) claiming any right, interest, objection within respect of this property, can personally inform or write to Deputy Director (SFS) (H) Vikas Sadan, INA Colony, Delhi-110023 Gausul Azam khan, 23/166, lodhi colony, New delhi 110003.

**सेमाया लिमिटेड**
(पूर्वनाम : सनराईज एग्रो प्रॉडक्ट्स लिमिटेड)
CIN : L01111DL1985PLC021268
पंजी. कार्यालय : 39 बेसमेंट, नेहरू प्लेस, निकट अंसल टावर, नई दिल्ली साउथ दिल्ली–110019
ई–मेल : semayalimited@gmail.com फोन : 011–41097122, वेबसाईट : www.semayalimited.com

**37वीं वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि आगे बढ़ाने के लिए आवेदन के संबंध में सूचना**

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के वित्तीय विवरण सांविधिक लेखापरीक्षा में विलम्ब के कारण तैयार नहीं किए जा सके हैं, लेखापरीक्षा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में अधिक समय लग रहा है और इस कारण वित्तीय विवरण को अंतिम रूप देने में विलम्ब हो रहा है, जिसके फलस्वरूप कम्पनी एजीएम का आयोजन करने में असमर्थ है और लेखा–विवरण तदनुसार तैयार, लेखापरीक्षित तथा शेयरधारकों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। कम्पनी के लिए, वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु इसकी वार्षिक सामान्य बैठक, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 96 के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर आयोजित करना संभव नहीं होगा। कम्पनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 07 सितम्बर, 2022 को आयोजित इसकी बैठक में वित्तीय वर्ष 2021–22 के संबंध में 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि आगे बढ़ाने के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली ऐंड हरियाणा की स्वीकृति हेतु याचना करने का निर्णय किया है। उपरोक्त के दृष्टिगत कम्पनी की 37वीं वार्षिक सामान्य बैठक नियत तिथि 30 सितम्ब, 2022 के पश्चात आहूत और आयोजित करने के लिए समुचित समय विस्तार की याचना हेतु एक आवेदन रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली ऐंड हरियाणा को अग्रसारित किया जा रहा है।
इस प्रकाशन की एक प्रति मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड में भी दाखिल की जाएगी।

वास्ते सेमाया लिमिटेड
(पूर्व नाम :सनराईज एग्रो प्रॉडक्ट्स लिमिटेड)
हस्ता./–
शेफाली वर्मा
कम्पनी सेक्रेटरी तथा अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09–09–2022

# किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में काम करें कृषक उत्पादक संगठन : जिलाधिकारी

- डीएम ने की आत्मा गवर्निंग बोर्ड और कृषक उत्पादक संगठन की समीक्षा बैठक

संवाददाता। चित्रकूट



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम अभिषेक आनन्द पायनियर

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन के अंतर्गत आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं कृषक उत्पादक संगठन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती की कार्य योजना, प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॅार इनसीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेजिड्यू योजना, भूमि संरक्षण की योजनाओं एवं एफपीओ गठन आदि की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि राजकुमार को निर्देश दिए की किसानों को दलहन में अरहर, चना, मसूर के जो छोटे दाने की खेती किसान करते हैं उसके मार्केटिंग की व्यवस्था कराई जाए। बड़े दाने की खेती के लिए किसानों को बीज उपलब्ध करा कर एफपीओ का गठन करा कर ग्रुप बनाकर फसलों का उत्पादन कराएं ताकि किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो तथा किसानों को जहां पर दलहन की खेती अच्छी होती है वहां का भ्रमण कराकर उन्हें जानकारी दिलाई जाए तथा जो किसान वहां से प्रशिक्षण लेकर आए तो उनसे यहां के किसानों को भी प्रशिक्षण दिलायें।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जो कृषक दूध उत्पादन कर रहे हैं उसमें दस लोगों का ग्रुप बना कर उन्हें बाहर प्रशिक्षण दिलाया जाए ताकि दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रकार सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को भी भ्रमण कराकर मत्स्य पालन पर भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने डीडीएम नाबार्ड को निर्देश दिए कि और किसानों के एफपीओ का गठन कराकर दलहन तिलहन उद्यानीकरण, फल, फूल, सब्जी, जड़ी बूटी की खेती को बढ़ावा दिया जाए। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि से कहा कि खेत तालाब योजना में जितने किसानों ने ऑनलाइन आवेदन किया था और सत्यापन के बाद जो अपात्र पाए गए उसकी जांच कर सूची उपलब्ध कराएं उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों से कहा कि गत वर्ष के बने खेत तालाब का निरीक्षण कराएं एवं गत वर्ष जो किसानों के क्लस्टर बनाकर उद्यान, कृषि, मत्स्य, पशुपालन में कार्य कराए गए हैं उसका भी निरीक्षण कराया जाए, उन्होंने कहा कि जो खेत तालाब निर्माण में गत वर्ष के अभी अधूरे हैं उन्हें तत्काल पूर्ण करा दिया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक दीपक कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिराज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं एफपीओ के लोग मौजूद रहे।

## सघन वाहन चेकिंग अभियान कर यातायात नियमों की जानकारी दी

**उरई ( जालौन )।** पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार के निर्देशन में यातायात निरीक्षक संजय सिंह द्वारा नगर उरई एवं बड़ागांव के पास यातायात नियमो के अनुपालन हेतु सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान गलत दिशा में आ रहे वाहनों, तीन सवारी एवं बिना हेलमेट दो-पहिया वाहन चालको, यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनो के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी । यातायात निरीक्षक संजय सिंह ने वाहन चालकों से अपेक्षा की कि यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ सफर करते समय जरूरी कागजात अपने साथ रखें जिससे उन्हें जांच के दौरान असुविधा का सामना न करना पड़े उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से तीन सवारी न बैठाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा तेज रफ्तार वाहन न चलाने की नसीहत दी सावधानी हटी दुर्घटना घटी के सूत्र को वाहन चालकों को पालन करना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस में सिर्फ एक शिकायत आई



थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनते उपजिलाधिकारी पायनियर

संवाददाता। कालपी (जालौन)

**शनिवार** को कोतवाली कालपी के बैठक कक्ष में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में तथा उपजिलाधिकारी रामकुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मात्र एक मामला प्रस्तुत किए गया। मामले को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग के कर्मचारियों की टीमों को गठित करके मौके पर भेजा गया है। कालपी कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में अधिकारियों के सामने पक्षकार पेश हुये। उपजिलाधिकारी रामकुमार ने बताया कि समाधान दिवस में प्रस्तुत मामलों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाने के लिए राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारियों को मौके पर रवाना किया गया है। उप जिलाधिकारी राम कुमार ने कहा कि आमजन को तुरंत न्याय दिए जाने के लिए समाधान दिवस का आयोजन हो रहा है। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतें समय सीमा के भीतर निस्तारित की जाए व अधिकारी / कर्मचारी मौके पर पहुंच कर शिकायतों का हल करने के साथ भौतिक सत्यापन करें। इस मौके पर एडिशनल इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह, उप निरीक्षक हरिराम सिंह, रणविजय सिंह, सोमेश कुमार व राजेश कुमार, सुमित यादव आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

## विश्व प्रवाशी सामाजिक व सांस्कृतिक संघ का अधिवेशन 25 अक्टूबर को

संवाददाता। उरई (जालौन)



**शहर** उरई के अजनारी रोड स्थित कृष्णा धाम गेस्टहाऊस में बिश्व प्रवाशी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संघ का कार्यक्रमसंघ के जिला-जालौन के प्रभारी ऐवं उत्तरप्रदेश के प्रबक्ता अरूण प्रताप सिंह राजू टिमरों द्वारा आयोजित किया गया,कार्यक्रम के मुख्यतिथि संगठन प्रमुख सत्यप्रकाश तिवारी ने जिले के युवा नेता प्रशान्त अवस्थी रुरा को संगठन का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया

और पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती रेखा सौनकिया को बुन्देलखण्ड प्रभारी महिला बनाया गया है वही श्रींमती पूजा शुक्ला कुठोंद को विश्वप्रवासी समाजिक एवं सांस्कृतिक संघ का उत्तरप्रदेश सचिब पद पर मनोनीत किया गया और मनोनीत पदाधिकारियों से संगठन के लखनऊ में दिनांक 15-16, अक्टूबर को आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में अधिक से अधिक राष्ट्रसेवकों और भग्नियों को सहभागिता कराने की अपेक्षा की गई है।संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष तिवारी कानपुर ने संघ द्वारा चलाये जा रहे तिब्बत मुक्ति अभियान पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम में बिश्व प्रवाषी सामाजिक ऐवं सांस्कृतिक संघ कीं लखनऊ संभाग कीं महिला प्रमुख अंजू सिंह, रानी दीक्षित श्री मती सरिता गुप्ता प्रदीप शुक्ला अंकित चंदेरिया रिषी अग्रवाल, बिकास (बिक्की) अग्रवाल, मयंक द्विवेदी ईलू जी, शिवप्रताप सिंह,शशांक नायक हरकौती, मोहित याज्ञिक,शिशांत अवस्थी सरिता कुशवाहा, नर्मदा गौतम, रचना द्विवेदी, अंशु, छाया, सीमा सिंह जादौन,र ाकेश राजावत, प्रहलाद परिहार,रबिन्द्र सिंह सेंगर, संजय सिंह इमिलिया आदि सम्मिलित रहे ।कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला जालौन प्रभारी ऐवं उत्तर प्रदेश प्रबक्ता अरुण प्रताप सिंह राजू टिमरों ने किया।

## हादसे को आमंत्रण दे रही है खंभे पर लटकी केबिल

**जालौन।** मोहल्ला चुर्खीबाल में खंभे पर लटकी केबिलें हादसे को आमंत्रण दे रही हैं। मोहल्ले के लोगों ने केबिल सही कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल में एक गेस्टहाउस के सामने की गली में लगे पोल पर दर्जनों केबिल लटकी नजर आ रही हैं। इन केबिलों से घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। खंभे पर लटकी केबिल आगे चलकर इतनी ढीली हैं कि वह जमीन से कुछ ही फीट की ऊंचाई पर रह जाती हैं। ऐसे में यदि कोई वाहन निकलता है तो केबिल उनमें टकराती है। मोहल्ले के लोग कई बार केबिल को ऊंचा कराने एवं बंद केबिल के माध्यम से घरों तक कनेक्शन पहुंचाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। मोहल्ले के अरविंद कुमार, राकेश, भूपेश आदि ने बताया कि खंभे से चारों ओर निकली केबिल के चलते कभी भी कोई हादसा हो सकता है। बारिश के मौसम में अक्सर केबिल में फाल्ट होते रहते हैं। गली में बच्चे भी खेलते हैं।

## गांजे के साथ पकड़ा गया अभियुक्त

**कोंच (कैलिया)।** थाना कैलिया पुलिस ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक जालौन रवि कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है उक्त आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी एवं प्रभारी निरीक्षक कैलिया के कुशल परिवेक्षण में दिनांक 10 सितम्बर 2022 को रात्रि के समय प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र नाथ यादव व उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह कांस्टेविल आनन्द प्रताप सिंह विनीत कुमार मिश्रा और राहुल सिंह के साथ चौकिंग के दौरान अभियुक्त मोहम्मद सलमान पुत्र मोहम्मद कायम निबासी मोहल्ला नारोभास्कर कोतवाली जालौन को मय मारुति ईको गाड़ी नम्बर यू पी 78 ई ई 4015 के मय 1 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ पकड़ा गया जिसे पुलिस थाना लेकर आयी जहां पर पुलिस ने उक्त के विरुद्ध मुकद्दमा संख्या 54/2022 धारा 8/20 एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

## क्विक न्यूज

### कौशल विकास विभाग में सहायक निदेशक बने चित्रकूट के रविकांत

**चित्रकूट।** जिले के रविकांत त्रिपाठी का उत्तर प्रदेश शासन के कौशल विकास विभाग में सहायक निदेशक के पद पर चयन हुआ है। वह मऊ तहसील के नेउरा गांव के रहने वाले हैं। इनके पिता रमाकांत मिश्रा मध्य प्रदेश में अवर अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। रविकांत तीन भाइयों में सबसे बड़े हैं। रविकांत ने चित्रकूट इंटर कॉलेज से दसवीं और केपी इंटर कॉलेज प्रयागराज से 12वीं किया है। एनआरआई मध्य प्रदेश से बीटेक इलेक्ट्रॉनिक करने के बाद मध्य प्रदेश में उपखंड अधिकारी विद्युत में लगभग नौ वर्ष तक सेवाएं दी। उनका चयन होने पर भाजयुमो महामंत्री मोहित मिश्रा, विकास समेत राजकुमार मिश्र पूर्व प्रमुख रामनगर और भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्र आदि ने बधाई दी है। रविकांत त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जन्म स्थान होने के कारण यहां के प्रति विशेष लगाव है। आईटी क्षेत्र में लोगों को सेवाएं देने के उद्देश्य से वह व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग में कार्यभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में जन्म हुआ है। इससे जीवनभर लगाव रहेगा।

### थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरतासे लें : सीओ

**जालौन।** थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका निस्तारण कराएं। यह बात सीओ उमेश पांडेय ने कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में कही। सीओ उमेश पांडेय की अध्यक्षता में कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में 5 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें पति पत्नी से संबंधित दो विवादों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। राजस्व विभाग से संबंधित शेष 3 शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंप दिया गया। सीओ ने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लें और मौके पर जाकर उनका निस्तारण करें। शिकायत के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। ताकि उसे जानकारी के लिए बार बार परेशान न होना पड़े। इस मौके पर कोतवाल शैलेंद्र सिंह, एसआई अनिल कुमार, रजत कुमार, राजकुमार, शिवभूषण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बालू से प्लॉट खाली नहीं करने की शिकायत एसडीएम से

**जालौन।** पहले तो बहाना कर प्लॉट में बालू डाल ली है। अब ग्रामीण प्लॉट खाली नहीं कर रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम को देकर प्लॉट खाली कराने की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कोतवाली पुलिस को सौंपी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी किशोर सिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उनका एक प्लॉट है। जिसमें वह जानवर बांधते हैं और कृषि कार्य करते हैं। बारिश से पूर्व गांव के ही रामसिया उनके पास आए और कहा कि बारिश के मौसम में उनकी बालू खराब हो जाएगी। इसलिए वह उनकी एक ट्राली बालू अपने प्लॉट में रख लें। जिसे वह अगस्त माह में उठा लेंगे। विश्वास में आकर उन्होंने उनकी एक ट्राली बालू अपने प्लॉट में रखवा ली है। अब उन्हें प्लॉट पर निर्माण कार्य कराना है। जब उन्होंने रामसिया से बालू उठाने के लिए कहा तो वह झगड़े पर आमादा हो गए और उल्टा उनका प्लॉट हड़पने के चक्कर में हैं। पीड़ित ने एसडीएम से प्लॉट खाली कराने की मांग की है। पीड़ित की शिकायत पर एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को मामले की जांच सौंपी है।

### मिट्टी के विवाद को लेकर दो गांवों के प्रधानों में ठनी

**जालौन।** मिट्टी के विवाद को लेकर दो गांवों के प्रधान के बीच आपस में विवाद होने का मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छिरिया सलेमपुर प्रधान आशीष तिवारी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनके गांव में गौशाला के लिए पीली मिट्टी की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने एसडीएम को पत्र देकर पीली मिट्टी की मांग की थी। जिस पर एसडीएम ने पीली मिट्टी उठा लेने का आदेश जारी किया था। जब वह पीली मिट्टी लेने ग्राम पंचायत मलकपुरा पहुंचे तो मलकपुरा प्रधान अमित मिट्टी उठाने से मना करने लगे। जब उन्होंने आदेश की बात कही तो गाली, गलौज करते हुए उन्हें भगा दिया। वहीं, मलकपुरा प्रधान अमित के पिता भगवानदास तिवारी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि छिरिया सलेमपुर प्रधान अपने साथियों साथ गांव में आए और रंगबाजी दिखाते हुए बेटे अमित के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

### कमजोर इम्युनिटी और लंबे समय तक वायरल इन्फेक्शन से सेप्सिस का खतरा



**कानपुर।** कोविड.19 महामारी के बाद शरीर की इम्युनिटी क्षमता को मजबूत करने का महत्व बढ़ गया है। इसी पर जोर देते हुए रीजेंसी हॉस्पिटलए कानपुर के पल्मोनोलॉजिस्ट और क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि लंबे समय तक वायरल इन्फेक्शन रहने से इम्युनिटी कमजोर हो जाती है। इससे व्यक्ति को बैक्टीरियल इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। जब बैक्टीरियल इन्फेक्शन होता है तो व्यक्ति सेप्सिस की चपेट में आ जाता है। इस स्थिति में टीकाकरण और हाथ की स्वच्छता द्वारा इम्युनिटी बढ़ाने पर महत्व दिया जाना चाहिए। सेप्सिस एक जानलेवा बीमारी है। जब शरीर किसी रिएक्शन के प्रति बहुत गंभीर प्रतिक्रिया करती है तो यह बीमारी होती है। इस बीमारी की वजह से हेल्थकेयर सेटिंग्स जैसे कि इंटेसिव केयर यूनिट्स और इमरजेंसी डिपार्टमेंट में बहुत सारी बीमारी और मौते होती हैं। सेप्सिस से होने वाली मृत्यु दर 25 से 30ः से ज्यादा है। दुनिया भर में हर साल 6 से 9 मिलियन लोग सेप्सिस से मर जाते हैं। रीजेंसी हॉस्पिटलए कानपुर के पल्मोनोलॉजिस्ट और क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट . डॉ अशोक कुमार सिंह ने श्विश्व सेप्सिस दिवसश पर अपनी राय देते हुए कहा ष्नियमित टीकाकरण न कराने चोट और घाव लगने के बाद साफसफाई न रखने और हाथों को स्वच्छ न रखने से लोग सेप्सिस की चपेट में जल्दी आते हैं।

## बाढ़ग्रस्त ग्रामों में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना लोगों को न करना पड़े : मंडलायुक्त

संवाददाता। उरई (जालौन)



विकास कार्यों की समीक्षा करते मंडलायुक्त पायनियर

**मंडलायुक्त** झांसी मंडल झांसी संजय गोयल की अध्यक्षता में मंत्रीमंडल समूह द्वारा दिये गए निर्देश के अनुपालन में समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि बाढ़ग्रस्त ग्रामो में किसी भी प्रकार की असुविधा ग्रामवासियो को नही होनी चाहिये जो भी शिकायते हो उनका निस्तारण ससमय करे, इस कार्य मे जो भी लापरवाही अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था को देखते हुए संबंध को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति के संबंध में काफी शिकायत मिल रही है अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। सरकार की मंशा अनुसार निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रहे। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त गौशालाओ का निरीक्षण कर लिया गया है, सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दी गई है। मंडलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि भ्रमण कर रहे गौवंशो को गौशालाओ में संरक्षित किये जायें। मंडलायुक्त ने लम्पी बीमारी के सम्बंध में जानकारी की जिस पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जो भी गौवंश इस बीमारी से ग्रसित हो गए है उनको आइसोलेशन करा दिया है, सैनिटाईजेशन भी हो रहा है और फॉगिंग करा दी जा रही है। जनपद में वैक्सीनेशन हेतु कुल 17 टीमें है। जनपद के 14 गांव में 2500 गौवंशो में से 700 गौवंशो का वैक्सीनेशन करा दिया गया है एक टीम लगभग 100 से 150 गोवंश का वैक्सीनेशन कर सकती है। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, जॉइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर अंकुर कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नरेंद्र देव शर्मा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## धगवां कला के आयुष शिविर में 211 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कोंच ( जालौन )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम धगवां कला स्थित पंचायत भवन परिसर में दिन शनिवार को आयुष बिभाग उत्तर प्रदेश की योजना( आयुष आपके द्वार) के अंतर्गत निदेशक आयुर्वेदिक सेवाएं उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी जालौन चांदनी सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सत्येंद्र पटेल के मार्ग दर्शन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अमीटा के तत्वाधान में दिनांक 10 सितम्बर 2022 को शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा शिविर में सर्व प्रथम भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सालय कोटरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ ज्योति चन्द्र द्वारा 211 रोगियों का परीक्षण किया गया वहीं राजकीय आयुर्वेदिक अमीटा के फार्मेशिष्ट इंचार्ज सुरेश चंद्र वर्मा ने 5 से 7 दिन की निशुल्क औषधियों का बितरण किया गया शिविर में उदर रोग स्वास बातरोग चर्मरोग स्वास ज्वर काय और प्रतिस्याय और स्त्री रोग के रोगों की अधिकता रही वहीं परीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी ने लोगों कोसंक्रमक रोगों से बचाव के उपाय एवं स्वस्थ परिचर्चा के वारे में बताया वहीं डेंगू की रोकथाम के लिए आसपास साफ सफाई रखने को कहा एवं उचित आहार के बारे में जानकारियां दीं और संतुलित एवं पोषक आहार लेने के लिए कहा क्योंकि पोषक आहार से शरीर की पाचन प्रक्रिया एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है जिससे कई छोटी छोटी बीमारियों से बचा जा सकता है शिविर का सफल संचालन परिपूर्ण करने के दौरान सहयोगी के रूप में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मीरा एवं ग्राम प्रधान ने भरपूर सहयोग किया एवं शिविर में आयुर्वेद विद्या का प्रचार प्रसार किया गया।

## नीट की परीक्षा में जिले के आदर्श और आरती ने मारी बाजी,परिजनों में खुशी की लहर

संवाददाता। चित्रकूट



आरती व आदर्श को मिठाई खिलाते परिजन पायनियर

**जिले** के एक छात्र व एक छात्रा ने नीट की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर चित्रकूट जिले का गौरव बढ़ाया है। सिद्धपुर गांव के मुखिया घराने की बेटी ने नीट की परीक्षा पास करके ऑल इंडिया रैंकिंग में जगह बनाने में कामयाबी पाई है। बेटी ने सफलता का सम्पूर्ण श्रेय अपने नाना दरोगा हरनाथ सिंह को दिया है। परिवार और गांव के लोग बेटी की सफलता पर गदगद हैं।

सिद्धपुर गांव के कुंवर बहादुर सिंह ललवा की पुत्री आरती सिंह ने नीट की परीक्षा में कामयाबी पाई है। जवाहर नवोदय विद्यालय मानिकपुर से कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई पूरी करके आरती कोचिंग के लिए पूना गई। कोचिंग में चयन भी नवोदय की पढ़ाई के दौरान हुआ। एक साल की कोचिंग के बाद पहले प्रयास में ही आरती ने नीट की परीक्षा पास करके ऑल इंडिया रैंकिंग में जगह बना ली।

आरती की सफलता पर बांदा पुलिस लाइन में तैनात दारोगा नाना हरनाथ सिंह बेहद प्रफुल्लित हैं। आरती ने भी अपनी सफलता के पीछे मां आराधना सिंह, मौसी नथिया देवी और नाना हरनाथ सिंह का सर्वाधिक योगदान करार दिया है। साथ ही नवोदय विद्यालय मानिकपुर के गुरुजनों के प्रति भी आभार जताया है। आरती की सफलता पर सिद्धपुर गांव में परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशियां साझा की। बाबा उदयवीर सिंह, ओम सिंह, रमेश चंद्र सिंह, हरबंश सिंह, राजेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, मुन्नालाल सिंह आदि ने बेटी की सफलता पर खुशी मनाई।

वहीं मुख्यालय के कसहाई रोड निवासी आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह के पुत्र आदर्श सिंह ने नीट परीक्षा 2022 (एमबीबीएस) में ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। जिसमें 14 हजार वीं रैंक प्राप्त की है। आदर्श ने हाईस्कूल में 88 फीसदी व इंटर में 92.5 फीसदी अंक हासिल किए हैं। दो भाइयों में छोटा है। बड़ा भाई तरुण सिंह इंजीनियर है। माता शिव प्यारी देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं। आदर्श के पिता राजेंद्र सिंह ने प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के तौर पर संघर्ष किया तत्पश्चात खुद का विद्यालय खोला। आदर्श ने सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु को दिया है। उनके चयन पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है। नीट परीक्षा में रैंक मिलने पर जिले का नाम रोशन हुआ है। परिजनों ने खुशी जताई है।

## जबरन किसान के खेत से मिट्टी उठाने रोकने पर धमकाया

**जालौन।** कुछ लोग जबरन किसान के खेत से मिट्टी उठा रहे हैं। मना करने पर गाली, गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा है। पीड़ित वृद्ध किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर खेत से मिट्टी की उठान बंद कराने की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी हरीराम कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उनका एक खत मौजा उदोतपुरा में स्थित है। खेत दूर होने की वजह से वह प्रतिदिन खेत पर नहीं जा पाता है। उन्हें पता चला कि उनके खेत से कुछ लोग जेसीबी मशीन से मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर ट्राली से भरकर ले जा रहे हैं। जानकारी होने पर जब वह खेत पर पहुंचा तो उसके खेत से मिट्टी खोदकर ढोई जा रही थी। जब उसने मिट्टी खोदने वाले व्यक्ति को मिट्टी उठाने से मना किया तो वह गाली, गलौज करते हुए कहने लगा कि उसके खेत से ही मिट्टी उठेगी। यदि मना किया तो मारपीट भी कर देंगे। पीड़ित वृद्ध किसान ने पुलिस से उसके खेत से मिट्टी की उठान बंद कराने की गुहार लगाई है।

# एशिया कप की खिताबी जंग आज

## ● पाक को पराजित करके अपनी क्रिकेट को पुनर्जीवित करने उतरेगा श्रीलंका

भाषा। दुबई



**सामाजिक-आर्थिक** संकट से जूझने और अपने इतिहास में सबसे बुरे लोकतांत्रिक उथल-पुथल को झेलने वाले श्रीलंका को उसकी क्रिकेट टीम जश्न मनाने का कुछ मौका दे सकती है लेकिन इसके लिए उसे रविवार को यहां एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान की मजबूत टीम को हराना होगा। श्रीलंका एक तरह से एशिया कप का मेजबान है लेकिन सुरक्षा कारणों से वह इसका आयोजन अपने देश में नहीं कर पाया और इसलिए संयुक्त अरब अमीरात को इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का मौका मिला। दासुन शनाका की अगुवाई वाली टीम यदि अपने घरेलू मैदान पर फाइनल खेल रही होती तो उसके लिए यह सुखद क्षण होता लेकिन सुपर चार में उसके प्रदर्शन को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम के लिए चुनौती किसी भी तरह से आसान नहीं होगी। चाहे वह एशियाई क्रिकेट परिषद हो या फिर दुबई के दर्शक, सभी चाहते थे कि फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच हो लेकिन श्रीलंका ने बेहतरीन प्रदर्शन करके उनके सारे समीकरण बिगाड़ दिए। केवल यही नहीं उसने शुक्रवार को फाइनल के अपने प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ सुपर चार के अंतिम मैच में आसान जीत दर्ज की। इससे उसकी टीम फाइनल में बढ़े मनोबल के साथ उतरेगी। लेकिन दुबई में पाकिस्तान को दर्शकों का अपार समर्थन मिलने की संभावना है और ऐसे में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद नवाज और नसीम शाह जैसे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। पाकिस्तान के सामने श्रीलंका की ऐसी टीम होगी जो अपनी क्रिकेट को पुनर्जीवित करने की कवायद में लगी है। वह एक ऐसे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ना चाहती है जिसमें वह 2014 में विश्व चैंपियन बनी थी। श्रीलंका की क्रिकेट को पिछले कुछ समय से खराब चयन और बोर्ड के अंदर की राजनीति से जूझना पड़ा लेकिन अब उसके खिलाड़ियों ने टी20 क्रिकेट में अपना रवैया बदल दिया है और उसमें आक्रामकता जोड़ दी है। दुशमंत चमीरा जैसे अनुभवी गेंदबाज की अनुपस्थिति के बावजूद श्रीलंका का आक्रमण मजबूत नजर आता है जबकि बल्लेबाजी में उसके पास कुसाल मेंडिस और पाथुम निसांका दो शानदार सलामी बल्लेबाज हैं। दनुष्का गुणतिलका, भानुका राजपक्षे, शनाका और चमकाल्ने करुणारत्ने ने भी उपयोगी योगदान दिया है। एशिया कप के पांच मैचों में अब तक श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 28 छक्के और 62 चौके लगाए हैं जिससे उनके आक्रामक रवैए का पता चलता है। गेंदबाजी में महेश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा ने स्पिन विभाग को बखूबी संभाला है, जबकि दिलशान मधुशंका ने मुख्य तेज गेंदबाज की जिम्मेदारी काफी सराहनीय रूप से निभाई है। इसके विपरीत पाकिस्तान अपने कप्तान और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बाबर की फॉर्म को लेकर चिंतित है जिन्होंने अब तक पांच मैचों में केवल 63 रन बनाए हैं। वह फाइनल में निश्चित तौर पर बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। गेंदबाजी अभी पाकिस्तान का मजबूत पक्ष नजर आता है। नसीम शाह के खेल में लगातार सुधार हो रहा है जबकि हारिस रऊफ़ और मोहम्मद हसनैन भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

**टीम :श्रीलंकाः दासुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणतिलका, पाथुम निसांका, कुसाल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश तीक्षणा, जेफ्री वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान पथिराना, नुवानीडु फर्नांडो और दिनेश चांदीमल।**
**पाकिस्तानः बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फख्र जमां, हैदर अली, हारिस रऊफ़, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर, मोहम्मद हसनैन, हसन अली।**
**मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर खेला जाएगा।**

## अंकिता, करमन के सामने शुरुआती दौर में वरीयता प्राप्त खिलाडियों की चुनौती

चेन्नई। भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता रैना सोमवार से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में विश्व रैंकिंग में 85वें स्थान पर काबिज जर्मनी की चौथी वरीयता प्राप्त ततयाना मारिया से भिड़ेंगी। विश्व रैंकिंग में 139 वें स्थान पर काबिज रैना और रैंकिंग के मामले में देश की दूसरी शीर्ष खिलाड़ी करमन कौर थांडी को वाइल्ड कार्ड से मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। विश्व रैंकिंग में 365वें स्थान पर काबिज करमन के सामने पहले दौर में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त क्लो पेक्वेट (विश्व रैंकिंग 111) की चुनौती होगी।

### चेन्नई ओपन क्वालीफाइंग ड्रॉ में भारत की चुनौती पहले दौर में खत्म

**चेन्नई।** डब्ल्यूटीए चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग ड्रॉ में पांचों भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत का कोई भी खिलाड़ी एक भी सेट नहीं जीत सका। जापान के युकी नैतो ने 16 वर्ष के लक्ष्मीप्रभा अरूणकुमार को 6-4, 6-1 से हराया और अब ओलिविया टी से खेलेंगे जिन्होंने दसवीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना काजियोनोवा को 6-3, 6-। से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त जापान के नाओ हिबिनो ने भारत के साइ चामार्थी को 6-1, 6-0 से हराया। भारत की रूतुजा भोसले , रिया भाटिया और सौजन्या बाविसेट्टी भी एकतरफा मुकाबले हार गई।

# कोहली कौशल के मामले में मुझ से बेहतरः गांगुली



भाषा। नई दिल्ली

**एशिया कप** में शानदार शतक के साथ लय में वापसी करने वाले विराट कोहली की भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने तारीफ करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज एक खिलाड़ी के रूप में उनसे अधिक कुशल है। कप्तान के तौर पर दोनों को आक्रामक शैली की क्रिकेट के लिए जाना जाता था लेकिन गांगुली के मुताबक कौशल के मामले में कोहली उनसे बेहतर है। गांगुली ने यू-ट्यूब पर रणवीर शो में कोहली के बारे में कहा, मुझे नहीं लगता कि (कप्तान) तुलना होनी चाहिए। तुलना एक खिलाड़ी के तौर पर कौशल के मामले में होनी चाहिए। मुझे लगता है कि वह मुझसे ज्यादा कुशल है। गांगुली ने कहा, हम अलग-अलग दौर में खेले और हमने काफी क्रिकेट खेली। मैं अपनी पीढ़ी में खेला, और वह अभी खेलना जारी रखेगा, शायद मुझसे ज्यादा खेल खेलेगा। मैंने कोहली के मुकाबले ज्यादा क्रिकेट खेला है लेकिन इस मामले में वह मुझ से आगे निकलेगा। वह कमाल का खिलाड़ी है। गांगुली ने कहा कि क्रिकेट कैलेंडर काफी व्यस्त हो गया है और कोरोना वायरस महामारी के कारण पृथवास जैसी चीजों से पिछले दो सत्र काफी मुश्किल रहे। गांगुली से जब पूछा गया कि कोहली जब संघर्ष कर रहे थे तब क्या उन्होंने कोई सलाह दी थी। गांगुली ने कहा, वे (टीम) बहुत यात्रा करते है, मुझे उनसे मिलने का समय नहीं मिलता। हर किसी के प्रदर्शन पर मीडिया की नजर रहती है। समय के साथ खिलाड़ियों के नाम बदलते रहते है। मुझे हालांकि इसका पता नहीं रहता है कि मीडिया में किसकी बात चल रही है क्योंकि होटल में पहुंचने के बाद मैं सबसे पहले रिसेप्शन पर कहता हूं कि मुझे अखबार नहीं चाहिए। अपने क्रिकेट करियर के दौरान कोच ग्रेग चैपल से विवाद सहित कई उतार-चढ़ाव देखने वाले गांगुली ने कहा कि क्रिकेटरों को अपने खराब प्रदर्शन को भी सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए। मैं किसी मानसिक परेशानी से नहीं गुजरा। मेरे लिए अच्छे और बुरे दोनों तरह के समय रहे। मैंने बिना दबाव, कम दबाव और अधिक दबाव में खेल का लुत्फ उठाया है। मैं इसे गलत नहीं मानता हूं।

## अंडर 17 महिला विश्व कप : पटनायक ने मेजबान शहर का लोगो जारी किया



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप के मेजबान शहर का आधिकारिक लोगो जारी किया। भुवनेश्वर तीन मेजबान शहरो मे से है। टूर्नामेंट 11 से 30 अक्टूबर के बीच ओडिशा, गोवा और महाराष्ट्र में खेला जाएगा। भारत मे होने वाला यह पहला फीफा टूर्नामेंट है। इस मौके पर पटनायक ने कहा , ओडिशा खेल का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की मेजबानी प्रदेश के लिए बड़ा मौका है। हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ युवा महिला फुटबॉलरों की मेजबानी करके रोमांचित है।

### इन्फेंटिनो, चौबे ने भारत में बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर, महिला फुटबॉल विकास पर चर्चा की

**दोहा।** फीफा (वैश्विक फुटबॉल संचालन संस्था) प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ भारत मे बुनियादी ढांचे, जमीनी स्तर के साथ पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल विकास पर चर्चा की है। फीफा से जारी बयान के मुताबिक इन्फेंटिनो ने चौबे को एआईएफएफ के अध्यक्ष के रूप में हाल ही मे चुने जाने पर व्यक्तिगत रूप से बधाई देने के लिए बैठक की।

## रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीज़न-2 की शुरुआत आज

**कानपुर।** आईपीएल के बाद भारत में दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ एडिशन 2 आज कानपुर में होगा, जो इंडियन लीजेंड्स और साउथ अफ्रीका लीजेंड्स के बीच होना है। टूर्नामेंट में सचिन तेंदुलकर इंडियन लीजेंड्स के लिए मैदान में उतरेंगे। सचिन तेंदुलकर युवराज सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना, यूसुफपठान और हरभजन सिंह के साथ भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका लीजेंड्स टीम जोंटी रोड्स को एल्विरो पीटरसन, एंड्रयू पुटिक, एडी ली और गार्नेट क्रूगर जैसे लीजेंड्स के साथ कैप्टन के रूप में देखेगी। कानपुर में ब्रायन लारा, इयान बेल, अब्दुर रज्जाक, तिलकरत्ने दिलशान, सनथ जयसूर्या, डेरेन पॉवेल, शेन वॉटसन, ब्रेट ली, रॉस टेलर और कई अन्य लीजेंड्स भी शामिल होंगे।

## सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज से जुड़ा सिएट

**मुंबई।** भारत में टायरों का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी सिएट लिमिटेड अब आधिकारिक तौर पर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ 2022 के दूसरे संस्करण के लिए नया स्ट्रैटेजिक टाइमआउट पार्टनर बन गया है। सिएट का भारतीय क्रिकेट से रिश्ता काफी पुराना है। सिएट क्रिकेट जगत के कई दिग्गज खिलाड़ियों का बैट स्पॉन्सर और महिला क्रिकेट मुकाबलों के लिए स्ट्रेटेजिक टाइम आउट पार्टनर होने के साथ-साथ साल 2015 से इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक टाइमआउट पार्टनर भी है। सिएट अपने सभी भागीदारों को भेजे जाने वाले हर संदेश में हमेशा सड़क सुरक्षा का प्रचार करता है और दिखाता है कि इसके अलग-अलग सेगमेंट के विभिन्न उत्पाद किस तरह इसके टायरों को अधिक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाते हैंए जो भारतीय सड़कों की स्थिति के लिए उपयुक्त हैं। इस मौके पर अर्नब बनर्जीचीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सिएट टायर्स लिमिटेड ने कहा कि आवागमन को हर दिन सुरक्षित और स्मार्ट बनाना ही हमेशा से सिएट का मिशन रहा है, साथ ही अलग-अलग फॉर्मेट के क्रि केट से भी हमारा नाता काफी पुराना है।

## युवराज सिंह संधू ने जेके ओपन गोल्फ जीता

**जम्मू।** चंडीगढ के युवराज सिंह संधू ने 40 लाख रुपए ईनामी राशि का जे एंड के ओपन गोल्फ टूर्नामेंट सात शॉट के अंतर से जीत लिया। संधू कल चार शॉट की बढत बनाए हुए थे। उन्होंने आखिरी दौर मे एक अंडर 71 का स्कोर किया और कुल स्कोर 13 अंडर 275 रहा।

## संधू संयुक्त 31वें स्थान पर फिसले

**नारा (जापान)।** भारतीय गोल्फर अजितेष संधू सिनहैन डोगहेई ओपन के तीसरे दिन शनिवार को एक अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 31वें पायदान पर पहुंच गए। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर था।

## अदिति संयुक्त 15वें स्थान पर

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां क्रोगर क्वीन चैम्पियनशिप के दूसरे दौर मे दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 15वे स्थान पर है। अदिति ने पहले दौर मे चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था और तब उन्होने एक भी बोगी नही की थी। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर है।

# अल्काराज और रूड में होगा फाइनल

## ● अमेरिकी ओपन

भाषा। न्यूयॉर्क

**स्पेन के** कार्लोस अल्काराज ने पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना नार्वे के कैस्पर रूड से होगा। टियाफो ने कई सहज गलतियां की जिसका तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने पूरा फायदा उठाया और फ्लशिंग मीडोज में शुक्रवार की रात को 6-7 (6), 6-3, 6-।, 6-7 (5), 6-3 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत से अल्काराज़ 19 वर्ष की उम्र में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बनने की राह पर हैं लेकिन इसके लिए उन्हें रूड की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जो स्वयं खिताब जीतने पर विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। विश्व में सातवें नंबर के रूड ने पहले सेट में 55 शॉट तक चला पॉइंट जीतकर अपनी लय बरकरार रखी और सेमीफाइनल में रूस के करेन खाचानोव को 7-6 (5), 6-2, 5-7, 6-2 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। नार्वे के 23 वर्षीय रूड ने वर्ष में दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। वह जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में राफेल नडाल से हार गए थे। रूड ने कहा, रोला गैरां के बाद मैं वास्तव में बहुत खुश था लेकिन साथ ही यह भी सोच रहा था कि यह मेरे कैरियर का एकमात्र ग्रैंड स्लैम फाइनल भी हो सकता है। अल्काराज को क्वार्टर फाइनल में भी पांच सेट तक जूझना पड़ा था लेकिन उनमें थकान के कोई लक्षण नहीं थे। उन्होंने टियाफो के खिलाफ महत्वपूर्ण अवसरों पर अंक बटोरे और अमेरिकी दर्शकों को निराश किया। उन्होंने बाद में कहा, आपको कोर्ट पर अपना सब कुछ झोंक देना पड़ता है। फ्रांसिस ने भी अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चारों खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में इस मुकाम पर पहुंचे थे। इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में इस बार पुरुष एकल में नया चैंपियन सामने आएगा।





### सैलिसबरी-राजीव राम को पुरुष युगल खिताब

**न्यूयॉर्क,।** ब्रिटेन के जो सैलिसबरी और अमेरिका के राजीव राम की जोड़ी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट मे पुरुष युगल का खिताब जीता। सैलिसबरी और राम ने वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूप्स्की को 7-6 (4) 7-5 से पराजित किया। यह पेशेवर युग मे केवल दूसरा अवसर है जबकि कोई जोड़ी अमेरिकी ओपन में पुरुष युगल का अपना खिताब बरकरार रखने मे सफल रही। सैलिसबरी ने विजई शॉट जमाने के बाद हाथ हवा मे लहराए और फिर अपने साथी राम को गले लगा दिया। यह खुलकर जश्न मनाने का समय नही है क्योंकि स्वदेश मे सभी दुख मे है। निश्चित तौर पर हम इस सफलता से खुश है लेकिन यह इसके साथ ही दुखद समय भी है। सैलिसबरी ने इस जीत से सुनिश्चित किया कि वह युगल रैंकिंग मे नंबर एक खिलाड़ी बने रहेंगे। इस जीत से सैलिसबरी और राम की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के टॉड वुडब्रिज और मार्क वुडफोर्ड के रिकॉर्ड की बराबरी की जो ओपन युग में अमेरिकी ओपन मे अपने खिताब का बचाव करने वाली इससे पहले एकमात्र जोड़ी थी। वुडब्रिज और वुडफोर्ड ने 1995 और 1996 मे लगातार दो साल फ्लशिंग मीडोज पर खिताब जीते थे।

### मालदीव को 9-0 से हराकर भारत सैफ महिला चैंपियनशिप के सेमीफाइनल

काठमांडू। अंजू तमांग के चार और डांगमेई ग्रेस के दो गोल के दम पर भारत ने शनिवार को यहां दशरथ स्टेडियम में आयोजित सैफ महिला चैम्पियनशिप में मालदीव के खिलाफ 9-0 की बड़ी जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारत के अब दो मैचों से छह अंक हो गए हैं। टीम ने इससे पहले सोमवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 3-0 से हराया था। तमांग ने मैच के 24वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोला। उन्होंने मध्यांतर से पहले अपना दूसरा गोल किया जबकि दो अन्य गोल 85वें और 88वें मिनट में दागे। डांगमेई ने 53वें और 86वें मिनट में गोलकर टीम की बढ़त को मजबूत की। प्रियंगका देवी (42वें), सौम्या गुगुलोथ (55वें) और काशमीना (84वें) टीम के अन्य गोल स्कोरर रहे। सेमीफाइनल से पहले भारत को ग्रुप चरण में बांग्लादेश के खिलाफ 13 सितंबर को एक और मैच खेलना है।

### ओडिशा एफसी को हराकर बेंगलुरु एफसी लगातार चौथी बार डूरंड कप के सेमीफाइनल में

कोलकाता। बेंगलुरु एफसी ने अतिरिक्त समय तक चले डुरंड कप फुटबॉल मैच में 10 खिलाड़ियों के

# ढुल की शतकीय पारी से उत्तर क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र पर बढ़त कायम की

## ● दलीप ट्रॉफी

भाष। पुदुचेरी



**युवा प्रतिभाशाली** बल्लेबाज यश ढुल ने दलीप ट्रॉफी के अपने पहले मैच में 193 रन की शानदार पारी खेली जिससे उत्तर क्षेत्र ने क्वार्टर फाइनल में पूर्व क्षेत्र के खिलाफ शनिवार को यहां खेल के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 433 रन बनाकर बड़ी बढ़त कायम करने कर ओर कदम बढ़ा दिए। अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान ढुल ने 236 गेंद की पारी में 28 चौके और दो छक्के जड़े। उनकी इस शानदार पारी से उत्तर क्षेत्र ने पहली पारी में 36 रन की बढ़त कायम कर ली है और उसके सात विकेट बचे हुए है। ढुल ने अपने अपने रणजी करियर का आगाज भी इसी तरह से किया था। उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ अपने पदार्पण मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ा था। उन्होंने एक बार से अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व क्षेत्र के गेंदबाजों के खिलाफ कई आकर्षक शॉट लगाए। इस 19 साल के खिलाड़ी ने 131 गेंद में 15 चौके की मदद से अपना शतक पूरा किया तब टीम का स्कोर एक विकेट पर 174 रन था। शतक पूरा करने के बाद उन्होंने और तेजी से रन बनाए। दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 65 रन से करने के बाद ढुल और मनन वोहरा (44) ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। इस साझेदारी को शाहबाज नदीम (एक विकेट पर 107 रन) ने तोड़ा। ढुल ने इसके बाद ध्रुव शोरे (81 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 192 रन की शानदार साझेदारी की। ढुल को मणिशंकर मुरा सिंह जबकि शोरे को आकाश दीप ने बोल्ड किया।

# वनडे को अलविदा कहेंगे फिंच



भाषा। केयर्न्स (ऑस्ट्रेलिया)

**ऑस्ट्रेलिया के** कप्तान आरोन फिंच ने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। पैंतीस वर्षीय फिंच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने जून में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 62 रन बनाने के बाद केवल 3.7 रन प्रति पारी की औसत से रन बनाए हैं। इनमें से तीन पारियों में वह खाता खोलने में भी नाकाम रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा की फिंच टी20 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बने रहेंगे और टीम उनकी अगुवाई में ही अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेगी। अपने करियर में कुल 145 वनडे खेलने वाले फिंच ने कहा, यह शानदार सफर रहा जिसमें कुछ बहुत अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं भाग्यशाली रहा जो मैं एक बेहतरीन वनडे टीम का हिस्सा रहा। उन्होंने कहा, अब समय नए कप्तान को जिम्मेदारी सौंपने का है ताकि वह टीम को अगले विश्वकप के लिए तैयार कर सके। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस सफर में मेरी मदद की। क्रिकेट जगत के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में से एक फिंच ने वनडे में 5401 रन बनाए और उनका औसत लगभग 40 रन प्रति पारी रहा। उन्होंने इस प्रारूप में 17 शतक भी जमाए। उन्होंने 54 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। फिंच के इस फैसले के बाद ऑस्ट्रेलिया को अगले साल भारत में होने वाले विश्वकप से पूर्व नया कप्तान तलाशना होगा। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह वनडे टीम की अगुवाई नहीं करना चाहते हैं। फिंच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में कहा, अब से लगभग 12 महीने बाद 50 ओवरों का विश्वकप खेला जाना है और इसे देखते हुए मुझे लगा कि यह संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने कहा, मैं टी20 विश्व कप के बाद इंग्लैंड के खिलाफ एक और श्रृंखला में खेलने का प्रयास कर सकता था और ऐसे में मेरे पास ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर संन्यास लेने का मौका होता लेकिन मेरी कभी केवल अपने हितों पर ध्यान देने की शैली नहीं रही। ऑस्ट्रेलिया पहले दोनों मैच जीतकर न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीत चुका है लेकिन वार रविवार को फिंच को यादगार विदाई देना चाहेगा। इस बीच अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए रविवार के मैच से पहले टीम छोड़ने की अनुमति दे दी गई है। मार्कस स्टोइनिस मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। नाथन एलिस टीम से जुड़ेंगे।

## रॉबिनसन के पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 118 रन पर सिमटी

**लंदन।** ओली रॉबिनसन (49 रन पर पांच विकेट) और स्टुअर्ट ब्रॉड (41 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 36.2 ओवर में 118 रन पर समेट दी। पहले दिन (गुरुवार) का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे दिन (शुक्रवार) का खेल महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दिवंगत रानी के सम्मान में काली पट्टी बांधी और मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा। तीन मैचों की श्रृंखला अभी।-। की बराबरी पर है।

## चोटिल बोपन्ना नॉर्वे के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटे

**नई दिल्ली।** दिग्गज युगल विशेषज्ञ रोहन बोपन्ना घुटने की चोट के कारण नॉर्वे के खिलाफ भारत के आगामी डेविस कप टेनिस मुकाबले से हट गए। भारत 16 और 17 सितंबर को नॉर्वे में डेविस कप के मुकाबले खेलेगा। टीम के अन्य सदस्य सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन, प्रजनेश गुणेश्वरन, युकी भांबरी और मुकुंद शशिकुमार हैं। बोपन्ना ने ट्विटर पर लिखा, देश के प्रतिनिधित्व को लेकर मेरे निरंतर प्रेम और समर्पण के बीच इस सप्ताह मुझे नॉर्वे के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से हटने का मुश्किल फैसला करना पड़ा। मेरे घुटने में सूजन है और मुझे फिर से प्रतिस्पर्धा शुरू करने से पहले आराम करने की सलाह दी गई है।

# सर्विसेज, राजस्थान, रेलवे व चंडीगढ़ सेमीफाइनल में

## ● 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल

## ● राजस्थान से हार के साथ उप्र का सफर खत्म

**लखनऊ।** पिछली विजेता सर्विसेज, उपविजेता राजस्थान सहित रेलवे व चंडीगढ़ ने शानदार प्रदर्शन के सहारे 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी ओर मेजबान उत्तर प्रदेश का सफर रोमांचक क्वार्टर फाइनल में राजस्थान के हाथों हार के साथ समाप्त हो गया। क्वार्टर फाइनल में पिछली उपविजेता राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 24-20 गोल से हराया। मैच में उत्तर प्रदेश को घरेलू दर्शकों का समर्थन भी हासिल था लेकिन राजस्थान के अनुभवी खिलाड़ियों के आगे उनकी एक न चली। राजस्थान ने मध्यांतर तक 15.9 की बढ़त बना ली थी। राजस्थान से भूषण ने सर्वाधिक आठ गोल दागे। उनका साथ देते हुए विकास ने सात गोल किए। सुखवीर ने तीन जबकि सुमित व खुदिया ने दो-दो गोल किए। उत्तर प्रदेश से संचित ने सर्वाधिक 6 गोल किए। अरुण कुमार ने तीन जबकि गुरप्रीतए अंकित चौधरीए अविनाश कुमार व अविनाश राठौर ने दो-दो गोल किए। इससे पूर्व खेले गए पहले क्वार्टर फाइनल में सर्विसेज की टीम ने बिहार को 29-13 गोल से हराया। यह मैच मध्यांतर तक एकतरफा रहा जिसमें सर्विसेज ने 23-9 की बढ़त बना ली थी। मध्यांतर के बाद कुछ संघर्ष देखने को मिला हालांकि सर्विसेज के खिलाड़ियो ने तालमेल भरे खेल के सहारे मैच का रूख अपने पक्ष में मोड़ लिया। सर्विसेज से दीपक ने सर्वाधिक सात गोल दागे। उनके बाद सुजाउर ने चार गोल किए। रॉबिन को तीन जबकि अर्जुनए तरुणए अशोक नैनए मिंटू सरदार को दो.दो गोल करने में सफलता हासिल की। बिहार से तौसीफ ने सर्वाधिक पांचए राहुल ने चार व शिवा ने तीन गोल किए। दूसरे क्वार्टर फाइनल में रेलवे ने पंजाब को 21-16 गोल से हराया। मैच में रेलवे की टीम 9-7 गोल से हागे थी। रेलवे से नंदकिशोर ने 6, शुभम ने पांच जबकि अंकित ने चार गोल किए। पंजाब से हरजिंदर सिंह ने 6 और करमजीत सिंहए हरदेव सिंह व रंजीत ने दो.दो गोल किए। तीसरे क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ ने दमन.दीव को 30.28 गोल से हराया। चंडीगढ़ से दीपक ने सर्वाधिक 11 गोल किए। हरिंदर ने 6, अरुण ने पांचए आशीष ने 4 व जगमोहन ने तीन गोल किए। दमन दीव से नवीन ने आठए हेनरी व अंकित ने चार.चार व बलराम ने दो गोल दागे। आज क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ आज के मैचों के मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा.तेजराज सिंह के साथ हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और राम मनोहर लाल अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा.मनोज दीक्षित ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।



यूपी व राजस्थान के खिलाड़ी

## प्रदेश के हर जिले में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम :सहगल

### लखनऊ में मेन्स टेनिस टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



**लखनऊ।** जल्द ही उत्तर प्रदेश के हर जिले में अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त स्टेडियम का सपना साकार होगा। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार इस दिशा में तेजी से कम कर रही है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने आज उम्बड टेनिस एकेडमी लखनऊ में उमदे ओपन एक लाख टेनिस टूर्नामेंट का भव्य शुभारंम्भ करते हुए दी सात दिन तक चलने वाले इस टेनिस टूर्नामेंट में देश भर के 84 रास्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। इनमें आल इंडिया रैंक 9,15 ,36 खिलाड़ी समेत विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ी शामिल हैं।